
आषाढ़ कृष्ण पक्ष षष्ठी 02:46 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
मंगलवार, 17 जून 2025
वर्ष 6, अंक 207, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



तमिलनाडु के एडीजीपी अपहरण केस में गिरफ्तार 12
सत्ता की मदहोशी से बचें : राजनाथ 10




We Make DOCTORS & ENGINEERS

Mohd. Kalimuddin M.D.

OMEGA CLASSES

Founder- Mo. Alimuddin



टीचर्स के साथ खुशी मनाते ओमेगा क्लासेज के सफल छात्र-छात्रायें

STUDENT SELECTED IN NEET (MBBS)- 2025



ZUBIA MALIK NEET-2025 | MARKS- 608



CHITRA SINGH NEET-2025 | MARKS- 536



LUCKY FAISAL KHAN NEET-2025 | MARKS- 554



RUMAN MALIK NEET-2025 | MARKS- 545




VISHAL BABU NEET-2025 | RANK - 3518



KASHISH NOOR NEET-2025 | MARKS-536

OUR STAFF PERFORMERS OF NEET-UG 2025

Marks-608 ZUBAIR MALIK जाग्रतिनगर, बरेली
Marks-554 LUCKY FAISAL KHAN नकटिया, बरेली
Marks-547 MOHD FAIZAN लखनऊ
Marks-545 RUMAN MALIK अलसिया बोझ, बहेड़ी, बरेली
Marks-536 CHITRA SINGH बरेली
Marks-536 AMIR SOHIL
Marks-536 KASHISH NOOR उमरिया, बरेली
Marks-538 KAMAL SHARMA मुजफ्फरनगर
Marks-535 DHARMENDRA KUMAR सरखड़ा केसरपुर, बरेली
Marks-532 MOHD MAAZ साबरी एनक्लेव, बरेली
Marks-527 ZIBRAN बानखाना, बरेली
Marks-522 SATVIKA TRIVEDI महानगर, बरेली
Marks-516 ZEBA KHAN सनसिटी, बरेली
Marks-514 KRISHNA VARSHNEY बदायूं
Rank - 3518 (Cat.) VISHAL BABU नगरिया खुर्द, शेरगढ़, बरेली
NARENDRA MAURYA पसतौर, सी.बी.गंज, बरेली
RAJAT KUMAR फरीदपुर, बरेली

SPECIAL BATCHES FOR NEET-2026
FOR FRESHER & REPEATER STUDENTS
STARTING FROM 21 JUNE & 28 JUNE
SCHOLARSHIP UP TO 100%

NEET-2026 के लिये Test Series 27 जून से शुरू हो रही है।
हमारे यहां 20 छात्रों ने 501 से 514 तक मार्क्स प्राप्त करें है।

हिन्दी माध्यम के छात्रों के लिए अलग बैच की सुविधा उपलब्ध | HOSTEL AND VAN FACILITY AVAILABLE

HEAD OFFICE: K.K. HOSPITAL ROAD, RAJENDRA NAGAR, BAREILLY
CONTACT US: 9628282045, 8449275786

### आज का मौसम

बादल छाए रहने या बारिश के आसार।

31.0° अधिकतम तापमान | 23.0° न्यूनतम तापमान

### शहर में आज

- प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप की सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक सुबह 11 बजे।
- मत्स्य विभाग के कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद मछुआ समाज के प्रबुद्ध सम्मेलन में रुहेलखंड विश्वविद्यालय के अटल सभागार में सुबह 10 बजे।
- जीआईसी स्मार्ट सिटी ऑडिटोरियम में सामाजिक अधिकारिता शिविर समारोह में कैबिनेट राज्य मंत्री बीएल वर्मा और प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप दोपहर 12 बजे।
- मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में श्री राम कथा शाम 8 बजे से।



तेज बारिश से शहर के पॉश इलाके जलमग्न हो गए। मॉडल टाउन में हरि मंदिर के पास भीषण जलभराव हो गया। ● अमृत विचार



सुभाषनगर में कालीचरण मार्ग पर घुटने से ऊपर तक भरे पानी से गुजरते लोग। ● अमृत विचार

# आफत की बारिश: जनजीवन अस्त-व्यस्त, सैकड़ों घरों में घुसा पानी, सरकारी दफ्तर भी हुए लबालब

## स्मार्ट सिटी का ड्रेनेज सिस्टम धड़ाम, लाखों की आबादी जलभराव से सुबह से दोपहर तक रही परेशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर में सोमवार तड़के बिजली की गरजना के साथ करीब दो घंटे तक हुई झमाझम बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। स्मार्ट सिटी में सरकारी दफ्तरों से लेकर सड़कों पर जलभराव हो गया। सैकड़ों घरों और दुकानों में पानी घुसने से सामान खराब हो गया। करीब सात लाख से ज्यादा आबादी ने जलभराव की दिक्कत झेली। दोपहर तक कई जगहों पर पंप लगाकर नगर निगम पानी निकलवाने में जुटा रहा।

तड़के करीब तीन बजे शुरू हुई बारिश के बाद कई इलाकों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है। शहर के 80 वार्डों में शायद ही कोई ऐसा मोहल्ला या सड़क हो, जहां जलभराव से लोगों को मुश्किलें न हुई हों। कई निचले इलाकों में लोगों के घरों-दुकानों में भी पानी घुसने से उनका बाहर निकलना भी दूभर हो गया है। बारिश अधिक होने के कारण नालों के उफनाने और सीवर लाइन के ब्लॉक होने से जल निकासी व्यवस्था की हवा निकल गई।

**सुबह आंख खुली तो डूबी मिली मोहल्ले की सड़क :** नगर निगम से चंद कदमों की दूरी पर स्मार्ट सिटी के मोहल्ला सिकलापुर में स्थित फर्नीचर मंडी में बारिश का पानी भर गया। कुछ ही देर में नाले और सीवर लाइन ओवरफ्लो होने से फर्नीचर के कई शोरूमों में पानी भर गया। यहां करीब पचास से अधिक घरों में पानी की घुसने लोगों के लाखों रुपये का सामान खराब हो गया। शहामतगंज, कालीबाड़ी सहित अन्य जगहों पर दुकानों में पानी घुसने से सामान खराब हो गया। सुभाषनगर रोड और पुलिया के पास बारिश के बाद सड़क पूरी तरह जलमग्न हो गई। लोगों को आफिस और बाजार जाने के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ा। बच्चे और बुजुर्ग जलभराव की वजह से घरों से बाहर नहीं निकले।



गांधी नगर में घरों के अंदर तक घुस गया पानी। ● अमृत विचार



घर में भरा पानी निकालता युवक।



मंदिर परिसर में भी भरा पानी।

### शहर के इन मोहल्लों में जलभराव से लोगों ने ज्यादा दिक्कतें झेलीं

जखीरा, मलूकपुर, जकाती, कटरा मानराय, कांकरटोला, सूफी टोला, रोहलीटोला, बानखाना, आजमनगर, घेर जाफर खां, रबड़ी टोला, काजी टोला, कुरैश नगर, सिविल लाइंस, रामपुर बाग, मॉडल टाउन, डीडीपुरम, राजेंद्र नगर, सैलानी, बजरिया इनायत गंज, मीरा की पैठ, सतीपुर, जसौली, जखीरा, बिहारीपुर, मलूकपुर, फाइक इंकलेव, पशुपति नाथ मंदिर रोड, सनराइज कालोनी आदि जगहों पर लोगों को जलभराव से जूझना पड़ा। आकाशपुरम्, जगतपुर, मुंशीनगर, दुर्गानगर, गणेश नगर, जसौली, मलूकपुर, संजय नगर, हजियापुर, आशुतोष सिटी आदि जगहों पर पूरे दिन सड़क पर पानी भरा रहा। डीडीपुरम, पुराना शहर के घरों में पानी घुसने के कारण लोग बाल्टी आदि से पानी निकालने में जुटे रहे।

### सुरेश शर्मा नगर और संजय नगर के संपवेल पंप बंद रहे

सुरेश शर्मा नगर, संजय नगर स्थित संपवेल पंप की बिजली गुल होने से जल निकासी भी ठप हो गई। इसके कारण आसपास के इलाकों का पानी संपवेल तक नहीं पहुंचा। हजारों घरों को पानी का इंतजार करने के लिए दोपहर तक परेशान होना पड़ा।

### सरकारी ऑफिस परिसर में जलभराव

बारिश के कारण कई सरकारी दफ्तरों के परिसर में जलभराव होने के कारण काम काज प्रभावित हुआ। कलेक्ट्रेट, नगर निगम, जिला विद्यालय निरीक्षक, उद्योग विभाग, एसएसपी आफिस, डूडा, विकास भवन रोड आदि जगहों पर पानी लगने के कारण कार्यालयों में आने जाने वाले कर्मचारियों और लोगों को दिक्कतें झेलनी पड़ी।











मुख्य वन संरक्षक कार्यालय में जलभराव।



संजय कम्युनिटी हॉल का हाल।





## बाढ़ से निपटने के लिए 49 चौकियां बनाईं

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में बाढ़ से निपटने के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित करने के साथ ही 34 राहत केंद्र बनाए गए हैं। इसके अलावा 49 बाढ़ नियंत्रण चौकियां स्थापित की हैं, जहां राजस्व निरीक्षकों, लेखपाल और तहसील के कर्मचारियों की ओर से जल स्तर की निगरानी की जाएगी। छह एल्युमिनियम नाव, चार मोटरबोट और दो एफआरपी बोट की व्यवस्था की है।

कंट्रोल रूम प्रभारी अमित किशोर ने बताया कि रामगंगा, देवहा, बहगुल नदियों के किनारे बसे गांवों को बाढ़ से बचाने के लिए इस बार विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। इसके लिए सहायक अभियंताओं से लेकर अवर अभियंताओं तक की ड्यूटी लगाई गई है। जिले में रामगंगा नदी 75 किलोमीटर की दूरी तय कर रही है। बाढ़ आने के दौरान देवहा, पूर्वी बहगुल, किच्छ, पनघैली, अप्सरा, कैलाश, पश्चिमी बहगुल, भाखड़ा, कुल्ली, दोजोड़ा, पीलाखार, धौरा नदी करीब 200 गांव को अपनी जद में ले सकती हैं। जिले में साल 2010 और 2012 में रामगंगा में बढ़े जलस्तर ने जमकर तबाही मचाई थी।

# बटलर प्लाजा की दुकानों में घुसा पानी, एक करोड़ रुपये से ज्यादा का हुआ नुकसान


कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 150 से अधिक लैपटॉप, सैकड़ों मोबाइल, दर्जनों यूपीएस हुए खराब
- सूचना मिलने पर कैंट विधायक ने सोमवार रात लिया जायजा

**अमृत विचार:** इस बार की बारिश ने बटलर प्लाजा के कंप्यूटर और मोबाइल कारोबारियों का बड़ा नुकसान किया है। सीवर लाइन चोक होने के साथ जलनिकासी की कोई व्यवस्था न होने से ग्राउंड फ्लोर की कंप्यूटर और मोबाइल शॉप में पानी घुस गया। इससे करीब 25 व्यापारियों के 150 से अधिक लैपटॉप, दर्जनों यूपीएस, टीएफटी समेत अन्य कंप्यूटर और मोबाइल की एसेसरीज खराब हो गई। व्यापारियों ने एक करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान होने का दावा किया है।

बारिश की वजह से लैपटॉप खराब होने से नुकसान का बीमा कवर भी नहीं मिलेगा। सोमवार देर शाम कैंट विधायक संजीव अग्रवाल को जानकारी मिली तो वह बटलर प्लाजा पहुंचे और पीड़ित व्यापारियों से नुकसान की जानकारी ली। निरीक्षण कर जलभराव की समस्या देखी। विधायक ने नगर आयुक्त को फोन कर बटलर प्लाजा की चोक नालियों की सफाई कराने के निर्देश दिए। इधर, कंप्यूटर व्यापारी दिलीप केशवानी ने बताया कि पांच बड़े कंप्यूटर व्यापारियों का ज्यादा नुकसान हुआ है।

पवन मदान, नरेंद्र केशवानी, कपिल, इजहार, प्रियांशु गुप्ता, उर्वेश सक्सेना, विशाल आनंद, श्याम कृष्ण आदि व्यापारियों की कंप्यूटर-मोबाइल शॉप में पानी घुस गया। उन्होंने बताया कि अग्नि, चोरी होने से नुकसान की भरपाई बीमा कंपनी से होने की उम्मीद है लेकिन जलभराव से नुकसान की कोई उम्मीद नहीं। इससे व्यापारी ज्यादा परेशान हैं। मोबाइल व्यापारी संदीप मेहरा ने बताया कि सुबह से व्यापारी लैपटॉप, मोबाइल समेत अन्य इलेक्ट्रानिक सामान को गत्तों से निकालकर देखने में लगे रहे।



बटलर प्लाजा में खराब हुए मोबाइल।



सामान खराब होने की विधायक संजीव अग्रवाल को जानकारी देते दुकानदार।



चौपुला से कुतुबखाना को जाने वाले रास्ते पर कई फुट सड़क धंसने से रास्ता हुआ बंद। ● अमृत विचार

### कुछ समय पहले बनी सड़कें और फुटपाथ धंस गए

**बरेली, अमृत विचार :** बारिश के कारण कई जगहों पर सड़क और फुटपाथ धंस गए। जिसके कारण यहां पर बने बड़े गड्ढे जानलेवा हो गए। डेलापीर रोड, डीडीपुरम, दीप माला हॉस्पिटल मार्ग, पटेल चौक, नगर निगम के बाहर वाले मार्ग, सिटी स्टेशन रोड, पुलिस लाइन रोड, संजय नगर, नैनीताल रोड आदि जगहों पर सड़क और फुटपाथ कई जगहों पर धंस गए थे।





# बारिश में बह गए नगर निगम के पांच करोड़ रुपये से नाला सफाई के दावे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 60 प्रमुख नालों की सफाई करा रहा नगर निगम, निरीक्षण में नाला सफाई में मिली थीं कमियां
- इस बार पांच गुना बढ़ाया गया था नाला सफाई का बजट, एजेंसियों की कार्यशैली पर सवाल उठे

**अमृत विचार :** तेज बारिश में नगर निगम के नाला सफाई कराने के दावे और उस पर खर्च होने वाली पांच करोड़ रुपये की रकम दोनों बह गए। हालत यह रही कि जलभराव में निचले इलाकों के संपर्क मार्ग बदहाल और नाले नालियां ओवरफ्लो हो गईं। जबकि निगम के कागजी दावे यह कह रहे कि सभी नालों की सफाई हो गई। इससे फर्म की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जबकि भुगतान के लिए फाइलें पहले ही लग गईं।

पिछले साल करीब 1.10 करोड़ रुपये से नाला सफाई की गई। इस बार पांच करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया। सोमवार तड़के हुई बारिश से अधिकांश वार्डों की सड़कों पर जलभराव हुआ। नाला ओवर फ्लो होने से घरों में गंदा पानी घुस गया। जबकि निगम के विभिन्न वार्डों में 238 छोटे-बड़े नाले हैं। इनमें से 60 नाले प्रमुख हैं। इस बार एजेंसियों को नालों की सफाई के टेंडर दिया है। इसके लिए 30 नालों की सफाई में सात एजेंसियों को करीब ढाई करोड़ के काम दिए गए, अन्य नालों की सफाई आउटसोर्सिंग से कराने की जिम्मेदारी दी गई, पर बारिश ने नाला सफाई की हकीकत खोल दी है। वहीं नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने कुछ दिन पहले निरीक्षण किया था तो कमियां सामने आई थीं। इस कारण एजेंसियों से जवाब-तलब कर सुधार करने को कहा था लेकिन वह चुप्पी साध गई।

### भुगतान के लिए लग गईं फाइलें

नाला सफाई का काम जैसे तैसे करने वाली कुछ फर्मों ने काम पूरा होने का प्रमाण देकर भुगतान के लिए विभाग में फाइलें भी लगा दी हैं। इस बार नाला सफाई का ठेका मैसर्स हिमगिरी इंटरप्राइजेज, कुंवर रतन सिंह कांट्रैक्टर, मैसर्स इम्तियाज अहमद, अविका ट्रेडर्स, एसएस इंफ्राटेक, बाबू अली, मो. शाकिर मियां को दिया गया है।

> नाला सफाई में लापरवाही बरतने वाली एजेंसियों पर कार्रवाई की जाएगी। जिन जगहों पर जलभराव है, वहां पर पानी निकलवाने के लिए पंप लगाए गए हैं। टीम निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार कर रही है।
> 
> –संजीव कुमार मौर्य, नगर आयुक्त

# सिटी से जंक्शन तक रेल लाइन पर पानी भरा, यातायात प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर में सोमवार तड़के हुई तेज बारिश में बरेली सिटी और जंक्शन के बीच रेल लाइन पर जलभराव हो गया। बरेली-कासगंज रेलखंड पर करीब चार फुट तक पानी भरने से रेल यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया है। इस कारण सिटी-जंक्शन के बीच रेल संचालन ठप रहा और कई ट्रेनों को बीच रास्ते में रोकना पड़ा। सिटी स्टेशन के प्लेटफार्म 1 से भी पानी का बहाव शुरू हो गया।

रेलवे सूत्रों के अनुसार सोमवार सुबह जब रेलकर्मी रूट का निरीक्षण कर रहे थे तो बरेली सिटी और जंक्शन के बीच पुल संख्या 165 के पास ट्रैक पर चार फुट तक पानी भरा पाया गया। इस स्थिति में ट्रेनों का संचालन करना असुरक्षित माना गया और तत्काल ट्रेनों को विभिन्न स्टेशनों पर रोकने का निर्णय लिया गया। इसके कारण 55325 कासगंज-बरेली पैसेंजर, 55326 बरेली-कासगंज पैसेंजर, 04321 बरेली-सीतापुर स्पेशल, 04322 सीतापुर-बरेली स्पेशल और 05308 पीलीभीत-बरेली पैसेंजर को रास्ते में खड़ा करना पड़ा। वहीं कुछ ट्रेनों को रद्द भी किया गया है और कई ट्रेनों के समय में फेरबदल किया है।

इसके साथ ही बरेली जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर पांच से चलने वाली एनईआर की जन शताब्दी समेत अन्य छह गाड़ियों को सिटी स्टेशन के ट्रैक पर पानी भरने से जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर दो और तीन से संचालित किया गया। रेलवे प्रशासन ने बताया कि बारिश का पानी जैसे ही कम हुआ वैसे ही ट्रैक की स्थिति का परीक्षण कर ट्रेनों का संचालन शुरू किया गया। ट्रैक पर पानी भरे रहने से सिग्नलिंग सिस्टम भी प्रभावित हुआ।



बरेली सिटी स्टेशन से जंक्शन जाने वाले रेल रूट पर भरा पानी। ● अमृत विचार



जंक्शन पर झरने जैसा गिरा पानी।

### डीआरएम ने मौके का किया निरीक्षण



भारी बारिश के बाद रेलवे यार्ड और लाइनों में जलभराव की शिकायतों पर मुरादाबाद मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) ने सोमवार को राजधानी एक्सप्रेस से बरेली पहुंचकर निरीक्षण किया। बरेली सिटी और जंक्शन के बीच यार्ड क्षेत्र में पानी भरने और ड्रेनेज व्यवस्था के ओवरफ्लो होने की स्थिति देख डीआरएम ने संबंधित विभागों को तत्काल सुधार कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने देखा कि यार्ड में कई स्थानों पर ट्रैक के पास करीब एक से डेढ़ फीट तक पानी जमा है, जिससे ट्रेनों की आवाजाही में बाधा आ रही है। उन्होंने इंजीनियरिंग और सिविल विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि जलनिकासी की व्यवस्था समय रहते दुरुस्त नहीं की गई, जिसके कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई। डीआरएम ने अधिकारियों से कहा कि जल्द पंपिंग सेट लगाकर पानी निकाला जाए और स्थायी समाधान के लिए ड्रेनेज लाइन को दुरुस्त कराया जाए। साथ ही भविष्य में ऐसी स्थिति न हो, इसके लिए बरसात से पहले विशेष सफाई अभियान चलाने का आदेश भी दिया। निरीक्षण के बाद डीआरएम ने यात्रियों की सुविधाओं का भी जायजा लिया।

आषाढ़ कृष्ण पक्ष षष्ठी 02:46 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित


मंगलवार, 17 जून 2025
वर्ष 6, अंक 207, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



खामेनेई परिवार के साथ बंकर में छिपे 12

आपदा प्रबंधन क्षेत्र में अग्रणी बना भारत 10




बरेली में विकास भवन रोड पर अर्बन हाट के सामने हुआ जलभराव। अमृत विचार

# बरेली में आधी रात के बाद झमाझम, घरों में घुसा पानी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** प्री-मानसून में ही बरेली में सोमवार को रिकॉर्ड बारिश हुई। जून में 12 साल बाद एक दिन में 147 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड हुई। मौसम विभाग के आंकड़ों पर गौर करें तो 1908 से अब तक जून में एक दिन में सबसे अधिक बारिश में 16 की बारिश चौथे नंबर पर पहुंच गई।

वहीं आधे घंटे से अधिक समय तक लगातार तेज बिजली चमकने और मेघ गर्जन से लोग डर गए। शहर के लोग बोले ऐसा पहले कभी नहीं देखा। वहीं मौसम विभाग ने 18 जून से मानसून की शुरुआत होने का अनुमान जताया है। मंगलवार को भी प्री मानसून की वजह से बारिश होगी। तेज बारिश में बटलर प्लाजा में दुकानों में पानी भर गया। इससे करीब एक करोड़ रुपये के कंप्यूटर और लैपटॉप खराब हो गए। वहीं शहर के कई इलाकों में घरों में पानी घुस गया। सोमवार तड़के तीन बजे तेज हवा, मेघ गर्जन और बिजली चमकने के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हुई। करीब दो घंटे तक लगातार बारिश हुई। सुबह 11 बजे मौसम खुलने के बाद धूप में तेजी से लोगों को अधिक गर्मी का अहसास हुआ। जिले में अधिकतम तापमान सामान्य से 4.7 डिग्री सेल्सियस कम 32.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.8 डिग्री सेल्सियस कम 22.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बरेली शहर में 147 मिमी बारिश हुई। इसके अलावा आंवला में 90 मिमी, बहेड़ी व नवाबगंज में 6 0 मिमी और मीरगंज में 50 मिमी बारिश हुई।

वहीं प्रदेश में बरेली के बाद सहारनपुर में 120 मिमी, बिजनौर में 90 मिमी, गोंडा में 80 मिमी, खीरी में 70 मिमी, महाराजगंज, बस्ती, सहारनपुर, हाथरस में 60 मिमी और पीलीभीत, कासगंज में 50 मिमी बारिश हुई।

आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 18 जून से मानसून की शुरुआत होगी। इसके चलते प्री मानसून बारिश से मौसम सुहाना रहा। सोमवार को करीब 147 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई।

### बटलर प्लाजा की दुकानों में जलभराव से एक करोड़ के कंप्यूटर और लैपटॉप खराब

#### पांच ट्रेनें रद्द, 13 का मार्ग परिवर्तित



**बरेली।** बरेली जंक्शन और बरेली सिटी रेलवे स्टेशन के बीच भारी जलभराव के कारण रेल यातायात बुरी तरह से प्रभावित हो गया। उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल ने जलभराव होने से पांच ट्रेनों को अस्थायी रूप से रद्द कर दिया। कुछ को बीच मार्ग में समाप्त कर दिया है, जबकि 13 ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित कर संचालन किया जा रहा है। रेलवे प्रशासन के अनुसार 16 जून को पांच ट्रेनों टनकपुर-कासगंज मेला स्पेशल (05452), लालकुआं-काशीपुर पैसेंजर (55309), काशीपुर-लालकुआं पैसेंजर (55310), काशीपुर-रामनगर पैसेंजर (55305) और रामनगर-काशीपुर पैसेंजर (55306) को रद्द किया गया है।

#### बरेली में जून में एक दिन में सबसे अधिक बारिश का रिकॉर्ड

| | |
|---|---|
| 20 जून 1908- | 218.4 मिमी |
| 26 जून 2013- | 193.7 मिमी |
| 20 जून 1975- | 161.9 मिमी |
| 16 जून 2025- | 147.4 मिमी |
| 19 जून 2004- | 133.4 मिमी |
| 27 जून 1955- | 122.4 मिमी |
| 30 जून 2015- | 117.6 मिमी |
| 25 जून 2003- | 111.5 मिमी |
| 14 जून 1993- | 109.0 मिमी |
| 16 जून 1998- | 98.4 मिमी |

## एक नजर

### अब यूपीआई से लेनदेन होगा और तेज

**नई दिल्ली।** यूपीआई के जरिए लेनदेन सोमवार से और तेज होने जा रहे हैं। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने भुगतान के लिए प्रतिक्रिया समय को घटाकर 10 सेकंड कर दिया है। यूपीआई एक तत्काल भुगतान प्रणाली है, जिसे एनपीसीआई ने मोबाइल फोन के जरिए बैंकों के बीच लेनदेन की सुविधा के लिए विकसित किया है। एनपीसीआई के हाल के परिपत्र के अनुसार धन हस्तांतरण, स्थिति जांच और वापसी सहित लेनदेन अब 30 सेकंड के बजाय 10 से 15 सेकंड में पूरे हो जाएंगे।

### अमिताभ कांत ने जी-20 शेरपा पद से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** अमिताभ कांत ने जी20 शेरपा के पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने 45 वर्ष की अपनी सरकारी सेवा के दौरान कई कार्यभार संभाले। केरल कैडर के 1980 बैच के सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी कांत को जुलाई 2022 में भारत का जी20 शेरपा नियुक्त किया गया था। भारत के जी20 की अध्यक्षता संभालने के कुछ महीने पहले उनकी नियुक्ति की गई थी। पेशेवर मंच लिंक्डइन पर 'मेरा नया सफर' शीर्षक के साथ कांत ने लिखा, 45 साल की समर्पित सरकारी सेवा के बाद, मैंने नए अवसरों को अपनाने तथा जीवन में आगे बढ़ने का फैसला किया है।

# यह युद्ध का युग नहीं : मोदी

## पीएम और साइप्रस के राष्ट्रपति ने प. एशिया व यूरोप में चल रहे संघर्षों पर जताई चिंता

निकोसिया, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि उन्होंने और साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने पश्चिम एशिया और यूरोप में चल रहे संघर्षों पर चिंता जताई। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह युद्ध का युग नहीं है। मोदी ने यहां क्रिस्टोडौलिडेस के साथ व्यापक वार्ता के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बातचीत के जरिए समाधान और स्थिरता बहाल करना मानवता की मांग है।

प्रधानमंत्री ने सीमा पार से होने वाले आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में साइप्रस के समर्थन के लिए भी धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री मोदी तीन देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में अभी साइप्रस में हैं। मई में भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर चलाए जाने के बाद यह उनकी पहली विदेश यात्रा है। राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस ने कहा, हमारे बीच ऐतिहासिक मित्रता है और हमारे संबंधों में विश्वास है। उन्होंने 22 अप्रैल के भयावह पहलगाम आतंकी हमले को भी याद किया और कहा कि साइप्रस, भारत के साथ पूरी एकजुटता के साथ खड़ा है। कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में वह भारत के साथ खड़ा है। अपने संबोधन में क्रिस्टोडौलिडेस ने अहमदाबाद में 12 जून को हुए एअर इंडिया विमान हादसे का भी जिक्र किया और कहा कि साइप्रस के लोग दुख की इस घड़ी में भारत के साथ हैं। उन्होंने रक्षा, सुरक्षा, व्यापार, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा, नवीकरणीय ऊर्जा और जलवायु न्याय जैसे क्षेत्रों में सहयोग के बारे में बात की। उन्होंने क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की। बाद में, मोदी ने भारत-साइप्रस संबंधों को बढ़ावा देने के लिए कई मुद्दों पर चर्चा करने के लिए राष्ट्रपति के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारे संबंध न तो परिस्थितियों से बने हैं और न ही सीमित हैं। हम एक-दूसरे की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करते हैं। मोदी ने कहा कि साइप्रस भारतीयों के लिए भी पसंदीदा पर्यटन स्थल है और दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान के लिए प्रयास किए जाएंगे।



साइप्रस में मोदी को सर्वोच्च सम्मान देते राष्ट्रपति निकोस। ● एजेंसी

- द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा के लिए प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान जल्द
- आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में साइप्रस के समर्थन के लिए मोदी ने जताया आभार

### साइप्रस में प्रधानमंत्री मोदी को मिला सर्वोच्च नागरिक सम्मान

**निकोसिया।** प्रधानमंत्री मोदी को सोमवार को साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस तृतीय' से सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री ने पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कहा, साइप्रस से सम्मान प्राप्त करके मैं बहुत कृतज्ञ हूं। मैं इसे हमारे देशों के बीच की मित्रता को समर्पित करता हूं। साइप्रस के राष्ट्रपति ने मोदी को सम्मानित किया। इस सम्मान का नाम साइप्रस के पहले राष्ट्रपति आर्चबिशप मकारियोस तृतीय के नाम पर रखा गया है। मोदी ने 140 करोड़ भारतीयों को यह सम्मान समर्पित किया।

### एफएटीएफ ने हमले की निंदा कर आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने पर दिया जोर

# पहलगाम में हुआ आतंकी हमला बिना फंडिंग के संभव नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक निगरानी संस्था वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए सोमवार को कहा कि उसने अपना ध्यान आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने के लिए विभिन्न देशों द्वारा उठाए गए कदमों की प्रभावशीलता पर केंद्रित किया है। एफएटीएफ ने कहा, आतंकवादी दुनिया भर में लोगों की जान लेते और भय पैदा करते हैं।

एफएटीएफ ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले पर गहरी चिंता व्यक्त कर निंदा की है। एफएटीएफ ने कहा कि यह और हाल में हुए अन्य हमले, बिना पैसे और आतंकवादी समर्थकों के बीच धन के हस्तांतरण के बिना नहीं हो सकते हैं। भारतीय अधिकारियों ने पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को लगातार समर्थन दिए जाने और हथियारों की खरीद के लिए धन मुहैया कराने की बात को उजागर किया है। एफएटीएफ का यह बयान उसकी पृष्ठभूमि में आया है। भारत ने लगातार कहा है कि पाकिस्तान ने आतंकवादियों को पनाह दी है, भारतीय सैन्य हमलों में मारे गए आतंकवादियों के अंतिम संस्कार में वरिष्ठ सैन्य अधिकारी मौजूद थे। एएफएटीएफ के एशिया प्रशांत समूह की 25 अगस्त को होने वाली बैठक और 20 अक्टूबर को समूह की अगली पूर्ण बैठक और कार्य समूह की बैठक से पहले, भारत धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण विरोधी एफएटीएफ मानदंडों के संबंध में पाकिस्तान द्वारा की गई चूक पर एक डोजियर तैयार कर रहा है।



- आतंकवादियों के अंतिम संस्कार में पाकिस्तानी अफसरों की मौजूदगी कटघरे में खड़ा करने के लिए काफी

### एफएटीएफ की भूमिका

बता दें कि एफएटीएफ पिछले कई वर्षों से दुनिया भर के 200 से ज्यादा देशों को आतंकवाद की फंडिंग से निपटने के लिए गाइडलाइन दे रहा है। इन गाइडलाइनों में बैंकिंग सिस्टम पर निगरानी, संदिग्ध लेनदेन की पहचान, और सोशल मीडिया, क्राउड फंडिंग या क्रिप्टो जैसी नई तकनीकों के दुरुपयोग से जुड़ी चेतावनियां शामिल हैं।

### संदिग्ध सूची में डालने के लिए भारत देगा आवेदन

पाकिस्तान को संदिग्ध सूची में डालने के लिए भारत एफएटीएफ को आवेदन देगा। वर्तमान में, एफएटीएफ की संदिग्ध सूची में 24 देश हैं। इन देशों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। एफएटीएफ के संदिग्ध सूची में पाकिस्तान का इतिहास फरवरी 2008 से शुरू होता है, जब इसे निगरानी सूची में रखा गया था। जून 2010 में उसे सूची से हटा दिया गया, लेकिन फरवरी 2012 में उसे वापस शामिल किया गया और फिर फरवरी 2015 में हटा दिया गया। जून 2018 में उसे तीसरी बार फिर सूची में शामिल किया गया और बाद में अक्टूबर 2022 में हटा दिया गया।

# रामपुर में दुल्हन ने शादी से एक दिन पहले प्रेमी से कराई दूल्हे की हत्या

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- 15 जून को जानी थी बरात, 14 को कराया अपहरण, जंगल में मिला शव, चार पर रिपोर्ट

**अमृत विचार :** शादी से एक दिन पहले दूल्हे की अपहरण कर हत्या कर दी गई। होने वाली दुल्हन पर अपने प्रेमी के साथ मिलकर हत्या का आरोप लगाया गया। पुलिस ने एक आरोपी की निशानदेही पर रविवार देर रात दूल्हे का शव बरामद कर प्रेमी व उसके दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है। दुल्हन से पूछताछ की जा रही है। चार आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

गंज थाना क्षेत्र के घेर रहमत खां निवासी 22 वर्षीय निहाल की शादी भोट थाना क्षेत्र के गांव धनपुरा की गुलफ्शां से तय हुई थी। 15 जून को उसकी बरात जाना थी। 14 जून को उसके पास किसी का फोन आया कि तुमको शादी के लिए कपड़े दिलवाने है। इसके बाद वह चला गया। लौटकर नहीं आया तो परिजनों ने गंज थाने में गुमशुदगी दर्ज करा दी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे चेक किए, तो दो युवक निहाल को बाइक से ले जाते दिखाई दिए। पुलिस ने एक आरोपी फरमान को पकड़ लिया और सख्ती से पूछताछ की तो उसकी निशानदेही पर रविवार की रात निहाल का शव अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव रतनपुरा शुमाली के जंगल से शव बरामद कर लिया। आरोपियों से पूछताछ जारी है।



मृतक दूल्हा, प्रेमी (बीच में) और दुल्हन।

# दो चरणों में पूरी होगी राष्ट्रीय जनगणना केंद्र सरकार ने जारी की अधिसूचना

नई दिल्ली, एजेंसी

साल 2011 में हुई पिछली जनगणना के 16 साल बाद सरकार ने भारत की 16वीं जनगणना 2027 में कराने के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी की जिसमें जाति गणना भी शामिल होगी। अधिसूचना में कहा गया है कि लद्दाख जैसे बर्फीले क्षेत्रों में जनगणना एक अक्टूबर 2026 की संदर्भ तिथि तथा देश के बाकी हिस्सों में एक मार्च 2027 की संदर्भ तिथि से की जाएगी।

इसमें कहा गया, उक्त जनगणना के लिए केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश तथा उत्तराखंड के बर्फ बारी वालों क्षेत्रों के अलावा बाकी राज्यों के लिए संदर्भ तिथि एक मार्च, 2027 को 00.00 बजे होगी।

लद्दाख और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर तथा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों के बर्फ से ढके क्षेत्रों के लिए संदर्भ तिथि एक अक्टूबर 2026 को 00:00 बजे होगी। यह कार्य 34 लाख गणनाकर्ताओं और पर्यवेक्षकों तथा डिजिटल उपकरणों से लैस लगभग 1.3 लाख कर्मियों द्वारा किया जाएगा। इस पर सरकार के 13 हजार करोड़ खर्च होने की संभावना है। जनगणना 2011 के अनुसार देश की जनसंख्या 121.019 करोड़ थी, जिसमें से 62.372 करोड़ पुरुष और 58.646 करोड़ महिलाएं थीं।



- सोलहवीं जनगणना में 13,000 करोड़ का आ सकता है खर्च

### जातिगत गणना भी होगी

राष्ट्रीय जनगणना के साथ ही जातिगत गणना भी की जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केंद्रीय गृह सचिव, भारत के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण और अन्य अधिकारियों के साथ जनगणना की तैयारियों की समीक्षा की।

# अमरोहा में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 4 महिलाओं की मौत

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचारः** थाना रजबपुर क्षेत्र के गांव अतरासी के जंगल में पटाखा फैक्ट्री में तेज धमाके के साथ विस्फोट हो गया। फैक्ट्री के मलबे में दबकर 4 महिला श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अन्य 9 श्रमिक घायल हो गए इनमें 8 महिलाएं हैं। डीएम, एसपी ने मौका मुआयना किया।

हादसा सोमवार की सुबह रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव अतरासी के जंगलों में बनी पटाखा फैक्टरी में हुआ। हापुड़ निवासी सैफउर्ररहमान पुत्र कौसर अहमद की पटाखा फैक्ट्री में सोमवार को महिलाएं एवं पुरुष काम कर रहे थे। अचानक फैक्ट्री में तेज धमाका हुआ। विस्फोट से फैक्ट्री धराशायी हो गई। टिनशेड के टुकड़े कई मीटर दूर जाकर गिरे। मलबे में कई मजदूर दब गए। पुलिस और दमकल टीम ने ग्रामीणों की मदद से मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला। हादसे में चार महिला श्रमिकों रुक्साना पुत्री जाकिर अली निवासी गांव रजबपुर, रुमा पत्नी दानवीर निवासी गांव पपसरा, प्रवेश पत्नी शोविन्द्र निवासी गांव पपूसरा, शहनाज पत्नी शाबिर निवासी रजबपुर की मौत हो गई।



मलबे में बदली फैक्ट्री।


- मलबे में दबकर 8 महिलाओं सहित 9 श्रमिक घायल, तेज धमाके से बिल्डिंग व टिनशेड ध्वस्त

# ईरान के हमले से दहला इजराइल

तेल अवीव, एजेंसी

ईरान ने इजराइल के मध्य तथा उत्तरी क्षेत्र को निशाना बनाते हुए सोमवार को फिर सिलसिलेवार मिसाइल हमले किए जिसमें कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। उधर, इजराइल ने दावा किया कि उसने ईरान की राजधानी पर हवाई श्रेष्ठता हासिल कर ली है और उसके विमान अब बिना किसी बड़े खतरे का सामना किए तेहरान के ऊपर उड़ान भर सकते हैं।

इजराइल की सेना ने कहा कि ईरानी वायु रक्षा और मिसाइल प्रणालियों पर कई दिनों तक हमले किए जाने के बाद उसके विमान अब पश्चिमी ईरान से तेहरान तक के आसमान में आसानी से उड़ान भर सकते हैं और उसने जमीन से जमीन पर मार करने वाले 120 से अधिक उन मिसाइल लांचरों को नष्ट कर दिया है जहां से इजराइल पर हमला किया जा रहा था। ईरान ने कहा कि उसने 100 मिसाइलें दागीं और उसने पिछले शुक्रवार को इजराइल द्वारा उसके परमाणु संवर्धन केंद्रों एवं सैन्य नेतृत्व पर किए गए आश्चर्यजनक हमले के खिलाफ आगे भी जवाबी हमले करने का संकल्प जताया। इजराइल ने कहा कि अब तक ईरान ने 370 से ज्यादा मिसाइलें और सैकड़ों ड्रोन दागे जिसके कारण अब तक 24 लोगों की मौत हो चुकी है।



- 8 की मौत, दर्जनों घायल, इजराइल का दावा- ईरान के 120 से अधिक मिसाइल लांचर नष्ट किए

### विदेश मंत्रालय ने कहा- ईरान में भारतीय छात्रों से संपर्क बनाए हुए हैं

**नई दिल्ली।** ईरान-इजराइल संघर्ष के बीच, केंद्र ने सोमवार को कहा कि तेहरान स्थित भारतीय दूतावास सुरक्षा स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है और ईरान में भारतीय छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उनसे संपर्क कर रहा है तथा कुछ मामलों में उन्हें सुरक्षित स्थानों पर भी पहुंचा रहा है। अन्य व्यवहार्य विकल्पों पर भी विचार किया जा रहा है।


# सस्ती बिजली खरीद भारी कमाई की तैयारी में निजी कंपनियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### सलाहकार कंपनी की रिपोर्ट से हुआ खुलासा, उपभोक्ता परिषद ने आयोग में दाखिल की याचिका

**अमृत विचार।** ऊर्जा निगमों में निजीकरण के जरिये बिजली वितरण क्षेत्र में कारोबार का सपना देख रही नामचीन निजी कंपनियां सस्ती बिजली खरीदकर भारी मुनाफा कमाने की तैयारी में हैं। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन की ओर से राज्य विद्युत नियामक आयोग में पेश की गई सलाहकार कंपनी ग्रांट थॉर्नटन की रिपोर्ट से इसका खुलासा हुआ है।

इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने आयोग में याचिका दाखिल कर इस पर सख्त आपत्ति जताई है। याचिका में कहा गया है कि पावर कॉरपोरेशन से पहले परिषद की याचिका पर सुनवाई की जाए। वर्तमान में पावर कॉरपोरेशन पावर पर्चेज एग्रीमेंट पीपीए के तहत राज्य विद्युत उत्पादन निगम व अन्य स्रोतों से सस्ती बिजली खरीदता है और राज्य विद्युत नियामक आयोग की ओर से निर्धारित बिजली दरों पर बिजली उपभोक्ताओं को बिजली विक्रय कर रहा है। इसके अलावा किसानों को लिए नलकूप के लिए मुफ्त बिजली देने के एवज में सरकार की ओर से सब्सिडी भी दी जा रही है। परिषद की ओर से दाखिल याचिका में कहा गया है कि सलाहकार कंपनी ने अपनी रिपोर्ट में निजी कंपनियों को सरकारी निगमों की तर्ज पर सस्ती बिजली देने व सब्सिडी देने की बात कही है। ऐसा होने पर निजी कंपनियों को बिजली उपभोक्ताओं से बिल व सब्सिडी के तौर पर भारी मुनाफा होने की संभावना है।



- कहा, पावर कॉरपोरेशन से पहले की जाए परिषद की याचिका पर सुनवाई

### निजी घरानों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकार नहीं दे सकती निर्देश

सलाहकार कंपनी की रिपोर्ट में कहा गया है कि राज्य सरकार विद्युत अधिनियम की धारा 108 का प्रयोग निजीकरण के मामले में भविष्य में करेगी। कॉरपोरेशन ने इस पर भी नियामक आयोग से अभिमत मांगा है। इस पर उपभोक्ता परिषद की याचिका में आपत्ति उठाते हुए कहा गया है कि धारा 108 का प्रयोग सरकार लोक महत्व के मामले में कर सकती है न की निजी घरानों को लाभ पहुंचाने में करने का अधिकार है।

### बिजली दरों में बढ़ोतरी के खिलाफ भी याचिका

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने सोमवार को राज्य विद्युत नियामक आयोग में बिजली दरों में बढ़ोतरी के खिलाफ भी याचिका दाखिल की। याचिका में बढ़ोतरी के प्रस्ताव को खारिज करने की मांग की गई है। परिषद की ओर से कहा गया है कि कॉरपोरेशन के प्रस्ताव में ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं की अधिकतम 8 रुपये प्रति यूनिट और शहरी घरेलू की अधिकतम 9 रुपये प्रति यूनिट की बात कही गई है।

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्ज्वल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी)
3 Years (इंटरमीडिएट)
आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• ICU वेन्टीलेटर सुविधा
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP), गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859493000

# जिला अस्पताल में जलभराव से मरीज बेहाल, जन औषधि केंद्र में घुसा पानी

## परिसर में कीचड़ फैलने की वजह से ओपीडी तक मरीजों को पहुंचने में हुई दिक्कत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** झमाझम बारिश से जिला अस्पताल में जलभराव हो गया। इसकी वजह से मरीजों और तीमारदारों को परेशानी से जूझना पड़ा। जन औषधि केंद्र में पानी घुस गया। कई उपकरण भीग गए।

बारिश के कारण सोमवार को जिला अस्पताल में अन्य दिनों की तुलना में मरीजों की संख्या कम रही। त्वचा, डायरिया और बुखार के रोगी अधिक पहुंचे। अन्य दिनों में जहां 1400 से अधिक नए मरीजों का पंजीकरण होता था, बारिश के चलते यह संख्या घटकर 1080 रह गई। बारिश के बाद अस्पताल परिसर में भीषण कीचड़ पसर गया। इससे इमरजेंसी वार्ड से ऑर्थो, बर्न और टीबी वार्ड में मरीज शिफ्ट करने के दौरान स्टाफ को परेशानी हुई। ओपीडी में आने वाले कई मरीज कीचड़ में फिसलने से बचे। वहीं गार्डन भी पूरा जलमग्न हो गया। काफी देर तक परिसर में जलभराव की समस्या बनी रही।


जिला अस्पताल में जलराव के कारण मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ी।

• **बारिश की वजह से ओपीडी में मरीजों की संख्या घटी, कई रोगी कीचड़ में गिरने से बचे**

### जन औषधि केंद्र में रखे उपकरण भीगे

बीते दिनों जिला अस्पताल परिसर में जन औषधि केंद्र की स्थापना की गई थी। बारिश का पानी केंद्र के अंदर घुस गया। सुबह करीब 8 बजे जब प्रभारी ने केंद्र खोला तो अंदर पानी भरा था। घंटों मशक्कत के बाद पानी बाहर निकाला गया। लेकिन यहां लगे उपकरणों में पानी भर गया।


जन औषधि केंद्र में पानी भरने पर उपकरण बाहर निकाले गए।

# 40 से अधिक सड़कों के निर्माण और मरम्मत पर लग जाएगा ब्रेक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

• **जिले में नवाबगंज, फरीदपुर समेत कई स्थानों पर चल रहा सड़क निर्माण और चौड़ीकरण का काम**

**अमृत विचार:** जिले में पीडब्ल्यूडी की 40 से अधिक सड़कों के चौड़ीकरण और मरम्मत कार्यों पर मानसून आते ही ब्रेक लग जाएगा। पीडब्ल्यूडी के अफसरों का कहना है कि अभियंता केवल नई सड़क बनवाने के बजाए पूर्व में स्वीकृत प्रस्तावों के आधार पर टेंडर प्रक्रिया पूरी करेंगे।

पिछले साल बाढ़ और बारिश से क्षतिग्रस्त और पांच साल से बदहाल 112 मार्गों के लिए पीडब्ल्यूडी ने शासन से बजट की मांग की थी। फरवरी में इन सड़कों के लिए 72 करोड़ रुपये से अधिक का बजट जारी होने के बाद विभाग की ओर से टेंडर प्रक्रिया पूरी कर मार्च के अंत में निर्माण कार्य कराना शुरू कर दिया था। इनमें 185 किलोमीटर की 40 से अधिक सड़कों के निर्माण, चौड़ीकरण और मरम्मत के कार्य पर बारिश के सीजन में ब्रेक लगना तय है। जिन सड़कों पर काम चल रहा है उनमें दिल्ली-लखनऊ हाईवे से मथुरापुर गांव से बड़ा बाईपास को जाने वाली सड़क, नवाबगंज से बीजामऊ होते हुए केसरपुर जाने वाला मार्ग, फरीदपुर से बीसलपुर जोड़ने वाला 20 किमी मार्ग का नवीनीकरण, पौने तीन किमी लंबे बुखारा-फरीदपुर जोड़ने वाले मार्ग का चौड़ीकरण, बल्लिया से फिरोजपुर 315 मीटर सड़क का निर्माण, भमोरा के बल्लिया से रामपुर मार्ग के 450 मीटर हिस्से की मरम्मत कार्य समेत 40 सड़कें शामिल हैं। प्री-मानसून की दस्तक के साथ कुछ दिनों में मानसून आ जाएगा। पीडब्ल्यूडी ने पिछले एक महीने में करीब 32 सड़कों के निर्माण, चौड़ीकरण और मरम्मत के लिए कार्य योजना तैयार की है। चीफ इंजीनियर अजय कुमार ने बताया कि बारिश में निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर असर पड़ता है। इसलिए न तो नया निर्माण कार्य किया जाएगा और न ही पूर्व से चल रहे कार्य को जारी रखा जाएगा। केवल सीसी से जुड़े कार्य होंगे।

## एफेरेसिस मशीन का इंस्टालेशन आज से

**बरेली, अमृत विचार:** जुलाई में डेंगू का प्रकोप रहता है। इस दौरान सर्वाधिक मांग प्लेटलेट्स की होती है, लेकिन जिला अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों को इस बार प्लेटलेट्स का संकट नहीं झेलना पड़ेगा। अस्पताल की ब्लड बैंक में प्लेटलेट्स निर्माण करने वाली आधुनिक एफेरेसिस मशीन का इंस्टालेशन मंगलवार से शुरू कर दिया जाएगा।

• **डेंगू मरीजों को मिलेगी राहत जल्द लाइसेंस प्रक्रिया पूरी होगी**

इस संबंध में एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि ब्लड बैंक के जिस कक्ष में मशीन लगनी है, यहां इंस्टालेशन संबंधी सभी कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। मशीन संचालन के लिए लाइसेंस प्रक्रिया का कार्य भी जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा। इससे डेंगू मरीजों को राहत मिलेगी।

# घर में कराते रहे इलाज, बच्चा हाइपोग्लाइसीमिया से ग्रसित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** अगर बच्चे को लगातार बुखार की समस्या हो रही है तो उसको तुरंत कुशल डॉक्टर के पास ले जाएं, देरी करने पर बच्चे की जान का जोखिम हो सकता है। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है कि जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में भर्ती हुए एक बच्चे में हाइपोग्लाइसीमिया की पुष्टि हुई है, स्टाफ के पूछने पर परिजनों ने बताया कि बच्चे को कई दिनों से बुखार आ रहा था। अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद सोमवार को सुबह 10 बजे परिजनों ने उसे भर्ती कराया।

शहर के बाकरगंज निवासी शरीफ के चार वर्षीय बेटे आरिश को तीन दिनों से लगातार बुखार आ रहा था। परिजन उसका पास के डॉक्टर से इलाज कराते रहे। सोमवार को सुबह बच्चा बेसुध होने लगा तब परिजन बच्चे को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे।


वार्ड में भर्ती बच्चे को कैनुला लगाती स्टाफ नर्स। ● अमृत विचार

• **हालत बिगड़ने पर परिजन बच्चे को जिला अस्पताल लाए, हायर सेंटर किया रेफर**

जांच करने पर पता चला कि बच्चे के शरीर के ब्लड में ग्लूकोज का स्तर काफी कम हो गया है। बच्चे में हाइपोग्लाइसीमिया के लक्षण होने पर स्टाफ ने बच्चे को तुरंत ड्रिप लगाई। इससे कुछ सुधार हुआ, लेकिन फिर बच्चे की हालत बिगड़ गई। डॉक्टर ने बच्चे को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# औद्योगिक क्षेत्रों में सड़कें तालाब में तब्दील

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** तेज बारिश ने फरीदपुर और भोजीपुरा औद्योगिक इलाकों की व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। सड़कें तालाब की शक्ल में नजर आईं। जलभराव की वजह से आवागमन में दिक्कत हुई। बारिश के साथ बिजली गुल होने से उद्योग प्रभावित हुए।

फरीदपुर औद्योगिक क्षेत्र में नवादा वन और हरियाली बाजार के पास से सड़क का हाल बहुत बुरा है। यहां पर करीब 50 औद्योगिक इकाइयां संचालित होती हैं। देर रात हुई बारिश की वजह से पूरी सड़क पानी से लबालब हो गई। जल निकासी के कोई बेहतर प्रबंध नहीं होने से दोपहर तक पानी भरा रहा। ऐसे में जलभराव के बीच लोग निकलने को मजबूर हुए। फैक्ट्रियों को जाने वाले माल वाहक वाहनों को भी समस्या हुई। बाइक सवार लोगों ने सबसे ज्यादा परेशानी झेली। फरीदपुर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह ने बताया कि सड़क की हालत बहुत खराब है। लगातार बैठकों में मुद्दा उठाने के बाद भी किसी ने सुध नहीं ली। जलभराव से बहुत समस्या हुई। फैक्ट्री के अंदर पानी चला गया, इससे रॉ मटेरियल तक खराब हो गया है। रात दो बजे के बाद बिजली चली गई और सोमवार को दोपहर 2 बजे आई। जनरेटर चलाकर उद्योग चलाए गए, इससे उद्यमियों का खर्चा भी बढ़ा। वहीं भोजीपुरा औद्योगिक क्षेत्र में भी जलभराव की स्थिति कमोबेश ऐसी ही रही। भोजीपुरा औद्योगिक क्षेत्र के अध्यक्ष अजय शुक्ला ने बताया कि जलनिकासी नहीं होने से जलभराव की समस्या से उद्यमी परेशान रहे। यह समस्या लंबे समय से है। उद्योग बंधु की बैठकों में मामले उठाते रहे। आश्वासन मिलते रहे। बारिश ने आश्वासन की हकीकत बता दी है। बिजली की ट्रिपिंग ने भी परेशान किया।


फरीदपुर औद्योगिक क्षेत्र में सड़क पर जलभराव।

• **फरीदपुर और भोजीपुरा में सबसे ज्यादा हुई दिक्कत, जलभराव से आवाजाही में हुई परेशानी**

• **बदहाल जलनिकासी बनी मुसीबत घंटों बिजली गुल रहने से प्रभावित हुआ उद्योग**

# ताइक्वांडो : बरेली के अभिमन्यु को रजत

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड यूनिवर्सिटी में राज्य स्तरीय जूनियर व सब जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता की शुरुआत सोमवार को हुई। जिसमें 42 वीं ऑफिशियल (फाइट), 15वीं जूनियर (पूमसे) व 39वीं ऑफिशियल (फाइट), 13वीं (पूमसे) सब जूनियर उत्तर प्रदेश (बालक एवं बालिका) के इवेंट शामिल हैं।

पहले दिन का उद्घाटन फरीदपुर विधायक डॉ. श्याम बिहारी लाल ने किया। ताइक्वांडो फ्रेशर ग्रुप के खिलाड़ियों के बीच मुकाबले हुए। जिसमें 27 किलो भार वर्ग में बदायूं के निश्चय पटेल को स्वर्ण, शाहजहांपुर के शौर्य वर्मा को रजत, 32 किलो भार वर्ग में बरेली के अभिमन्यु को रजत, बदायूं के कार्तिक शर्मा को स्वर्ण पदक मिला। प्रतियोगिता में बरेली, आगरा, बदायूं, शाहजहांपुर, जौनपुर आदि जिले के प्रतियोगियों ने भाग लिया। उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के महासचिव अनिल कुमार ने बताया कि मंगलवार को सभी सब जूनियर व जूनियर वर्ग के सभी ताइक्वांडो खिलाड़ियों में राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए प्रतिस्पर्धा होगी। इस दौरान उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन से पंकज शर्मा, अजय पाल सिंह आदि मौजूद रहे।


बॉक्सिंग हॉल में ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी।

• **पहले दिन फ्रेशर ग्रुप के खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबले**

## मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना के लिए 30 जून तक करें आवेदन

**बरेली, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल खोल दिया गया है।

सहायक निदेशक मत्स्य गायत्री पांडेय ने बताया कि लोगों को विभागीय पोर्टल http://fisheries.up.gov.in पर 30 जून तक आवेदन करना होगा। इसके लिए 16 जून से पोर्टल खोल दिया गया है। योजना के तहत परियोजनाओं का विवरण, इकाई की लागत, आवेदन करने की प्रक्रिया, आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज समेत पूरे विवरण की जानकारी विभागीय पोर्टल पर देखी जा सकती है।

# आयुर्वेदिक कॉलेज के छात्रावास की रेलिंग की दीवार गिरी

**बरेली, अमृत विचार :** एसआरएम राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं चिकित्सालय के धनवंतरि छात्रावास की रेलिंग की दीवार सोमवार तड़के बारिश में गिर गई। रेलिंग के नीचे खड़े दो रिक्शा और एक ऑटो क्षतिग्रस्त हो गया।

वार्ड 64 के पार्षद जयप्रकाश राजपूत ने बताया हादसा सुबह 3 से 4 बजे के बीच हुआ है। हादसा दिन में होता तो लोगों को भी चोट पहुंच सकती थी। इस समय छात्रावास में करीब 80 छात्र रह रहे हैं। छात्रावास के वार्डन दीपक ने बताया कि छात्रावास का कौन सा हिस्सा कितना पुराना है, कहां नहीं जा सकता, लेकिन सभी छात्र और अन्य लोग सुरक्षित हैं। प्राचार्य प्रो. डीके मौर्य के अनुसार दीवार की मरम्मत कराई जाएगी। बड़ा हादसा होने से टला है।



• **रेलिंग के नीचे खड़े दो रिक्शा और एक ऑटो क्षतिग्रस्त**

Lifelines MEDICAL OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002


डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा

डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

## ई-ऑफिस के माध्यम से भेजे जाएंगे एस्टीमेट

**बरेली, अमृत विचार:** जिले की सड़कों और पुलों के लिए बनाए जाने वाली एस्टीमेट ई-ऑफिस के माध्यम से भेजने के निर्देश मुख्यालय ने जारी किए हैं। निर्देशों का पालन नहीं करने पर पहली बार में प्रतिकूल प्रविष्टि और दूसरी बार में इन्क्रीमेंट रोकने जैसे दंड दिए जाएंगे। पीडब्ल्यूडी के चीफ इंजीनियर अजय कुमार ने बताया कि ई-एस्टीमेट की व्यवस्था को तीन साल पहले ही लागू करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन ई-ऑफिस न होने की वजह से यह व्यवस्था विभाग में लागू नहीं हो सकी थी। पीडब्ल्यूडी के सभी खंड ई-ऑफिस से जुड़ गए हैं। सभी एस्टीमेट ऑफलाइन ही आगे बढ़ाए जा रहे हैं। कहा कि इससे पारदर्शिता का अभाव रहता है और गड़बड़ियों की आशंका बनी रहती है।

# उर्स-ए-खालिद ए मिल्लत का आगाज


परचम कुशाई की रस्म में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** आला हजरत खानदान के बुजुर्ग खालिद-ए-मिल्लत मुफ्ती खालिद रजा खान (खालिद मियां) के दो रोजा उर्स का आगाज सोमवार को परचम कुशाई की रस्म के साथ हो गया।

मीडिया प्रभारी जुबैर रजा खालिदी ने बताया कि उर्स के पहले दिन कुरान की तिलावत से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सोमवार शाम परचमी जुलूस मलकपुर स्थित मुफ्ती ए आजम मस्जिद से निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सज्जादानशीन मौलाना अनस रजा कादरी की सरपरस्ती में परचम कुशाई की रस्म अदा हुई। इसके बाद फातिहा और देश में अमन के लिए दुआ की गई। मुख्य कार्यक्रम दारूल उलूम मजहर-ए- इस्लाम में सोमवार रात हुआ, जिसमें मदरसे के छात्रों ने तकरीर नात मनकबत में हिस्सा लिया। रात 1 बजकर 40 मिनट पर मुफ्ती आजम हिंद के कुल की रस्म हुई। मंगलवार सुबह 9 बजे तिलावते कुरान से उर्स के दूसरे दिन के कार्यक्रम शुरू होंगे। उसके बाद उलमा-ए-इकराम के बयान और नात मानकबत के बाद बाद दोपहर 12 बजकर 25 मिनट पर खालिद-ए- मिल्लत ( खालीद मियां) का कुल शरीफ होगा। उर्स के सभी कार्यक्रम सज्जादानशीन मौलाना अनस रजा कादरी की सरपरस्ती और हजरत सैफी मियां की सदारत और सैयद शोएब मियां की निगरानी में होंगे। मुफ्ती सगीर अहमद, मौलाना जाकिर रजा, मौलाना नईम रजा, मौलाना तौसीफ नूरानी मौलाना अशरफ, हाफिज दानिश रजा, मौलाना शाहिद रजा, कारी अहमद अली, हाफिज जुबैर रजा खालिदी आदि मौजूद रहे।

• **आज अदा होगी कुल शरीफ की रस्म, होंगे कई कार्यक्रम**

पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ... भी है। ...
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

## पौन तीन लाख उपभोक्ताओं ने 12 घंटे झेला बिजली संकट

# आंधी-बारिश से उड़े सबस्टेशनों के फ्यूज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** शहर में रविवार देर रात करीब 2 बजे तेज आंधी और बारिश में बिजली नेटवर्क ऐसा धराशायी हो गया कि सभी सबस्टेशन ठप हो गए। पौने तीन लाख उपभोक्ताओं को करीब 12 घंटे तक बिजली संकट झेलना पड़ा। सुबह पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ा। कुछ इलाकों में सोमवार दोपहर आपूर्ति किसी तरह बहाल हो गई लेकिन शाहदाना और महानगर सबस्टेशन के सभी क्षेत्रों में सोमवार देर शाम 8 बजे बाद सप्लाई सुचारू हो सकी।

रविवार देर रात आंधी और बारिश ने बिजली व्यवस्था को बेपटरी कर दिया। 33/11 केवी सबस्टेशन के फीडर और लाइन पर पेड़ गिर गए। क्रॉस आर्म टूटने, इंसुलेटर पंक्चर होने के साथ पोल गिरने से बिजली संकट गहरा गया। सदर कैंट और शाहदाना में 33 केवी लाइन पर पेड़ गिरने से आपूर्ति बाधित हो गई। शाहदाना सबस्टेशन पर ब्रेकडाउन होने के साथ केबिल बॉक्स क्षतिग्रस्त हो गया। इससे रविवार देर रात 2 बजे से सोमवार देर शाम 8 बजे तक सबस्टेशन ठप रहा।

रात 8 बजे के बाद डीडीपुरम सबस्टेशन से लाइन जोड़कर आपूर्ति बहाल कराई गई। जगतपुर सब स्टेशन पर आने वाली 132 केवी लाइन पर ब्रेकर खराब होने से बिजली गुल हुई। सोमवार सुबह 11 बजे के बाद आपूर्ति बहाल हुई। महानगर सबस्टेशन पर 33 केवी की लाइन पर पेड़ गिर गया। इससे लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। रविवार रात 3 से सोमवार रात 8 बजे तक आपूर्ति ठप रही। इज्जतनगर में 33 केवी फीडर पर भी पेड़ गिरने से आपूर्ति प्रभावित हुई। सोमवार सुबह फाल्ट ठीक कराकर आपूर्ति को बहाल कराया गया। वहीं, सनसिटी सबस्टेशन की भी 33 केवी लाइन पर पेड़ गिरने से 10 घंटे से अधिक समय तक आपूर्ति बाधित रही। कोहाड़ापीर में तीन पोल पर बिजली गिरने से आपूर्ति ठप हो गई। जिसे सोमवार को दोपहर के बाद अतिरिक्त सर्किट लगाकर बहाल किया गया। सिविल लाइंस पर इनकमिंग नंबर एक की सीटी क्षतिग्रस्त होने से बिजली समस्या रही। सीबीगंज और लोहिया विहार में ओवरलोडिंग से लोगों को बिजली संकट का सामना करना पड़ा।



नैनीताल रोड पर बिजली की लाइन पर गिरा पेड़। • अमृत विचार



बिजली गुल होने पर दुर्गानगर सबस्टेशन पर हंगामा करते लोग। • अमृत विचार

### अफसर आपूर्ति बहाल करने में जुटे रहे

मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता और एसडीओ पूरे दिन अलग-अलग इलाकों में निरीक्षण कर आपूर्ति बहाल कराने में लगे रहे। किला, सुभाषनगर, मढ़ीनाथ, कुतुबखाना, राजेन्द्रनगर, डेलापीर और दुर्गानगर सबस्टेशन से जुड़े इलाकों में भी 8 से 10 घंटे की बिजली कटौती की गई।

### सीबीगंज में दिव्यांग लाइनमैन के भरोसे रात की बिजली व्यवस्था

सीबीगंज के लोहिया विहार सब-स्टेशन पर रात के समय कर्मचारियों की कमी का खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। सब-स्टेशन की जिम्मेदारी एक दिव्यांग लाइनमैन मानसिंह के कंधों पर है, उनका एक हाथ कंधे से नहीं है। सीबीगंज कस्बे में रात में जब भी आपूर्ति खराब होती है तो उसे ठीक होने में कई घंटे लगते हैं। लोग कई बार जेई और एसडीओ से रात में स्टाफ बढ़ाने की मांग कर चुके हैं मगर अभी तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है।

### दुर्गानगर और शाहदाना सबस्टेशन पर लोगों का हंगामा

सोमवार दोपहर तक आपूर्ति बहाल न होने पर दुर्गानगर और शाहदाना सबस्टेशन पर उपभोक्ताओं ने हंगामा किया। रात 9 बजे मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश शाहदाना सबस्टेशन का निरीक्षण करने पहुंचे।

### पार्षद ने बिजली मंत्री को किया फोन

**बरेली, अमृत विचार :** सिकलापुर के पार्षद जय प्रकाश राजपूत ने ऊर्जा मंत्री के फोन पर बात कर बिजली गुल होने की समस्या बताई। पार्षद की ओर से वायरल किए गए आडियो में बताया गया है कि 16 घंटे से बिजली नहीं आ रही है। लोग परेशान हो रहे हैं। इस पर फोन उठाने वाले शख्स ने पार्षद का नंबर नोट कर समस्या के निदान का आश्वासन दिया है।

> तेज आंधी पानी में बिजली आपूर्ति ठप हो गई थी। जल्द फाल्ट ठीक कराकर आपूर्ति को बहाल कराया गया। शाहदाना, कोहाड़ापीर और महानगर से जुड़े इलाकों में अधिक दिक्कत रही। पेड़ लाइन पर गिरने से उन्हें ठीक करने में समय लगा।
> –ज्ञान प्रकाश, मुख्य अभियंता

## दोनों एआरटीओ और आरआई का तबादला

**बरेली, अमृत विचारः** बरेली के आरटीओ प्रशासन और आरटीओ प्रवर्तन के बाद अब दोनों एआरटीओ और आरआई का तबादला भी कर दिया गया है। एआरटीओ प्रशासन मनोज सिंह को महाराजगंज का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। उनकी जगह संभल से प्रवेश कुमार सरोज को बरेली का एआरटीओ प्रशासन नियुक्त किया गया है।

इसी तरह एआरटीओ प्रवर्तन संदीप जायसवाल को सहरानपुर का एआरटीओ प्रवर्तन बनाया गया है। इस पद पर बरेली में किसी की तैनाती नहीं की गई है। बरेली में लंबे समय से तैनात आरआई मानवेंद्र सिंह को बिजनौर भेजा गया है। इनकी जगह बुलंदशहर के आरआई मो. हारून सैफी को भेजा गया है। वहीं, निलंबित चल रहे आरआई राघव कुमार कुशावाहा की जगह एटा से अजय कुमार को भेजा गया है। वहीं मुरादाबाद से आए आरटीओ प्रवर्तन प्रणव झा ने सोमवार को चार्ज ग्रहण कर लिया है। बरेली में तैनात आरआई ने चार्ज नहीं छोड़ा है।

## बुजुर्ग में कोरोना की पुष्टि परिवार के लोगों की होगी जांच

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शहर के मोहल्ला गंगापुर के रहने वाले हैं बुजुर्ग
- लक्षण होने पर निजी लैब से कराई थी जांच
- लैब से आईडीएसपी को मिली सूचना, अलर्ट

**अमृत विचारः** एक बार फिर कोविड ने शहर में दस्तक दे दी है। शहर के मोहल्ला गंगापुर निवासी 57 वर्षीय बुजुर्ग में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। बुजुर्ग ने घर में तबीयत बिगड़ने पर निजी लैब में जांच कराई थी। रविवार देर रात जांच रिपोर्ट आई। चार दिन पहले ही जिला कोविड मुक्त हुआ था, हालांकि अभी तक जो दो लोग कोरोना पॉजिटिव मिले थे, वे शहर से बाहर संक्रमित मिले थे, हालांकि यह जिले का पहला मामला है, जिसमें मरीज की जांच शहर में हुई।

**एक सप्ताह पहले ही मुरादाबाद से लौटे थे बुजुर्ग :** बुजुर्ग की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आते ही सोमवार को सुबह निजी लैब ने आईडीएसपी को सूचना दी। आईडीएसपी के अनुसार सर्विलांस के दौरान मरीज के परिजनों ने बताया कि करीब एक सप्ताह पहले बुजुर्ग मुरादाबाद में निजी कार्य से गए थे, वहां से लौटने के बाद उन्हें सांस लेने में दिक्कत हुई और बुखार आने लगा। घर के पास निजी डॉक्टर को दिखाने में कोविड जांच कराने की सलाह दी गई। 12 जून को निजी लैब में सैंपल दिया था। 15 जून को आई रिपोर्ट में वह संक्रमित मिले।

### आज परिवार के सदस्यों की होगी जांच

आईडीएसपी की टीम ने निरोधात्मक कार्रवाई के लिए एनयूएचएम के नोडल डॉ. अजमेर सिंह को सूचना दी, जिस पर डॉ. अजमेर सिंह ने गंगापुर स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. शाहवान अली को मंगलवार सुबह ही मरीज के घर जाकर लक्षण के आधार पर परिवार के सदस्यों की जांच के साथ ही अन्य कार्रवाई करने के निर्देश दे दिए हैं।

## सुभाषनगर में दो पक्षों में जमकर चले ईंट पत्थर

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर की तड़का मार्केट में रविवार देर शाम दो पक्षों में जमकर ईंट पत्थर चले। इसमें कुछ लोग घायल भी हुए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस को देखते ही आरोपी भाग गए।

स्थानीय लोगों ने बताया कि रविवार देर शाम तड़का मार्केट में कई लोग झुंड बनाकर बैठे शराब पी रहे थे। उन्हीं लोगों के बीच किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। कुछ ही देर में दोनों पक्ष एक दूसरे पर पथराव करने लगे। जिससे बाजार में भगदड़ मच गई। जानकारी मिलने पर सुभाषनगर पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी भाग गए। पुलिस सीसीटीवी कैमरों से फुटेज खंगाल रही है।

## किला में महिला समेत दो लोगों को बंदरों ने काटा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- व्यक्ति के सिर में 18 टांके आए महिला जिला अस्पताल में भर्ती

**अमृत विचारः** किला क्षेत्र के मोहल्ला जखीरा में रविवार देर शाम दो लोगों पर बंदरों के झुंड ने हमला कर दिया। जिसमें एक 55 साल के व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर में 18 टांके आए हैं। इसके अलावा 50 साल की महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मोहल्ला जखीरा में 55 साल के फुरकान शम्सी पर रविवार शाम बंदरों के झुंड ने हमला कर दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर पर 18 टांके आए हैं। निजी डॉक्टर से उनका इलाज कराया जा रहा है। इसके अलावा मोहल्ले की ही 50 साल की शहनाज को भी बंदरों ने कई जगह पर काटकर उन्हें घायल कर दिया। महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि बंदरों का आतंक चरम पर है। जिससे लोगों की परेशानी बढ़ गई। आए दिन बंदर लोगों पर हमला कर रहे हैं और उन्हें गंभीर रूप से घायल कर रहे हैं।

उन्होंने नगर निगम से मांग की है कि बंदरों के आतंक से निजात दिलाने के लिए जल्द से जल्द कदम उठाए जाएं। लोगों का कहना है कि बंदरों के कारण वे अपने घरों से बाहर निकलने में भी डरते हैं।

## बड़ा बाईपास पर सड़क हादसे में कानूनगो की मौत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नवदिया झादा के पास कार में तेज रफ्तार ट्रक ने मारी टक्कर
- लखीमपुर खीरी में कानूनगो के पद पर थे तैनात, मुरादाबाद में रहते थे

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के नानकमत्ता के पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा के चचेरे भाई जशोद सिंह राणा की कार को ट्रक ने बड़ा बाईपास पर नवदिया झादा के पास टक्कर मार दी। हादसे में जशोद सिंह की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं। जशोद सिंह राणा मुरादाबाद से लखीमपुर खीरी के लिए जा रहे थे।



मृतक यशोद सिंह

बिथरी चैनपुर पुलिस ने बताया कि जशोद सिंह राणा मूलरूप से ऊधम सिंह नगर के सितारगंज के 150 सरोजना के निवासी थे। वह लखीमपुर खीरी की सदर तहसील में कानूनगो के पद पर तैनात थे। उनका घर मुरादाबाद में भी है। सोमवार सुबह वह पत्नी रजनी राणा के साथ कार से लखीमपुर खीरी जा रहे थे। बड़ा बाईपास पर जैसे ही उनकी कार नवदिया झादा के पास पहुंची, वैसे ही पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर होने की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया।



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त खड़े वाहन। • अमृत विचार

### कार काटकर निकाले गए

हादसे के बाद कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। आसपास के लोगों ने जशोद सिंह और उनकी पत्नी को कार से निकालने का प्रयास किया, लेकिन असफल रहे। इसके बाद पुलिस ने कटर को मंगवाया, तब कार काटकर दोनों को निकालकर अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने जशोद सिंह को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर जशोद सिंह के परिजन भी बरेली पहुंच गए।

### घटना की जानकारी मिलते ही मचा कोहराम

हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ट्रक चालक को तलाश कर रही है। पूर्व विधायक ने भाई की मौत पर सोशल मीडिया पर शोक संवेदना व्यक्त की है। पुलिस के अनुसार ट्रक चालक नींद के झोंके में रहा होगा, जिसकी वजह से हादसा हो गया।

INDIA'S WINNING STAR
GROUND AUDITIONS!
Your Stage. Your Spotlight. Your Stardom.
Do you have the voice to mesmerize?
The moves to electrify?
The passion to rule the stage?
LIVE AUDITIONS
122, Civil Lines, Avas Vikas, Bareilly
Win Prizes • Showcase Talent • Go Viral!
@indiaswiningstar
THE SHINING STAR ACADEMY
(A Proud Branch of India's Winning Star)
• Learn Singing & Dancing from Industry Experts
• From Basics to Pro • Kids to Adults
• Weekend/Weekday Batches Available
Call/WhatsApp Now: 9675034059

## नवाबगंज में हाईवे की रेलिंग में उतरा करंट, छात्र की मौत

संवाददाता, नवाबगंज

- सामने की दुकान पर बैठे पिता के सामने चली गई बेटे की जान

**अमृत विचार :** हाईवे पर बने डिवाइडर में लगे विद्युत पोल में उतरे करंट की चपेट में आने से छात्र की मौत हो गई, जबकि एक नल मिस्त्री झुलस गया। मृतक की पहचान कल्यानपुर निवासी गौरव (21) के रुप में हुई। सोमवार दोपहर बिजौरिया वार्ड निवासी निरंजन जाटव (50) बाईपास हाईवे पर चेतराम पार्क के पास साइकिल खड़ी कर स्टाल पर खाना खाने जा रहा था। जैसे ही वह डिवाइडर पर खड़े विद्युत पोल के नजदीक से गुजरा वह करंट की चपेट में आकर तड़पने लगा। सामने दुकान पर बैठे विहिप के पूर्व जिलाध्यक्ष अखिलेश गंगवार उसे तड़पता देख डंडा लेकर उसकी मदद को दौड़े और उसे किसी तरह छुड़ाया। इसी बीच एक छात्र को उसी पोल और रेलिंग के बीच तड़पता देख निरंजन ने शोर मचाया, जिस पर विहिप नेता पुनः डंडा लेकर उसे बचाने दौड़ पड़े और काफी प्रयास के बाद उसे पोल से छुड़ाया। शोर सुनकर पर उनकी दुकान पर खरीदारी कर रहे कल्यानपुर निवासी छत्रपाल भी उस ओर दौड़े करंट से झुलसे युवक को देखकर उनके होश उड़ गए। क्योंकि यह उनका बेटा गौरव (21) था। राहगीरों की मदद से उसे नजदीक के एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



मृतक गौरव

### यूपीएससी की तैयारी कर रहा था गौरव

गौरव काफी प्रतिभाशाली छात्र था, उसने 2024 में इंटर की परीक्षा 91 प्रतिशत अंकों से पास की थी। वह अपने दोस्त के साथ कस्बे में किराए के कमरे में रहकर यूपीएससी की तैयारी कर रहा था। हादसे के बाद व्यापारी जीतू चड्ढा और मलखान सिंह यादव ने सब स्टेशन से लाइन बंद कराई।

### बदमाशों ने महिला का पर्स और कुंडल लूटे

**बरेली, अमृत विचार :** किला थाना क्षेत्र में रामपुर रोड पर बाइक सवार तीन बदमाशों ने महिला का पर्स और कुंडल लूट लिए। महिला की तहरीर पर थाना किला पुलिस ने अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। सीबीगंज क्षेत्र के गांव महेशपुर निवासिनी हरप्यारी पत्नी राजेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि 13 जून को शाम 5 :30 बजे टैंपू से अपने घर की ओर जा रही थीं। रामपुर रोड पर भूसे की टाल के सामने एक बाइक पर सवार तीन युवक आए और उनका पर्स छीन लिया और कानों के कुंडल नोच लिए। उन्होंने बताया कि पर्स में 4 हजार रुपये, आधार कार्ड था।

## स्मार्ट सिटी बोर्ड की 35 वीं बैठक में पांच प्रस्तावों को मिली मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कमिश्नर की अध्यक्षता में हुई बैठक में डीएम सहित दो अधिकारियों को निदेशक बनाने का प्रस्ताव पास
- अर्बन हाट, स्काईवॉक और डिजिटल लाइब्रेरी के संचालन के लिए टेंडर का प्रस्ताव भी हुआ पास

**अमृत विचारः** स्मार्ट सिटी लिमिटेड कंपनी की कमिश्नरी सभागार में सोमवार को हुई 35 वीं बोर्ड बैठक में पांच प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इसमें डीएम सहित दो अधिकारियों को निदेशक बनाया गया है।

कमिश्नर और स्मार्ट सिटी लिमिटेड कंपनी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में स्मार्ट सिटी के तहत होने वाले विभिन्न कार्यों में तेजी लाए जाने के उद्देश्य से प्रोजेक्ट पर चर्चा की गई। पांच एजेंडे पर आधारित बैठक में सबसे पहले डीएम अविनाश सिंह और बिजली विभाग के चीफ इंजीनियर ज्ञान प्रकाश को निदेशक बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके बाद अर्बन हाट, स्काईवॉक और डिजिटल लाइब्रेरी के संचालन के लिए लिए टेंडर के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बोर्ड की मंजूरी मिलने के बाद अब स्मार्ट सिटी के तीनों प्रोजेक्ट बहुत जल्द धरातल पर उतरेंगे क्योंकि बनने के काफी दिन बाद प्रोजेक्ट की उपयोगिता नहीं हो पा रही थी। इसमें सबसे बड़े अर्बन हॉट का कई बार टेंडर होने के बाद भी संचालन के लिए एजेंसी नहीं मिल रही थी। अब अर्बन हॉट और स्काईवॉक प्रोजेक्ट शुरू होने से स्मार्ट सिटी लिमिटेड की आमदनी भी बढ़ेगी। बैठक में सीईओ संजीव कुमार मौर्य ने स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने कहा कि पहले चरण के सभी काम पूरे हो गए हैं। स्मार्ट सिटी लिमिटेड कंपनी बरेली दूसरे चरण में पहुंच चुकी है। बैठक में डीएम अविनाश सिंह, बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. मणिकंडन ए, अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय, बिजली विभाग के चीफ इंजीनियर ज्ञान प्रकाश, सहायक लेखाधिकारी ह्रदय नारायण आदि मौजूद रहे।

रूहेलखण्ड कमिश्नरी का प्रथम विधि विद्यालय
SHRIJI INSTITUTE OF LEGAL Vocational Education & Research
Estd. 2003
(SILVER LAW COLLEGE)
(Approved by BCI & Affiliated to MJPRU)
ADMISSION OPEN 2025-26
DIRECT ADMISSION
LL. B. 3 Yrs. Course After Graduation
B.A. LL.B. 5 Yrs. Course After 12th
College Code : 119
General 45%, OBC 42%, SC/ST 40%
(in Intermediate & Graduation)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :
9837485855, 9411472001
7983811321, 7906220708, 9068232656
Email.: ravibhatnagar.slcbly@gmail.com
Add : Vill. Barkhapur, PO. Mudia Ahamad Nagar,12th Km. Pilibhit Road, Bareilly

वर्ष 1988 से खुसरो मैमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित
खुसरो कॉलेज
स्लीपर रोड सी.बी.गंज, बरेली
फोन 7417587162, 8923928009
Courses Offered:
B.A., B.Sc, B.Com, B.B.A., BCA, M.Com, M.Sc. (Chemistry, Physics, Zoology, Botany, Mathematics) M.A. (English, Hindi, Economics) Sociology, Political Science, Urdu, Education, History
नोटः- इस वर्ष आधी फीस पर प्रवेश
I.T.I. - Fitter, Electrician, Copa, Welder

सरदार वल्लभ भाई पटेल डिग्री कॉलेज
भोजीपुरा, बरेली
निःशुल्क प्रवेश सत्र 2025-26
स्नातक प्रथम वर्ष
B.A. B.Sc. B.Com. B.Sc. Home Science B.B.A. B.C.A.
अन्य संचालित कोर्स
M.A. M.Sc. M.Sc. Home Science M.A. Home Science M.A. Drawing & Painting
D. Pharma COLLEGE CODE : 2143/3059 B.El.Ed. D.El.Ed.(BTC) B.Ed.
Contact No.
9412287776, 9412288876
9412288878, 9457507777
चेयरमैन -
डा. हरीशंकर गंगवार
9412287777

SSVGI
SHRI SIDDHI VINAYAK
GROUP OF INSTITUTIONS
16 Years Educational Exellence
ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
• SSVIT I B.Tech (CS • IT • ME • CE • EE • EC) | M.Tech (CS • ME)
• SSVIM I MBA • Int. MBA • BBA • BCA • B.COM • B.COM (H) B.SC (PCM) • B.SC (ZBC) • B.SC (Home Sci. • Biotech)
• SSVP I Polytechnic (ME(A) • ME(P) • IT • EC • EE • CE)
• SSVSN I GNM • ANM
• SSVIP I D.Pharma • B.Pharma
• SSVIPS I Diploma in Optometry • Emergency & Trauma care X-Ray Tech. • Dialysis • Physiotherapy • O.T. Tech.
Why Enroll @ SSVGI
• Career-Focused Education
• Best Placement In the Region
• High-Tech Academic Infrastracture
• Highly Experienced Faculty
20 LPA Highest CTC
4.5 LPA Average CTC
92% Placement in Past 5 Year
1200+ SSVGIians Placed in Top MNC's
2000+ Placement Offers
550+ Recruitment Partners
7599471145, 7599471144 | www.ssvgi.org
Campus: 10th Km Stone, Nainital Rd, Bareilly, U.P.
City Office: Avas Vikas Complex, Sheel Chauraha, Bareilly

## एक नजर

### दहेज उत्पीड़न के मामले में पति समेत ससुराल के नौ लोग तलब

विधि संवाददाता, बरेली : दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला को तीन वर्ष पूर्व पति, ससुराल वालों ने उत्पीड़न कर घर से निकाल दिया था। न्यायिक मजिस्ट्रेट शुभम ने मामले में पति समेत ससुराल के नौ लोगों को दहेज उत्पीड़न, मारपीट व अपमानित करने की धाराओं में विचारण के लिए सम्मन भेजकर तलब किया है, मामले में सुनवाई 24 जुलाई को होगी। वादिनी दीपा रुहेला ने अपने अधिवक्ता हर्ष कुमार अग्रवाल के जरिए अदालत में परिवाद प्रस्तुत कर उल्लेख किया था कि 2 फरवरी 2013 को रामपुर मिलक निवासी अनुराग के साथ उसकी शादी हुई थी। शादी में पिता का तकरीबन 10 लाख रुपये खर्च हुए लेकिन पति व ससुराल वाले दिये गये दान-दहेज से खुश नहीं थे और दहेज में गाड़ी, दो लाख रुपये व एक मकान मांगते थे। मना करने पर मारपीट, गाली गलौज करते थे। 12 फरवरी 2022 को मारपीट कर घर से निकाल दिया। अदालत ने विवाहिता के पति अनुराग, सास विनिता रुहेला, ससुर विजय कुमार रुहेला, देवर अश्विनी रुहेला, चचिया ससुर संजय रुहेला, चचिया सास मंजू रुहेला, देवर अक्षय रुहेला, ननद आंचल रुहेला को तलब किया है।

### किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

विधि संवाददाता, बरेली: पड़ोसी के घर मोबाइल चार्ज करने गई किशोरी (14) के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी थाना बिथरी चैनपुर क्षेत्र निवासी संजीव कुमार की जमानत अर्जी स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट रामानंद ने खारिज कर दी। सरकारी वकील सरनाम सिंह ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना बिथरी चैनपुर में तहरीर देकर बताया था कि 18 अप्रैल की रात आंधी तूफान आने के कारण उसके घर की बिजली खराब हो गई थी। उसकी पुत्री मोबाइल चार्ज करने के लिए पड़ोसी संजीव के घर गई थी। संजीव ने मोबाइल चार्ज करने के लिए कमरे में बुलाया और दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। संजीव के भाई मुनीश ने कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया। संजीव ने पुत्री के साथ दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बनाया। किसी को बताने पर उसे व परिवार को मारने की धमकी दी।

# तौकीर रजा के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई

## विहिप और बजरंग दल के पदाधिकारी एसएसपी से मिले

कार्यालय संवाददाता, बरेली


एसएसपी कार्यालय में विरोध जताते विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

● मौलाना पर साम्प्रदायिक माहौल बिगाड़ने का आरोप

अमृत विचार : विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने सोमवार को एसएसपी से शिकायत कर आईएमसी प्रमुख तौकीर रजा खां के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। दोनों संगठनों के पदाधिकारियों का आरोप है कि तौकीर रजा माहौल खराब करने के उद्देश्य से साम्प्रदायिक बयान बाजी कर रहे हैं। जिससे लोगों में रोष है।

विहिप के विभाग मंत्री मानवेंद्र सिंह ने कहा कि मौलाना तौकीर रजा सुर्खियों में बने रहने के लिए विवादित बयान देते रहते हैं। बजरंग दल और विहिप के खिलाफ भी उन्होंने बयानबाजी की थी। आरोप है कि कुछ समय पहले उनके समर्थक ने बजरंग दल के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी। शिकायत पर नदीम कुरैशी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई, तब नदीम ने माफी मांगी थी। इसके बाद तौकीर रजा बौखला गए हैं। उन्होंने मांग की है कि तौकीर रजा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कार्रवाई की जाए। इस मौके पर आशु अग्रवाल, संजय शुक्ला ने आरोप लगाया कि लड़कियों को परेशान करने वाले हैदरी दल को तौकीर रजा ही सह दे रहे हैं। आरोप है कि तौकीर रजा कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन कर रहे हैं। इस मौके पर आंवला जिलाध्यक्ष संजय सिंह भदौरिया, बहेड़ी जिला मंत्री अविनाश मिश्रा, दिव्य चतुर्वेदी, विकास सोमवंशी, राजकुमार राजपूत, नीरज चौरसिया, सर्वेश यादव, दीपक सक्सेना, अमित कुमार, आशीष शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आईएमसी नेताओं ने गिरफ्तारी देने की कोशिश की, पुलिस ने रोका

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● मुसलमानों पर हो रहे अत्याचार के विरोध में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन पुलिस को दिया

अमृत विचार: आईएमसी के महानगर अध्यक्ष के नेतृत्व में सोमवार को भी आईएमसी कार्यकर्ताओं ने गिरफ्तारी देने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक लिया। इसके बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन बारादरी पुलिस और एलआईयू को सौंपा।

मुसलमानों पर अत्याचार और एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाते हुए आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने रविवार को अपने 10 साथियों के साथ गिरफ्तारी देने का ऐलान किया था लेकिन पुलिस ने उन्हें घर में ही रोक दिया था। तब तौकीर रजा ने कहा था कि सोमवार को उनके 72 साथी गिरफ्तारी देंगे। सोमवार को आईएमसी के महानगर अध्यक्ष अनीस मियां 72 लोगों के साथ गिरफ्तारी देने जा रहे थे, लेकिन बारादरी पुलिस ने उन्हें रोक लिया। पुलिस ने समझाते हुए कहा कि दूसरे संगठन के लोग भी विरोध कर रहे हैं, ऐसे में आमने-सामने आने से हालात बिगड़ सकते हैं। जिसके बाद महानगर अध्यक्ष ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन बारादरी पुलिस और एलआईयू को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि देश में मुसलमानों पर अत्याचार किए जा रहे हैं। वक्फ की जमीन मुसलमानों से छीनी जा रही है। मुसलमानों के खिलाफ एकतरफा कार्रवाई की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### टिप्पणी के विरोध में कथावाचक का पुतला फूंका



बरेली, अमृत विचार : कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के खिलाफ कायस्थ समाज में उबाल है। भगवान चित्रगुप्त पर टिप्पणी के विरोध में सोमवार को कायस्थ संगठनों ने डीडीपुरम के शहीद चौक पर प्रदीप मिश्रा का पुतला फूंका। वहीं, प्रियदर्शनी नगर में डॉ. विकास वर्मा की ओर से एक विरोध सभा की गई। महामंडलेश्वर डॉ. शिवानंद ने समाज के लोगों से कथावाचक प्रदीप मिश्रा की कथाओं का बहिष्कार करने और धर्म विरोधी कथाओं को सुनना और देखना बंद करने की अपील की है। डॉ. विकास वर्मा ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त सभी के आराध्य हैं। उनका अपमान संपूर्ण समाज का अपमान है। डॉ. पवन सक्सेना ने कहा कि अमर्यादित टिप्पणी कर समाज में दरार पैदा करने वाले के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाए। अंकुर किशोर सक्सेना ने कहा कि प्रदीप मिश्रा का विरोध सड़कों पर होना चाहिए। आलोक सक्सेना ने कहा कि आस्था से खिलवाड़ को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। संजय सक्सेना ने बताया कि मंगलवार सुबह 11 बजे सेठ दामोदर स्वरूप पार्क पर समाज के लोग एकत्र होकर डीएम को ज्ञापन देने जाएंगे। वेद प्रकाश कातिब, डॉ. मनोज कुमार, उदित सक्सेना, शैलेंद्र सक्सेना, शिवांग सक्सेना, सत्यम सक्सेना, अपुल श्रीवास्तव, देवेन्द्र सक्सेना, परनीत सक्सेना, राहुल राय, अनुज कांत सक्सेना, धर्मेन्द्र सक्सेना, अश्वनी जौहरी, रश्मि प्रधान, आलोक प्रधान, राज बहादुर सक्सेना, धर्मेन्द्र सक्सेना, रविन्द्र सक्सेना, सुधांशु सक्सेना, धर्मेश सोना, योगेश सक्सेना, श्वेत सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### अमेरिका और इजराइल हैं इस्लाम के दुश्मन : शहाबुद्दीन

बरेली, अमृत विचार : आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने इजराइल का ईरान की राजधानी तेहरान पर हमला और फिर ईरान की जवाबी कार्रवाई के मुद्दे पर कहा कि अमेरिका और इजराइल दोनों देश इस्लाम के दुश्मन हैं। उन्होंने सोमवार को बयान जारी करते हुए अमेरिका और इजराइल का विरोध कर अरब देशों को भी चेताया। मौलाना ने कहा कि इजराइल द्वारा फिलीस्तीन के शहर गाजा में कत्लेआम पर पूरी दुनिया खामोश तमाशाई बनी है, लेकिन अफसोस की बात यह है कि मानवता की दुहाई देने वाले देश तमाशा देख रहे हैं, संयुक्त राष्ट्र और अरब लीग और ओआईसी जो इंटरनेशनल कानून की रखवाली करते हैं वो भी तमाशा देख रहे हैं। अमेरिका हमेशा इजराइल का समर्थन करता रहा है, अगर अमेरिका इजराइल को संरक्षण और असलहा सप्लाई करना बंद कर दे तो इजराइल अरब देशों और फलस्तीन पर जुल्म करने की हिम्मत नहीं जुटा सकता।

### ताजुश्शरिया सोसायटी की मदद से नीट में पाई कामयाबी

बरेली, अमृत विचार : दरगाह आला हजरत से जुड़ी संस्था ताजुश्शरिया सोसायटी की मदद से इस बार छह छात्रों ने नीट में सफलता पाई। सोसाइटी के संस्थापक फरमान हसन खां आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा दे रहे हैं। सोसाइटी की तरफ से इस बार 150 बच्चों को जनकपुरी स्थित कोचिंग में नीट की मुफ्त कोचिंग कराई गई। जिसमें छह छात्रों ने नीट में अच्छे अंक पाए। संजीव कुमार ने 407, मो. सलीम ने 496, बुशरा खान ने 384, मो. जैद ने 475, अमन खान ने 442, जैनुल खान ने 436 अंक प्राप्त किए। फरमान मियां ने कहा कि सोसाइटी का मिशन है कि समाज के निचले तबके तक स्वास्थ्य और शिक्षा पहुंचे। इस उपलब्धि पर मोइन खान, शमीम अहमद, मौलाना शम्स, सूफी अबरार अहमद नूरी, कारी फैजान अशरफ, हाफिज आमिर, जफर बेग, जनार्दन आचार्य, बिट्टू सिंह, जहीर अहमद ने बच्चों को बधाई दी है।

### घर में घुसकर महिला से की छेड़खानी

बरेली, अमृत विचार : बारादरी क्षेत्र की महिला ने मोहल्ले के ही छह लोगों के खिलाफ एसएसपी को शिकायती पत्र दिया है। महिला ने बताया कि उनके घर के सामने जरी का कारखाना है। जिसमें एक युवक कार्य करता है। जब उसकी बेटी वहां से निकलती है तो आरोपी उनकी बेटी से छेड़छाड़ और उस पर अश्लील कमेंट करता है। विरोध करने पर आरोपी युवक और उसके आठ साथी 14 जून को घर में घुस आए और मारपीट और उनकी बेटी से छेड़छाड़ करने लगे। विरोध करने पर उनकी भतीजी को भी पीटा है।

### लंबित राजस्व वादों को शीघ्र निस्तारित करें

बरेली, अमृत विचार : जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने सोमवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक कर अधीनस्थों को पांच साल से अधिक समय से लंबित राजस्व वादों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने किसानों को गन्ना पर्ची शत-प्रतिशत वितरित न हो पाने के कारण पर नाराजगी जताई और इसमें सुधार के निर्देश दिये। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए सुधार करने और अलग से समीक्षा के लिए बैठक कराने के निर्देश दिए। उपायुक्त उद्योग को सीएम युवा योजना के तहत लंबित प्रकरणों में शीघ्र ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। आईजीआरएस के अंतर्गत जिस शिकायतकर्ता की शिकायत का निस्तारण करें, उससे फोन पर वार्ता कर फीडबैक भी लें।

### छह दिवसीय ज्योतिष कैंप का समापन



बरेली, अमृत विचार : बीइंग स्पिरिचुअल फाउंडेशन ( बीएसएफ) की ओर से आयोजित छह दिवसीय ज्योतिष कैंप का समापन हो गया। कैंप में 158 लोगों ने कुंडली विश्लेषण, वैवाहिक समस्याएं, करियर एवं शिक्षा संबंधी मार्गदर्शन, धन, स्वास्थ्य एवं ग्रह दोष निवारण पर राजस्थान के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य अजय चौहान से परामर्श प्राप्त किया। 116 लोगों ने आध्यात्मिक गुरु धर्मेंद्र कुमार से ऑरा स्कैनिंग, क्रिस्टल हीलिंग, नकारात्मक ऊर्जा का समाधान, पास्ट लाइफ थेरेपी द्वारा जीवन में होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निवारण प्राप्त किया। संस्था के मीडिया प्रभारी आशीष जौहरी ने बताया कि यह कैंप 11 से 16 जून तक आयोजित हुआ, जिसमें बरेली वासियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि मीडिया क्षेत्र के साथियों एवं उनके परिवार के लिए मंगलवार को एक दिवसीय निशुल्क कैंप रहेगा।

## फार्मर रजिस्ट्री के मामले में 12वें पायदान पर जिला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● अप्रैल में प्रदेश में 32 वां स्थान था, जिले में 5,45,645 में से 2,94,3254 किसानों की अब तक हुई फार्मर रजिस्ट्री

अमृत विचार: फार्मर रजिस्ट्री की मई की रैंकिंग में बरेली प्रदेश में 12वें स्थान पर पहुंच गया है। जबकि अप्रैल में जिला प्रदेश में 32वें स्थान पर था। उप कृषि निदेशक अभिनंदन सिंह ने मुताबिक इस माह जारी होनी वाली रैंकिंग में बरेली प्रदेश की टॉप टेन सूची में शामिल होगा।

उप कृषि निदेशक ने बताया कि जिले में 5,45,645 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाई जानी है। दो महीने पहले तक आधार समेत अन्य जरूरी कागजातों और खतौनी में अलग-अलग नाम होने के कारण परेशानी आ रही थी। डीएम के निर्देश पर जिलेभर में कृषि विभाग की टीमें सक्रिय की गईं। ब्लाकों में शिविर लगाए गए, जनसेवा केंद्रों पर निगरानी बढ़ने का फायदा यह हुआ कि काम में तेजी दिखी। अधिकारी व कर्मचारी लगातार किसानों से संपर्क कर रहे हैं। ग्राम पंचायतों में शिविर लगाए जा रहे हैं। फार्मर रजिस्ट्री के लिए खतौनी, आधार नंबर, पंजीकृत मोबाइल आदि दस्तावेजों पर दर्ज नाम, पिता का नाम और अन्य अलग होने से इसमें दिक्कत आ रही है। जिन किसानों के दस्तावेजों में नाम अलग-अलग हैं, उनसे उन्हें सही कराने के लिए जागरूक किया जा रहा है। किसानों से अपील कि फार्मर रजिस्ट्री चार मोड में कराई जा चुकी है।

## मुफ्ती के कहने पर एकत्र करते थे चंदा

कार्यालय संवाददाता, बरेली



पुलिस गिरफ्त में हैदरी दल के सदस्य।

● पूछताछ के बाद हैदरी दल के दोनों सदस्यों को जेल भेजा
● मुफ्ती खालिद की तलाश में जुटी कोतवाली पुलिस

अमृत विचार : हैदरी दल के दो और सदस्यों को गिरफ्तार करके कोतवाली पुलिस ने सोमवार को जेल भेज दिया। पकड़ा गया आरोपी जैश हैदरी दल से लोगों को जोड़ने के लिए मुफ्ती खालिद के कहने पर चंदा एकत्र करता था और शानू इंस्टाग्राम आईडी को चलाता था। वह सार्वजनिक स्थानों पर अपने धर्म की युवतियों को दूसरे धर्म के मर्दों के साथ देखकर उनके वीडियो इंस्टाग्राम पर अपलोड करता था।

कोतवाली इंस्पेक्टर अमित पांडेय ने बताया कि दोनों युवकों ने इंस्टाग्राम पर दो समुदायों के बीच नफरत फैलाने की साजिश रची है। इससे पहले इसी दल के समीर रजा और शाहबाज को पुलिस इस प्रकरण में जेल भेज चुकी है। पकड़े गया मोहम्मद जैश रिजवी असलम कॉलोनी बैरियर टू थाना इज्जतनगर का रहने वाला है। वह होम्योपैथिक मेडिसिन का छात्र है। वह क्लिनिक पर हैदरी दल के सदस्यों के साथ बैठक करता था।

वहीं शानू कंप्यूटर साइंस का छात्र है। वह बहेड़ी के मोहल्ला लोधीपुर का निवासी है। शानू हैदरी दल नाम से इंस्टाग्राम पर चल रही आईडी संचालित करता है। पकड़े गए दोनों आरोपियों के मोबाइल में हैदरी दल नाम से एक्टिव वाट्सएप ग्रुप और इंस्टाग्राम चैनल मिले हैं। इन प्लेटफॉर्म्स पर मुस्लिम युवतियों के पहनावे और उनके मेलजोल पर आपत्तिजनक बातें की जा रही थीं। दोनों आरोपियों के पास से तीन मल्टीमीडिया मोबाइल बरामद किए गए हैं, जिनमें वीडियो, चैट्स और ग्रुप्स से जुड़े सबूत मिले हैं। इन्हीं के आधार पर पुलिस ने पहले से दर्ज मुकदमे में इन दोनों को भी आरोपी बनाया है। पुलिस ने सोमवार को दोनों को जेल भेज दिया। जबकि मुफ्ती खालिद को पुलिस तलाश रही है।



### सफाई के लिए पुलिया की बंद, रेल ट्रैक पर दौड़ने लगी बाइकें





सुभाषनगर पुलिया के नीचे जलभराव की वजह से सोमवार दोपहर में सफाई का काम शुरू हुआ तो रास्ता बंद करने के लिए बैरिकेडिंग की गई। इस पर लोगों को आवागमन में परेशानी हुई। फिर क्या, रेल ट्रैक पर ही लोगों ने बाइकें दौड़ानी शुरू कर दी। उन्हें यह भी डर नहीं, कहीं कोई ट्रेन आ जाए तो बचेंगे कैसे। वहीं बाइक सवार बरेली जंक्शन के एक नंबर प्लेटफार्म से निकलने लगे। इससे यात्री परेशान होने लगे। सीएमआई मोहम्मद इमरान और आरपीएफ ने पहुंचकर तीन बाइकों को सीज कर दिया। ● अमृत विचार

## मध्यांचल मुख्यालय ने मांगी बिजली चोर छोड़ने के मामले की रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : शहरी क्षेत्र की विजिलेंस टीम पर बिजली चोरी पकड़कर छोड़ने के आरोप लगे हैं। शिकायत पर मध्यांचल मुख्यालय ने अधिकारियों से मामले में रिपोर्ट तलब की है।

लाइन लॉस कम करने के लिए मुख्य अभियंता के निर्देश पर विभाग के साथ विजिलेंस टीम हर रोज चेकिंग अभियान चला रही है। आरोप है कि शनिवार को विजिलेंस और विद्युत निगम की संयुक्त टीम ने छापामार कार्रवाई की। इस दौरान सुभाषनगर और अशरफ खां छावनी में कई जगह पर बिजली चोरी पकड़ी गई। लेकिन विजिलेंस टीम में शामिल एक कंप्यूटर आपरेटर ने कुछ मामले लेनदेन करके छोड़ दिए। अधिवक्ता मुहम्मद खालिद जीलानी ने इसकी शिकायत सीओ विजिलेंस और विभाग के अधिकारियों के साथ एक्स पर की थी। शिकायत का संज्ञान लेते हुए मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के मुख्यालय ने अधिकारियों से पूरे मामले की रिपोर्ट मांगी है।

## कृषक दुर्घटना बीमा : 39 आश्रित परिवारों को 1.95 करोड़ रुपये बांटे


पात्रों को सहायताराशि का चेक प्रदान करते जनप्रतिनिधि और अधिकारी।

बरेली : कलेक्ट्रेट के सभागार में कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत 39 पात्र परिवारों को सहायता राशि का वितरण किया गया। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने पात्र लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक सौंपे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना अंतर्गत 11,690 आश्रित परिवारों को 561.86 करोड़ रुपये की सहायता राशि वितरण की। जिसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में भी दिखाया गया। जिसमें सांसद छत्रपाल गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, सदस्य विधान परिषद बहोरन लाल मौर्य, विधायक कैंट संजीव अग्रवाल, विधायक फरीदपुर प्रो. श्याम बिहारी, डीएम अविनाश सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व संतोष कुमार सिंह, एडीएम न्यायिक देश दीपक सिंह, एसडीएम सदर प्रमोद कुमार आदि उपस्थित रहे। योजना में तहसील सदर के 3, आंवला के 16, बहेड़ी के 9, मीरगंज के 6, नवाबगंज 1, फरीदपुर के 4 सहित 39 आश्रित परिवारों को आर्थिक सहायता धनराशि वितरण की गई।

## शादी के लिए खर्च बढ़ाया मगर 50 फीसदी से ज्यादा लक्ष्य कम कर दिया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● पिछले वित्तीय वर्ष में 1985 जोड़ों के विवाह का मिला था लक्ष्य
● इस बार शासन ने 910 शादियां कराने का विभाग को दिया है लक्ष्य

अमृत विचार : मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत इस वर्ष एक जोड़े की शादी में एक लाख रुपये की धनराशि खर्च की जाएगी, मगर शासन से सामूहिक शादियां कराने के लिए पिछले वित्तीय वर्ष की अपेक्षा इस बार लक्ष्य 50 फीसदी से भी कम कर दिया गया है।

समाज कल्याण विभाग को इस साल 910 जोड़ों की शादी कराने का लक्ष्य दिया गया है। शासन से लक्ष्य मिलने के बाद डीएम की ओर से सामूहिक विवाह की तैयारियां कराने के लिए विभागों को पत्र जारी किया गया है।

गरीब बेटियों के हाथ पीले करने के लिए सरकार सामूहिक विवाह योजना के तहत अभी तक एक शादी पर 51 हजार रुपये खर्च करती थी, मगर इस बार से शादी में खर्च का दायरा बढ़ाते हुए एक लाख रुपये कर दिया गया है। शासन ने चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में 910 शादी कराने का लक्ष्य दिया है, जबकि पिछले साल 1985 शादियों का लक्ष्य था। हालांकि, बड़ी संख्या में आए आवेदनों को देखते हुए विभाग ने शासन से धन की मांग करते हुए अलग-अलग तारीखों में 2 हजार से ज्यादा शादियां कराईं थी। इस बार जारी लक्ष्य 50 फीसदी से भी कम कर दिया गया है। डीएम अविनाश सिंह की ओर से सोमवार को नगर आयुक्त, सभी बीडीओ, नगर पालिका और नगर पंचायतों के ईओ को पत्र जारी किया गया, जिसमें सभी को अलग-अलग शादियां कराने का लक्ष्य दिया गया है। शुभ मुहूर्त में शादियां कराईं जाएंगी। डीएम ने योजना का अधिक से अधिक प्रचार कराकर आवेदन कराने के आदेश दिए हैं। किस विभाग के अधिकारी को क्या करना है, डीएम ने इसकी भी जिम्मेदारी तय कर दी है।

### लक्ष्य का किया आवंटन

नगर निगम को 20, आलमपुर जाफराबाद ब्लॉक को 40, रामनगर को 30, बिथरी चैनपुर को 30, भोजीपुरा को 50, क्यारा को 30, फरीदपुर को 30, भुता, नवाबगंज, भदपुरा, मीरगंज, फतेहगंज पश्चिमी, बहेड़ी, शेरगढ़ को 60-60, रिछा को 40, मझगवां को 30, आंवला, फरीदपुर को 10-10 शादियां कराने का लक्ष्य मिला है। जबकि, नगर पालिका और नगर पंचायतों को 10-10 शादियों का लक्ष्य आवंटित किया गया है।

## डीडीओ कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारी सुनेंगे समस्याएं

बरेली, अमृत विचार : विकास विभाग से जुड़ी समस्याओं की शिकायत और समाधान के लिए डीडीओ कार्यालय पर हेल्प डेस्क का गठन कर नंबर भी जारी कर दिया गया है। सीडीओ देवयानी ने डीडीओ को नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए उनके सीयूजी नंबर को शिकायत दर्ज कराने के लिए जारी कर दिया है। लेकिन बैठकों में होने तो कहीं अन्य सरकारी कार्यों में व्यस्त होने की वजह से शिकायतों को दर्ज करने में समस्या हो रही है। इसको लेकर डीडीओ ने स्थाई व्यवस्था कर दी है। उन्होंने कार्यालय में हेल्प डेस्क गठित करते हुए नंबर 05812511871 जारी कर दिया है। डीडीओ दिनेश कुमार ने बताया कि विकास विभाग से संबंधित समस्या और शिकायतों को सुनने के लिए कार्यालय में तैनात प्रशासनिक अधिकारी को नामित कर दिया गया है। प्रशासनिक अधिकारी फोन पर शिकायतों को सुनकर दर्ज करेंगे।

## एक नजर

### एबीवीपी के पूर्व विस्तारक ने एसएसपी से की शिकायत

बरेली, अमृत विचार : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व विस्तारक निखिल राजपूत ने अपने ही संगठन के दो पदाधिकारियों पर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए एसएसपी से शिकायत की है। निखिल राजपूत ने बताया कि शनिवार दोपहर दो बजे वह बरेली कॉलेज के पूर्वी गेट पर खड़े था, तभी संगठन के कई पदाधिकारी वहां पहुंचे। आरोप है कि राजनीतिक द्वेष के चलते इन लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में महानगर मंत्री आनंद कठेरिया ने बताया कि एबीवीपी के पूर्व विस्तारक निखिल राजपूत को असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त रहने के चलते संगठन से निष्कासित किया गया है। उनके सभी आरोप बेबुनियाद हैं।

### चयन वेतनमान को लेकर शिक्षकों का धरना स्थगित

बरेली, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला इकाई ने शिक्षकों के चयन वेतनमान को लेकर बीएसए, लेखाधिकारी व जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौंपा था। जिसमें समस्या का निदान न होने पर 17 जून को धरना देने का एलान किया था। शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार ने बताया जिलाधिकारी के हस्तक्षेप के बाद शिक्षकों के चयन वेतनमान की कार्यवाही में तेजी आई है। इस वजह से धरना स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यदि 24 जून तक शिक्षकों के चयन वेतनमान की सभी कार्यवाही पूरी नहीं होती तो 25 जून को धरना दिया जाएगा। जिसमें मांडलिक मंत्री केसी पटेल, जिला मंत्री बलबीर सिंह समेत सभी सदस्य शामिल होंगे।

### परिषदीय स्कूलों का समय परिवर्तित हुआ

बरेली, अमृत विचार : परिषदीय विद्यालय केवल शिक्षकों के लिए खोले गए हैं। बिना छात्रों के स्कूल में शिक्षक पूरा समय क्या करेंगे इसको लेकर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने स्कूल का समय 7 से 11 बजे तक करने की मांग की थी। जिला अध्यक्ष प्रियंका शुक्ला ने बताया कि मांग को स्वीकारते हुए शासन ने स्कूल का समय 8 से 2 बजे के बजाय 7 :45 से 12 :30 तक कर दिया है।

### बीएसए संजय सिंह का तबादला, बस्ती जिले के डीआईओएस बने

बरेली, अमृत विचार : बीएसए संजय सिंह का सोमवार को तबादला कर दिया गया। उन्हें बस्ती का डीआईओएस बनाया गया है। उनका कार्यकाल जिले में 1.5 से अधिक समय तक रहा। उनकी पदोन्नति लगभग 6 माह पहले ही हो चुकी है। इसके अलावा रामपुर के डीआईओएस मुन्ने अली को क्षेत्रीय बोर्ड कार्यालय में अपर सचिव बनाए गया है। लंबे समय से खाली चल रहे बेसिक शिक्षा विभाग के वित्त एवं लेखा अधिकारी का पदभार रामपुर के लेखाधिकारी जगवीर सिंह संभालेंगे। अब तक इस पद का अतिरिक्त प्रभार चिट फंड अधिकारी नीरज पाठक पर था।

# जज्बा: बेटे के साथ पिता ने पास की पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा

## पिता शाहजहांपुर तो बेटा बरेली पुलिस लाइन में आरक्षी की ट्रेनिंग करेगा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एक साथ की तैयारी, पिता-पुत्र गौतमबुद्धनगर के गांव उदयरामपुर नगला के हैं निवासी

अमृत विचार : सेना से सेवानिवृत्त एक जवान ने बेटे के साथ पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा-2023 उत्तीर्ण कर युवाओं के लिए बड़ा संदेश दिया है।

एक साथ परीक्षा पास करने पर लोग उन्हें बधाई दे रहे हैं। सोमवार दोपहर गांव पहुंचने पर लोगों ने उनका ढोल-नगाड़ों और फूल मालाओं से स्वागत किया। पिता शाहजहांपुर तो बेटा बरेली पुलिस लाइन में प्रशिक्षण प्राप्त करेगा। दोनों को 17 से 22 जून तक ट्रेनिंग स्थल पहुंचना है।

गौतमबुद्धनगर की तहसील धौलाना के गांव उदयरामपुर नगला इस वक्त खुशी का माहौल है। यहां के यशपाल सिंह और उनका बेटा शेखर एक साथ पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा 2023 में चयनित होने के बाद ट्रेनिंग पर जाने वाले हैं।

यशपाल सिंह ने बताया कि वह सेना के तोपखाना में बतौर सैनिक भर्ती हुए थे। 2019 में वह सेवानिवृत्त हुए। उन्होंने वर्ष 2022 में उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक परीक्षा दी, लेकिन वह दो नंबर से रह गए। उनका चयन नहीं हो सका, मगर उन्होंने हार नहीं मानी। वर्ष 2023 में उन्होंने और उनके बेटे ने पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा में आवेदन किया। दोनों का नंबर आया तो परिवार और गांव में खुशियां छा गईं। पहले वह बार्डर पर रहकर देश के दुश्मनों से टकराते थे, अब कानून व्यवस्था तोड़ने वालों को कानून का पाठ पढ़ाएंगे।

### यशपाल बोले-जब वह परीक्षा पास कर सकते हैं तो नौजवान क्यों नहीं

यशपाल सिंह नागर ने बताया कि सोमवार दोपहर बाद वह तीन बजे के करीब गांव पहुंचे। वहां पहुंचते हुए गांव के लोगों ने उनका और बेटा का भव्य स्वागत किया। पूरा गांव खुश है। कहा कि यदि मेहनत और लगन से जो भी कार्य किया जाए, वह कभी असफल नहीं होता है। युवकों को संदेश दिया कि जब एक अधेड़ व्यक्ति परीक्षा पास कर सकता है तो नौजवान क्यों नहीं। बस जज्बा और लगन होनी चाहिए, यदि कभी असफल हो भी जाओ तो दोबारा दोगुनी ताकत से उठो और गलतियों को सुधारते हुए आगे बढ़ो।


बेटे शेखर के साथ यशपाल सिंह। ● अमृत विचार

### गांव के 50 युवकों में से हम दोनों ही पास हुए

यशपाल सिंह ने बताया कि जब उन्हें और उनके बेटे को एक साथ नियुक्ति पत्र मिले तो चेहरा खिल उठा। उनका बेटा शेखर पढ़ने में मेधावी रहा। पहली बार में परीक्षा उत्तीर्ण कर ली। उनके गांव के कुल 50 लड़कों ने आवेदन किया था, लेकिन शेखर और वह ही पास हुए। बताया कि उन्होंने सेना में रहते हुए बीए किया। जबकि बेटा ने घर पर रहकर पढ़ाई की। उन्होंने और उनके बेटे ने एक साथ ऑनलाइन कक्षा ज्वाइन की थी और एक साथ परीक्षा में पास हुए। वहीं, शेखर ने बताया कि मां अनीता देवी गृहिणी हैं। एक बहन नेहा नागर पढ़ाई कर रही हैं। छोटे भाई ने कक्षा 12 वीं पास की है। बताया कि आगे भी परीक्षाओं की तैयारी निरंतर जारी रहेगी।

# चार साल में बांटे गए टैबलेट-स्मार्टफोन की जांच शुरू

## नोडल अधिकारी एडीएम सिटी ने कई विभागों के 25 से अधिक अधिकारियों को जांच टीम में शामिल किया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिले में एक लाख से अधिक बांटे गए टैबलेट और स्मार्टफोन
- शासन ने जांच करने के लिए 12 बिंदुओं पर प्रारूप जारी किया

अमृत विचार : स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत चार साल में जिले के सरकारी, अर्द्धसरकारी, निजी कॉलेजों और संस्थानों को आवंटित किए गए एक लाख से अधिक टैबलेट्स और स्मार्टफोन की जांच शुरू कराई गई है। प्रत्येक, कॉलेज और संस्थान का स्थलीय निरीक्षण कर जांच अधिकारी टैबलेट और स्मार्टफोन पाने वाले बच्चे का सत्यापन कर रहे हैं। शासन की ओर से जारी 12 बिंदुओं पर जांच होगी।

योजना के नोडल अधिकारी एडीएम सिटी सौरभ दुबे ने जिले के नायब तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, सहायक श्रमायुक्त, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, आबकारी निरीक्षक के पदों पर तैनात 25 से अधिक अधिकारियों को जांच के लिए लगाया है। अधिकारियों के अनुसार शासन से जनपद को 58760 स्मार्ट फोन और 50233 टैबलेट्स प्राप्त हुए थे। योजना के अंतर्गत डिजी शक्ति पोर्टल पर प्रदर्शित हो रही पेंडेंसी के अनुसार 58690 स्मार्टफोन और 47680 टैबलेट्स बांटे गए। जानकारी में यहां तक आया है कि 69 स्मार्टफोन और 949 टैबलेट्स संस्थानों ने वितरित नहीं किए हैं। वहीं, नोडल अधिकारी एडीएम सिटी ने आदेश जारी करते हुए जांच अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जांच के लिए प्रत्येक नामित अधिकारी सूची में अपने नाम के सम्मुख अंकित शैक्षिक संस्थान का स्थलीय निरीक्षण कर निर्धारित प्रारूप पर जांच कर अपनी सुस्पष्ट आख्या कार्यालय में प्रस्तुत करें। इस योजना के अंतर्गत शैक्षिक संस्थान से जांच में यह भी सुनिश्चित कर लें कि उनके द्वारा इस डिवाइस का वितरण किए जाने में लापरवाही तो नहीं बरती गई। यदि किसी प्रकार की कोई अनियमितता पाई गई तो निर्धारित प्रारूप के कॉलम-12 में उसे दर्ज करें। दरअसल, जिले के कई संस्थानों की शासन स्तर पर शिकायतें पहुंची हैं कि फीस जमा न होने पर छह-छह महीने संस्थानों ने टैबलेट्स बच्चों को वितरित नहीं किए।

### इन बिंदुओं पर अधिकारियों को करनी है जांच

कॉलेज, संस्थान का नाम कोड संख्या सहित, पंजीकरण वर्ष, छात्रों की पंजीकरण संख्या, कितने छात्रों की केवाईसी कराई गई, कितने छात्रों की केवाईसी होना शेष है, कितने छात्रों को टैबलेट्स वितरित किए गए, केवाईसी के बाद कितने छात्रों को टैबलेट्स वितरित नहीं किए गए, छात्रों को वितरित किए गए टैबलेट्स की संख्या, छात्रों को वितरित होने के लिए अवशेष टैबलेट्स की संख्या, टैबलेट्स वितरित न होने का स्पष्ट कारण, अन्य विवरण। इन्हीं बिंदुओं पर रिपोर्ट तैयार करनी है। इसके लिए प्रोफार्मा जारी किया गया है। वित्तीय वर्ष 2021-22 से लेकर 2024-25 तक बांटे गए स्मार्टफोन और टैबलेट्स की जांच की जानी है।

## परीक्षा कक्ष तक बुलेट से छात्रा को छोड़ने पहुंचा छात्रनेता, वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली कॉलेज : परीक्षा और सुरक्षा व्यवस्था पर उठ रहे सवाल
- मामला संज्ञान में आने पर प्राचार्य ने दिए जांच के आदेश

अमृत विचार : बरेली कॉलेज में परीक्षा कक्ष तक छात्रा को बुलेट से छोड़ने का एक छात्र नेता का वीडियो वायरल हो गया। इससे परीक्षा और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। मामले में प्राचार्य ने जांच के आदेश दिए हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सोमवार शाम की पाली में परीक्षा शुरू होने से पांच मिनट पहले बीकॉम ब्लॉक के पास बुलेट आकर रुकी। बुलेट से उतरा युवक छात्रा को कक्ष तक छोड़ने गया। बाइक चला रहा युवक खुद को छात्र नेता बता रहा था। किसी ने मोबाइल से इसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। वीडियो में दिख रहा है कि छात्रा परीक्षा देने के लिए कक्ष के बाहर तक बुलेट से आई और बिना किसी रोक-टोक के कॉलेज परिसर में बाहर भी चली गई। इस मामले का कॉलेज प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लिया है। प्राचार्य ने जांच के आदेश देते हुए संबंधित केंद्राध्यक्ष से रिपोर्ट मांगी है।

चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि यह अनुशासनहीनता का गंभीर मामला है। वीडियो की जांच की जा रही है। छात्र नेता की पहचान होते ही उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं, छात्रा से भी पूछताछ की जाएगी कि किस आधार पर छात्रा परीक्षा कक्ष तक बुलेट से पहुंची।

## योग को लेकर देशभर में उत्साह, फिर भी डिप्लोमा कोर्स में सीटें खाली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- हर वर्ष 30 से 40 सीटों को मिलती है स्वीकृति, इनमें से आधी भी नहीं भर पातीं
- शैक्षिक स्तर पर युवाओं में योग को लेकर अपेक्षित रुचि नहीं दिख रही

अमृत विचार : देशभर में योग को लेकर जागरूकता बढ़ रही है। केंद्र और राज्य सरकारें हर वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े स्तर पर मना रही हैं। स्कूल, कॉलेज, दफ्तरों और सार्वजनिक स्थलों पर योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। बावजूद शैक्षिक स्तर पर योग को लेकर युवाओं में अपेक्षित रुचि नहीं दिख रही है। यहां उच्च शिक्षण संस्थानों में संचालित योग डिप्लोमा कोर्स में आधे से ज्यादा सीटें खाली रहती हैं।

रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली कॉलेज और साहू राम स्वरूप महिला महाविद्यालय जैसे प्रमुख संस्थानों में योग विषय का एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स चल रहा है। ये कोर्स युवाओं को न केवल शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने की राह दिखाता है, बल्कि करियर की दृष्टि से भी लाभदायक है। योग प्रशिक्षक की मांग स्कूलों, हेल्थ क्लबों, एनजीओ और निजी स्तर पर लगातार बढ़ रही है। फिर भी इन कोर्सों में छात्र नामांकन के लिए उत्सुक नहीं दिख रहे हैं।

रुविवि और उससे संबद्ध कॉलेजों को हर वर्ष योग डिप्लोमा कोर्स की 30 से 40 सीटों की स्वीकृति मिलती है, लेकिन मुश्किल से आधी सीटें ही भर पाती हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि युवाओं में योग को लेकर करियर की स्पष्ट दिशा न होने के कारण वे तकनीकी और प्रोफेशनल कोर्सों की ओर ज्यादा आकर्षित हैं। जबकि योग न केवल रोजगार, बल्कि जीवन शैली सुधारने का भी एक वैज्ञानिक और प्राचीन भारतीय माध्यम है। रुविवि के मीडिया प्रभारी डॉ. अमित सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस बार योग कोर्स को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया और कॉलेज स्तर पर प्रचार-प्रसार तेज किया है। छात्रों को बताया जा रहा है कि कैसे एक योग प्रशिक्षक या थेरेपिस्ट के रूप में वे भविष्य संवार सकते हैं। यदि यही स्थिति रही तो आने वाले वर्षों में शैक्षणिक स्तर पर योग शिक्षा की गति प्रभावित हो सकती है, जो कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान की दिशा में एक चुनौती साबित होगी।

## सार-संक्षेप

### पीपी सिंह ने संभाला मुख्य वन संरक्षक का चार्ज



बरेली, अमृत विचार : पीपी सिंह ने सोमवार को मुख्य वन संरक्षक रुहेलखंड जोन का चार्ज संभाल लिया। विजय सिंह के सेवानिवृत्त होने के बाद उन्हें बरेली का चार्ज दिया गया है। प्रभागीय वनाधिकारी दीक्षा भंडारी ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। पीपी सिंह 1997 बैच के भारतीय वन सेवा के अधिकारी हैं। वह 2018-19 में वन संरक्षक बरेली के पद पर रह चुके हैं। वह मुख्य वन संरक्षक झांसी के पद पर भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वह लखनऊ में मुख्य वन संरक्षक प्रचार-प्रसार उत्तर प्रदेश के पद पर थे। अब वह मुख्य वन संरक्षक रुहेलखंड जोन बरेली और वन संरक्षक बरेली का कार्यभार देखेंगे। कार्यग्रहण करने के बाद उन्होंने सभी वन संरक्षक एवं प्रभागीय वनाधिकारियों के साथ पौधरोपण अभियान 2025 की तैयारियों की समीक्षा बैठक की।

### बारिश के बाद परिषदीय विद्यालय बने तालाब



बरेली, अमृत विचार : तेज बारिश के बाद नगर क्षेत्र के परिषदीय विद्यालय जलमग्न हो गए। प्राथमिक विद्यालय सूफी टोला सेकेंड, बालजती, प्राथमिक विद्यालय खलीलपुर, प्राथमिक विद्यालय चीनी मिल नेकपुर, प्राथमिक विद्यालय रहपुरा चौधरी आदि स्कूलों में बारिश के बाद स्कूलों में जलभराव देखा गया। वहीं छुट्टियों बाद पहुंचे शिक्षकों को स्कूल की सफाई के लिए जमकर मशक्कत करनी पड़ी।

### रावण ने भी की हनुमान के बल की प्रशंसा : आशीष मिश्र



बरेली, अमृत विचार : मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में चल रही सात दिवसीय श्रीरामकथा के तीसरे दिन सोमवार को कथा व्यास पंडित आशीष मिश्र ने बताया जब अंगद लंका पहुंचते हैं तो रावण उनसे कहता है कि रामदल में एक ही बलवान वानर है, जो शीलवान भी है। जब अंगद उस वानर का नाम पूछते हैं तो रावण बोलता है, इसी बात का दुख है कि उसका नाम हम नहीं जानते, बस यही जानते हैं कि वह पहली बार आया और नगर को उसने जला दिया। कथा व्यास बताते हैं कि हनुमान जी में इतना समर्थ है कि वह अपने भक्त के जीवन में अशुभ को शुभ में बदल देते हैं। हनुमान के आगे भी रामजी हैं और पीछे भी। सुशील अरोरा, रवि छाबड़ा, अनिल चड्ढा, राजेश अरोरा, विनोद भाटिया, विजय चड्ढा आदि उपस्थित रहे।

### हार्टफुलनेस ध्यान सत्र का कल होगा आयोजन



सीबीगंज, अमृत विचार : श्री रामचन्द्र मिशन की ओर से बुधवार को भारतीय पशु चिकित्सा एवं अनुसंधान संस्थान में हार्टफुलनेस ध्यान सत्र का आयोजन किया जाएगा। सोमवार को परसाखेड़ा स्थित आश्रम में हुई प्रेस वार्ता में आश्रम प्रबंधक पीसी पाठक ने बताया कि कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अतिथि डॉ. कमलेश डी पटेल शहर पहुंचेंगे। कार्यक्रम में व्यवहारिक ज्ञान के अलावा विकास, एकता, तनाव मुक्ति, मन के नियमन एवं चेतना के विकास के बारे में बताया जाएगा। हार्टफुलनेस संस्थान 160 से भी अधिक देशों में मानवता की सेवा के लिए निशुल्क प्रयासरत है। इस दौरान जोनल कार्डिनेटर मोहनस्वरूप, बीएस राठौर, संजीव चौधरी, डॉ. सीपी गंगवार आदि मौजूद रहे।

## गूगल से देखकर प्रश्नपत्र हल कर रहा था छात्र

- बरेली कॉलेज में एलएलबी परीक्षा में फ्लाइंग स्काउड ने पकड़े तीन नकचली

बरेली, अमृत विचार: बरेली कॉलेज में सोमवार को एलएलबी की परीक्षा के दौरान फ्लाइंग स्काउड ने तीन नकलचियों को पकड़ा। एक छात्र मोबाइल फोन की मदद से गूगल पर प्रश्नों के उत्तर खोजकर उत्तर पुस्तिका में लिख रहा था।

चीफ प्रॉक्टर प्रो आलोक खरे ने बताया कि फ्लाइंग स्काउड टीम जैसे ही परीक्षा कक्ष में पहुंची, उन्होंने कुछ छात्रों की गतिविधियों को संदिग्ध पाया। जांच के दौरान एक परीक्षार्थी के पास से मोबाइल फोन बरामद हुआ। मोबाइल के ब्राउजर ओपन थे और एलएलबी से संबंधित विषयवस्तु सर्च की जा रही थी। छात्रों की पहचान उनके रोल नंबर के आधार पर की गई और तुरंत कॉलेज प्रशासन को सूचना दी गई। इसके साथ ही दो अन्य परीक्षार्थियों को पर्ची से नकल करते हुए पकड़ा। कॉलेज प्रशासन ने सभी केंद्राध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि परीक्षा के दौरान सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई करें।

Admission Open
Session 2025-26
BIU College of Pharmacy BIUCOP Bareilly Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

Faculty of Paramedical Sciences FOPS Bareilly Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Courses
■ BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
■ BRIT (Intake-80 Seats)
■ BPT (Intake-40 Seats)
■ B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
■ BOTT (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
■ MPT (Intake-20 Seats)
■ MMLS (Intake-20 Seats)
Admission Open
Session 2025-26
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
■ B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
■ Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
■ Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
■ Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com,
bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
सूचना
मैंने अपने पुत्र मो. जुनैद पुत्र मसीत नि. मितीडांडी को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। मसीत पुत्र मजीद नि. ग्राम मितीडांडी तह. बहेड़ी, जिला बरेली
सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाणपत्र में मेरे पुत्र का नाम धीर बाथम अंकित है। अब मैंने अपने पुत्र का नाम बदलकर विनायक बाथम कर लिया है। भविष्य में अब मेरे पुत्र को विनायक बाथम के नाम से ही जाना पहचाना जाये। सुयश बाथम नि. मो. बरखेरवा लखीमपुर-खीरी
Janta School
Required
Teachers in English Medium for all Subjects.
Interested candidates can apply within 10 Days in School office or send Resume on whatsapp Number
9690690050
Nawada Sheikhan Old City, Bareilly
वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

जानीयात्प्रेषणेभृत्यान् बान्धवान्व्यसनाऽऽगमे।
मित्रं याऽऽपत्तिकालेषु भार्यां च विभवक्षये ॥

किसी महत्वपूर्ण कार्य पर भेज़ते समय सेवक की पहचान होती है। दु:ख के समय में बन्धु-बान्धवों की, विपत्ति के समय मित्र की तथा धन नष्ट हो जाने पर पत्नी की परीक्षा होती है।

## संपादकीय

# महत्वपूर्ण प्रक्रिया

देश में सोलहवीं जनगणना कराने के लिए सरकार ने सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी। जनगणना एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जो देश के विकास के लिए आवश्यक है। जनगणना का एलान स्वागत योग्य है। 2021 की जनगणना में देरी के कारण, 2025 की जनगणना का महत्व और भी बढ़ गया है। जनगणना लोगों की धारणा को इतना प्रभावित करेगी कि यह एक शताब्दी की घटना होगी क्योंकि कोविड-19 महामारी की वजह से 2021 में होने वाली दशकीय जनगणना में देरी हुई। आगामी जनगणना मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग करके डिजिटल माध्यम से की जाएगी। लोगों को स्व-गणना का प्रावधान भी उपलब्ध कराया जाएगा। जनगणना गतिविधियों के लिए लगभग 34 लाख गणनाकार और पर्यवेक्षक तथा लगभग एक लाख 30 हजार जनगणना कार्यकर्ता तैनात किए जाएंगे। स्पष्ट है कि भारत के पास दुनिया में सबसे बड़ा सांख्यिकीय सर्वेक्षण तंत्र है। महत्वपूर्ण है कि यह जनगणना न केवल जनसंख्या का सटीक आंकड़ा प्रदान करेगी, बल्कि सामाजिक-आर्थिक विकास योजनाओं और नीतियों के लिए एक महत्वपूर्ण डेटाबेस भी होगी। इस बार जनगणना में जाति गणना भी की जाएगी। जातिगत जनगणना को लेकर कुछ लोगों का मानना है कि जातिगत जनगणना से सामाजिक-आर्थिक असमानताओं को समझने और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए नीतियों को बनाने में मदद मिलेगी। जबकि कुछ लोगों को डर है कि जातिगत जनगणना से सामाजिक विभाजन और संघर्ष बढ़ सकता है। विपक्षी दल कांग्रेस का कहना है कि जनगणना के लिए तेलंगाना का माडल अपनाया जाए, सिर्फ जातियों की गिनती ही नहीं बल्कि जातिवार सामाजिक और आर्थिक स्थिति से जुड़ी विस्तृत जानकारी भी जुटाई जानी चाहिए। यह महत्वपूर्ण है कि जातिगत जनगणना को सावधानीपूर्वक और सामाजिक न्याय के हित में किया जाए।

गौरतलब है कि जनगणना जनसंख्या के आकार, वितरण, और संरचना के बारे में जानकारी प्रदान करती है, जो सरकार को उचित योजना बनाने और नीतियां बनाने में मदद करती है। जनगणना के आंकड़ों का उपयोग विभिन्न सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के लिए वित्तीय आवंटन के लिए किया जाता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि संसाधनों का वितरण न्यायसंगत हो। जनगणना के आंकड़े बुनियादी ढांचे के विकास, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, और परिवहन, की योजना बनाने के लिए आवश्यक हैं। कुल मिलाकर नई जनगणना जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के सामाजिक और राजनीतिक प्रभावों को तेज करेगी।

# पर्यावरण पर मरुस्थलीकरण और सूखे का गंभीर असर


योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

देश का लगभग 70 प्रतिशत भूभाग (करीब 22.83 करोड़ हेक्टेयर) शुष्क माना गया है और इस शुष्क भूभाग की उत्पादकता काफी कम है। देश का करीब 7.36 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्रफल मरुस्थलीकरण से प्रभावित है और भारत के कई इलाके तो प्राय: सूखे की चपेट में रहते हैं।

मरूस्थलीकरण और सूखे की बढ़ती चुनौतियों के मद्देनजर इससे मुकाबला करने हेतु लोगों को जागरूक करने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 1994 में मरूस्थलीकरण रोकथाम का प्रस्ताव रखा था। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से वैश्विक स्तर पर मरूस्थलीकरण का मुकाबला करने के लिए जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 1995 से प्रतिवर्ष 17 जून को 'विश्व मरूस्थलीकरण रोकथाम और सूखा दिवस' मनाया जा रहा है।

इस दिवस के जरिये लोगों को जल तथा खाद्यान्न सुरक्षा के साथ पारिस्थितिकी तंत्र के प्रति जागरूक करने, सूखे के प्रभाव को प्रत्येक स्तर पर कम करने के लिए कार्य करने और नीति निर्धारकों पर मरूस्थलीकरण संबंधी नीतियों के निर्माण के साथ उससे निपटने के लिए कार्ययोजना बनाने का दबाव बनाने का प्रयास किया जाता है।

इस वर्ष यह दिवस 'भूमि को पुनःस्थापित करें: अवसरों को खोलें' विषय के साथ मनाया जा रहा है, जो भावी पीढ़ियों के लिए हमारे ग्रह के महत्वपूर्ण भूमि संसाधनों को संरक्षित करने के लिए सामूहिक कार्रवाई के महत्व को रेखांकित करता है। विश्व का 95 प्रतिशत भोजन कृषि भूमि पर उत्पादित होता है, यही भूमि हमारी खाद्य प्रणालियों का आधार है लेकिन चिंता का विषय है कि इसमें से एक तिहाई भूमि वर्तमान में क्षरित हो चुकी है, जो दुनियाभर में 3.2 बिलियन लोगों को प्रभावित करती है, विशेष रूप से ग्रामीण समुदायों और छोटे किसानों को, जो अपनी आजीविका के लिए भूमि पर निर्भर हैं, जिससे भूख, गरीबी, बेरोजगारी और जबरन पलायन में वृद्धि होती है। जलवायु परिवर्तन इन मुद्दों को और गंभीर बना देता है, जिससे टिकाऊ भूमि प्रबंधन और कृषि के लिए गंभीर चुनौतियां उत्पन्न होती हैं तथा पारिस्थितिकी तंत्र का लचीलापन कमजोर हो जाता है।

जलवायु संकट सूखा, बाढ़, जंगलों में आग लगने की घटनाओं के जरिये मरुस्थलीकरण को बढ़ा रहा है। एक ओर जहां जलवायु का गहराता संकट मरुस्थलीकरण की समस्या को बढ़ा रहा है, वहीं दूसरी ओर मरुस्थलीकरण जलवायु संकट को और गंभीर बना रहा है अर्थात मरुस्थलीकरण और जलवायु संकट एक-दूसरे से परस्पर जुड़े हुए हैं। जलवायु संकट में भू-क्षरण का भी बहुत बड़ा योगदान है। पर्यावरणविदों के मुताबिक मिट्टी में वातावरण में मौजूद कार्बन से तीन गुना ज्यादा कार्बन है और पृथ्वी पर मौजूद कार्बन का सबसे बड़ा भंडार मिट्टी में ही है। कार्बन का उत्सर्जन मिट्टी से निकलकर वातावरण में पहुंचकर वैश्विक तापमान में बढ़ोतरी कर रहा है और मरुस्थलीकरण के कारण यह समस्या और ज्यादा बढ़ रही है। पृथ्वी का निरन्तर बढ़ता तापमान, सौर ऊर्जा और हवा की प्रकृति में भी बदलाव ला रहा है। सूखा मरुस्थलीकरण की प्रक्रिया को तेज कर देता है और भारत की आबादी का एक बहुत बड़ा भाग तो शुष्क इलाकों में ही रहता है।

देश का लगभग 70 प्रतिशत भूभाग (करीब 22.83 करोड़ हेक्टेयर) शुष्क माना गया है और इस शुष्क भूभाग की उत्पादकता काफी कम है। देश का करीब 7.36 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्रफल मरुस्थलीकरण से प्रभावित है और भारत के कई इलाके तो प्रायः सूखे की चपेट में रहते हैं। शुष्क इलाकों का प्राकृतिक तंत्र मनुष्यों द्वारा डाले जाने वाले अनावश्यक दबाव के कारण चरमराने लगता है और इस विघटनकारी प्रक्रिया को नहीं रोके जाने की स्थिति में समूचा तंत्र रेगिस्तान की भेंट चढ़ जाता है। लकड़ी के लिए पेड़ों की अंधाधुंध छंटाई अथवा अत्यधिक चराई के कारण उस तंत्र में प्राकृतिक उपयोगी पौधों की संख्या काफी घट जाती है, जिनका स्थान अनुपयोगी और अखाद्य पेड़-पौधे ले लेते हैं, जिसका दुष्परिणाम यही होता है कि वह प्राकृतिक तंत्र पहले से भी बहुत कम संख्या में मनुष्यों और मवेशियों को पोषित कर पाता है और यही दुष्चक्र मरुस्थलीकरण को गति प्रदान करता है।

> रेगिस्तानी इलाकों में चूंकि बारिश बहुत ही अनियमित ढंग से होती है, ऐसे में ऐसे इलाकों में उपलब्ध पानी की बेहद सीमित मात्रा से कृषि उत्पादकता पर काफी असर पड़ता है। वैसे तो शुष्क इलाकों में वर्षा कम होती है लेकिन जो वर्षा होती है, वह काफी तेज और तूफानी किस्म की होती है, जिससे प्राय: ऐसे इलाकों में बारिश बाढ़ का रूप लेकर उपजाऊ मिट्टी को ही बहा ले जाती है और वहां बड़े-बड़े गड्ढे तथा नाले बन जाते हैं, जो प्राय: खेती के लिए बेकार हो जाते हैं। कई क्षेत्रों में इसी के चलते रेत के बड़े-बड़े टीले बन जाते हैं। एक अनुमान के अनुसार प्रतिवर्ष बंजर इलाकों में प्रति हेक्टेयर क्षेत्र से पानी के कटाव के कारण 16.35 टन मिट्टी बह जाती है।

रेगिस्तानी इलाकों में चूंकि बारिश बहुत ही अनियमित ढंग से होती है, ऐसे में ऐसे इलाकों में उपलब्ध पानी की बेहद सीमित मात्रा से कृषि उत्पादकता पर काफी असर पड़ता है। वैसे तो शुष्क इलाकों में वर्षा कम होती है लेकिन जो वर्षा होती है, वह काफी तेज और तूफानी किस्म की होती है, जिससे प्रायः ऐसे इलाकों में बारिश बाढ़ का रूप लेकर उपजाऊ मिट्टी को ही बहा ले जाती है और वहां बड़े-बड़े गड्ढे तथा नाले बन जाते हैं, जो प्रायः खेती के लिए बेकार हो जाते हैं। कई क्षेत्रों में इसी के चलते रेत के बड़े-बड़े टीले बन जाते हैं। एक अनुमान के अनुसार प्रतिवर्ष बंजर इलाकों में प्रति हेक्टेयर क्षेत्र से पानी के कटाव के कारण 16.35 टन मिट्टी बह जाती है। बार-बार आने वाला सूखा मरुस्थलीकरण की प्रक्रिया को तेज कर देता है। मिट्टी का कटाव होने का एक दुष्परिणाम यह भी है कि पानी के साथ बहकर आने वाली मिट्टी जलाशयों में भर जाती है, जिससे उनकी जलधारण क्षमता घट रही है और इस कारण बाढ़ की स्थिति काफी गंभीर हो जाती है। बीते कुछ वर्षों से देश के कई इलाकों में लाखों लोगों को बारिश के कारण बाढ़ का कहर झेलने को विवश होना पड़ रहा है, उसका सबसे बड़ा कारण यही है। यही नहीं, बड़ी-बड़ी पनबिजली परियोजनाओं के सरोवरों में मिट्टी भर जाने से उनसे निर्मित होने वाली बिजली की मात्रा भी घट जाती है।

जहां तक वातावरण में कार्बन कम करने का सवाल है तो तापमान में डेढ़ डिग्री सेल्सियस कमी के लक्ष्य को हासिल करने के लिए वातावरण से कार्बन को तेजी से सोखने की जरूरत है और पर्यावरणविदों के मुताबिक यह प्राकृतिक कार्बन सिंक की क्षमता में वृद्धि करके ही हो सकता है और जंगलों तथा कृषि की समस्या को कम करने वाले सिंक मैकेनिज्म से एक तिहाई से भी ज्यादा जलवायु आपदा कम की जा सकती है। इसका सबसे बेहतर तरीका यही माना जा रहा है कि कार्बन को वनों, चारागाह और मिट्टी में समेट दिया जाए, जो मरुस्थलीकरण से निपटने के लिए भी बेहद जरूरी है। वनीकरण, वनस्पति कवर में सुधार, जल का दक्षतापूर्ण उपयोग, मिट्टी के कटाव को बेहतर कृषि पद्धति के जरिये कम करना इत्यादि उपायों के जरिये मिट्टी में बायोमास उत्पादन और जैविक कार्बन कंटेंट में सुधार संभव है। पर्यावरणविदों का मानना है कि जंगलों का नुकसान रोककर और दोबारा लगाकर 2050 तक 150 बिलियन टन से भी ज्यादा कार्बन कम किया जा सकता है और इस अवधि में शुष्क क्षेत्रों में कृषि भूमि के अलावा 30-60 बिलियन टन कार्बन का संचय किया जा सकता है। बहरहाल, मरुस्थलीकरण की समस्या बढ़ते जाने से कृषि की उत्पादनशीलता में जो कमी आ रही है, उससे होने वाले नुकसान को करीब 25 हजार करोड़ रुपये आंका गया है। चिंताजनक स्थिति यह है कि भारत जैसे विकासशील देश में निरन्तर बढ़ती आबादी की मूलभूत जरूरतों की पूर्ति के लिए कृषि की उत्पादकता को बढ़ाने की जरूरत महसूस की जाती रही है लेकिन मरुस्थलीकरण के चलते इसमें आती कमी नीतियों में बड़े बदलावों की जरूरत पर जोर देती है।

## प्रसंगवश

# समाज और रिश्तों की अमानवीयता का कड़वा सच


डॉ. नीलू तिवारी
लेखिका

हाल ही में सोनम रघुवंशी द्वारा हनीमून पर अपने पति राजा रघुवंशी की अपने प्रेमी और किराए के हत्यारों के साथ मिलकर की गई हत्या ने एक बार फिर रिश्तों और समाज पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह समाज और रिश्तों की अमानवीयता का ऐसा कड़वा सच है, जिसमें पुरुष और महिला अपराधी की सीमाएं टूट जाती हैं। बड़ा सवाल यह है कि क्या अमानवीयता की परिभाषा क्या केवल पुरुषों तक सीमित है? अमानवीयता का अर्थ होता है कि ऐसा व्यवहार, जो क्रूर, संवेदनहीन और अन्यायी हो। जब पुरुष स्त्री को मारता है, समाज उसे दरिंदा कहता है, लेकिन जब स्त्री पुरुष को प्रताड़ित करती है, तो उसे भावनात्मक कारण, मानसिक दबाव या आत्मरक्षा का नाम दे दिया जाता है। असल में तो वास्तविक नारीवाद का उद्देश्य स्त्री-पुरुष दोनों को समान अधिकार देना है। कुछ मामलों में तथाकथित फेमिनिज्म अब पुरुष विरोधी एजेंडा का रूप ले रहा है। अधिकार के नाम पर प्रतिशोध और लाभ की भावना ने कई रिश्तों को जहरीला बना दिया है। कुछ महिलाएं मैं औरत हूं, मुझे कुछ भी कहने का हक है जैसी मानसिकता से पुरुषों का दमन कर रही हैं।

भारतीय समाज में विवाह को जीवन का पवित्रतम बंधन माना गया है। पति-पत्नी का रिश्ता विश्वास, प्रेम और सम्मान का आधार होता है। पति-पत्नी को अर्धांगिनी और जीवन साथी की संज्ञा दी जाती है। पुरुष, जो इस रिश्ते में प्रेम, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ बंधता है, आज वह झूठे आरोपों, मानसिक प्रताड़ना और सामाजिक तिरस्कार का शिकार हो रहा है। विवाह की आड़ में कई बार महिलाओं द्वारा पुरुषों पर जो अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है, वह एक गहरी चिंता का विषय बन गया है। हाल ही में सामने आ रही घटनाएं इस विश्वास को झकझोर रही हैं। अब विवाह केवल प्रेम का प्रतीक नहीं रहा। कुछ मामलों में वह पुरुषों के लिए मौत का दरवाजा बनता जा रहा है। पत्नियों द्वारा पतियों की हत्या के कुछ चिंताजनक और ताजा मामले बताते हैं विवाह संबंध में पुरुषों की जान तक जा रही है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2022 में देश में कुल 28,522 हत्याओं की प्राथमिकी दर्ज की गई। प्रतिदिन लगभग 78 और प्रति घंटे तीन से अधिक हत्या हुई। इसमें से लगभग 70 प्रतिशत यानी करीब 19,966 लोग पुरुष थे। एनसीआरबी पत्नी द्वारा पतियों की हत्या को विशिष्ट रूप से रिकॉर्ड नहीं करता, लेकिन शोध बताते हैं कि 2022 में लगभग 275 पति हर वर्ष हत्या का शिकार हुए। ताजा मामले प्रदर्शित करते हैं कि पत्नियां भी योजना बनाकर हत्या करती हैं, जो एनसीआरबी के डाटा में शामिल नहीं होते। पुलिस और जांच एजेंसियां कई बार महिला के बयान को अंतिम सत्य मानकर पुरुष को दोषी ठहराती हैं। यदि पति मारा गया है और पत्नी का संदेह है, तो भी संदेह का लाभ अक्सर महिला को मिल जाता है। महिलाओं के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग जैसी संस्थाएं हैं, जो कानूनी और सामाजिक सहायता देती हैं, लेकिन पुरुषों के लिए कोई भी केंद्रीय आयोग या समर्पित निकाय नहीं है। देश के अधिकांश घरेलू हिंसा संबंधी कानून जैसे भारतीय दंड संहिता की धारा 498-ए घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम (2005) पूरी तरह से महिलाओं के हित में बनाए गए हैं। परंतु यदि कोई पुरुष घरेलू हिंसा या मानसिक उत्पीड़न का शिकार होता है, तो उसके लिए कोई विशिष्ट कानून नहीं हैं। यदि कोई पुरुष शोषण, मानसिक प्रताड़ना या यहां तक कि जान से मारने की धमकी का सामना करता है, तो समाज अक्सर उसे हंसी का पात्र बना देता है। तू मर्द होकर रोता है? जरूर तूने ही कुछ किया होगा। एक औरत तुझे मार कैसे सकती है? ये संवाद समाज की पितृसत्तात्मक सोच का उलटा पक्ष हैं, जो पुरुषों को भी अमानवीयता के जाल में फंसाते हैं। जेंडर न्यूट्रल कानूनों की मांग में घरेलू हिंसा, उत्पीड़न, मानसिक प्रताड़ना को लैंगिक रूप से निरपेक्ष बनाना जरूरी है। एक स्वतंत्र पुरुष आयोग बने, जो पीड़ित पुरुषों की शिकायतों की सुनवाई कर सके और उन्हें उचित परामर्श व सहायता प्रदान कर सके। एनसीआरबी डाटा में श्रेणी सुधार होना चाहिए। पति की हत्या पत्नी द्वारा, पुरुष पीड़ित जैसी श्रेणियों को शामिल किया जाना चाहिए, ताकि नीति निर्माण में सहायता हो। पुरुषों के लिए विशेष परामर्श केंद्र, हेल्पलाइन और काउंसलिंग सुविधाओं का निर्माण होना चाहिए।

# असुरक्षित होती धार्मिक यात्राएं


प्रभुनाथ शुक्ल
वरिष्ठ पत्रकार

> उत्तराखंड पहाड़ी राज्य है यहां हम जितनी ऊंचाई पर जाते हैं ऑक्सीजन लेवल कम होता जाता है। कई लोगों की यात्रा के दौरान मौत भी हो जाती है।

भारत धर्म और आस्था का देश है, लेकिन यहां धार्मिक यात्राएं सुरक्षित नहीं हैं। जब चारधाम जैसी यात्रा भी सुरक्षित नहीं है तो दूसरे की बात छोड़िए। उत्तराखंड में आए दिन हेलीकॉप्टर दुर्घटनाएं सुर्खियों में हैं। मई और जून में अब तक पांच दुर्घटनाएं सिस्टम को हिलाकर रख दिया है। हादसों में चालक दल के साथ 14 लोग मारे जा चुके हैं। पवित्र चारधाम यात्रा के दौरान यह आम बात हो गईं है। जून 2009 से जून 2025 तक 15 हेलीकॉप्टर क्रैश की घटनाएं हो चुकी हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबित 16 साल में इस तरह की दुर्घटनाओं में 45 लोगों की मौत हुईं है। रविवार 15 जून को गौरीकुंड के पास एक हेलीकॉप्टर की दुर्घटना में पायलट सहित 7 लोग मारे गए। चार धामयात्रा प्रबंधन ने इसके पूर्व हुईं दुर्घटनाओं से सबक नहीं लिया। 17 मई को केदारनाथ में एम्स ऋषिकेश की एक हेली एम्बुलेंस की इमरजेंसी लैंडिंग हुई जिसमें हेलीकॉप्टर का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। एक अन्य रिपोर्ट के मुताबित 12 वर्षों में केदारनाथ में कुल 14 हेलीकॉप्टर दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनमें 33 लोगों की मौत हुई। धार्मिक यात्रा के दौरान बढ़ता जोखिम हमारी व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहा है। नागरिक और उड्डयन मंत्रालय को इस तरह के हादसों पर गंभीर कदम उठाने की आवश्यकता है। निजी एविएशन कंपनियों पर नकेल कसने की जरूरत है। धार्मिक स्थलों पर बढ़ते हादसे हमारे विश्वास और आस्था पर चोट पहुंचाते हैं।

हम आस्था को लेकर अधिक भीरू हैं। जिसका खामियाजा हमें भुगतना पड़ता है। धार्मिक स्थलों पर भीड़ तो जरूर से ज्यादा जुटा ली जाती है, लेकिन उसके प्रबंधन के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं की जाती है। आए दिन धार्मिक स्थलों पर मौत की खबरें सुर्खियां बनती हैं। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ में सबसे बेहतरीन व्यवस्था का दावा किया गया था, लेकिन भीड़ प्रबंधन में लापरवाही की वजह से बड़ा हादसा हो गया।

मंदिरों और सत्संग जैसे स्थलों पर आवश्यकता से अधिक भीड़ जुटा ली जाती है, लेकिन उसके नियंत्रण के लिए कोई व्यवस्था नहीं की जाती है। थके-हारे लोग किसी चमत्कार में पड़कर भगदड़ के शिकार हो जाते हैं। लेकिन हम घटनाओं के बाद सबक लेना नहीं चाहते। अपना प्रभुत्व दिखाने के लिए हम भीड़ अधिक से अधिक जमा कर लेते हैं, लेकिन उसके नियंत्रण के लिए हमारे पास कोई संसाधन उपलब्ध नहीं होते हैं। इसका नतीजा होता है कि भगदड़ या दूसरी स्थिति में काफी संख्या में लोग मारे जाते हैं।

उत्तराखंड में चल रही चारधाम यात्रा में देश भर से लाखों लोग पहुंचते हैं। उत्तराखंड को देवभूमि कहा जाता है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता अतुलनीय है। दुर्गम पहाड़ियों की चढ़ाई से होते हुए लोग बद्रीनाथ केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री पहुंचते हैं। वहां की प्राकृतिक स्थिति बेहद जटिल है। तीर्थयात्रा के दौरान बुजुर्ग और बच्चों के साथ अस्वस्थ श्रद्धालुओं को चढ़ाई पर कठिन चुनौतियों से गुजरना पड़ता है। क्योंकि, पहाड़ों की कठिन चढ़ाई चढ़ने के बाद ही पवित्र मंदिरों तक पहुंचा सकता है। चढ़ाई दुर्गम और कठिन होने से घोड़े, खच्चर या हेलीकॉप्टर की सुविधा लेनी पड़ती है।

उत्तराखंड पहाड़ी राज्य है यहां हम जितनी ऊंचाई पर जाते हैं ऑक्सीजन लेवल कम होता जाता है। कई लोगों की यात्रा के दौरान मौत भी हो जाती है। ऑक्सीजन की कमी से भी जूझना पड़ता है। जरूरत पड़ने पर ऑक्सीजन की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। लेकिन चारधाम की पूरी यात्रा जोखिम भरी होती है। जो लोग पैदल यात्रा पूरी नहीं कर सकते वे घोड़े, खच्चर या हेलीकॉप्टर की सुविधा लेते हैं। हेलीकॉप्टर जैसे महंगी सुविधा सभी यात्रियों के लिए उपलब्ध नहीं है। क्योंकि आम श्रद्धालुओं के लिए यह सस्ती और सुलभ नहीं है।

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के दौरान दुर्गम पहाड़ी इलाकों और मौसम की खराबी सबसे बड़ी समस्या बनती है। जिसकी वजह से आए दिन हेलीकॉप्टर क्रैश की दुर्घटनाएं होती रहती है। उड़ान को निर्देशित करने के लिए कोई एयर ट्रैफिक कण्ट्रोल की सुविधा उपलब्ध नहीं है। उड़ान के दौरान कोई रडार सिस्टम नहीं होता है। कभी उड़ान भरने के बाद अचानक मौसम बिगड़ जाता है जिसकी वजह से उड़ान में दिक्क़त हो जाती है। दुर्गम और सकरी घाटियों के साथ ऊंचे-ऊंचे वृक्ष।

मौसम खराब होने की स्थिति में लैंडिंग की कोई जगह नहीं होती है, जहां विषम स्थिति में हेलीकॉप्टर को उतार दिया जाय। इसके अलावा हर उड़ान के समय तकनीकी जांच होनी चाहिए, पता नहीं ऐसा होता भी रहा या नहीं। हेलीकॉप्टर हादसों के लिए जिम्मेदार लोगों की जबावदेही तय होनी चाहिए। धार्मिक यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए हर संभव कदम उठाए जाने चाहिएं।

## सोशल फोरम

# देशभक्ति और विचारधारा


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

समतावादी विचारधारा अच्छी चीज है। देशभक्ति में भी क्या बुराई है? आखिर देश एक अपरिहार्य और ठोस आर्थिक इकाई भी तो है। इस इकाई के विभिन्न उत्पादन स्रोतों से प्राप्त कर की पूलिंग से (देश की सुरक्षा सहित) बड़ी लागत वाले आधारभूत ढांचे का निर्माण होता है जो किसी भी उद्योग की स्थापना के लिए अनिवार्य है। इस दृष्टि से यह आर्थिक इकाई हम सब के लिए परस्पर सहयोग और परस्पर निर्भरता से आर्थिक विकास में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करती है। दुनिया की समस्याओं के समाधान का प्रयास किसी इकाई से ही शुरू हो सकता है। विचारधारा पूरे विश्व में एक झटके से तो लागू हो नहीं सकती। शुरुआत तो किसी देश से ही करनी पड़ेगी, जैसा कि अतीत में हुआ है। और देश मज़बूत नहीं होगा तो अन्य देश उसे विचारधारा के पथ पर चलने देंगे?

तो राष्ट्र या देश महज़ भावात्मक और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक नहीं है। इतिहास में लगातार कटती-पिटती राष्ट्रीय राज्यों की जो सीमाएं द्वितीय विश्व युद्ध और उपनिवेशवाद के अंत पर निर्धारित हुईं, वे तत्काल ठोस आर्थिक इकाइयों में तब्दील हो गईं। लेकिन विचारधारा और देशभक्ति (या राष्ट्रवाद) में पाखंडियों, नक़ली प्रगतिशीलों और नक़ली देशभक्तों को दाख़िल होने से रोकने के लिए ताला लगाने की कोई जुगत है? क्या है कि आदमी-आदमी की फ़ितरत, उसके स्वभाव व चरित्र की यह समस्या अनादि है। आप देशभक्ति के जेन्युइन जज़्बे से भरे हुए हैं तो इस मुगालते में मत रहें कि "देशभक्तों" के संगठन में आपको हाथोहाथ लिया जाएगा। या, आप पूंजीवाद के शोषण के ख़िलाफ़ दुनिया के मेहनतकश लोगों के संघर्ष और उनकी मुक्ति के लिए प्रतिबद्ध हैं तो किसी वैचारिक संगठन में पलक पांवड़े बिछाकर आपका इंतज़ार हो रहा है।

आप मानेंगे कि कौन, कहां, किस नीयत से घुसा और किस नीयत से जमा हुआ है, इसका सुराग़ लगाने की कोई तकनीक अभी तक तो ईजाद हुई नहीं। और आपको घूम फिर कर सारी समस्याओं का उत्स यहीं नज़र आएगा।

-फेसबुक वॉल से

# मगर चेत कौन रहा है


डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

होमो सैपियेंस यानि हमारी प्रजाति धरती की किसी भी प्रजाति की तुलना में सबसे अधिक उग्र और लड़ाकू है। इतनी आक्रामक प्रजाति का हजारों वर्षों से अस्तित्व में बने रहना सचमुच आश्चर्यजनक है। तमाम दूसरी प्रजातियों को तो इसने विलुप्ति के कगार पर पहुंचा ही दिया है, पर्यावरण को तहस नहस कर डाला है और अब खुद अपनी ही प्रजाति के विरुद्ध आपस में लड़ रही है।

इतिहास के युद्धों और नरसंहार को छोड़ भी दीजिए तो अब ही कहां यह प्रजाति सकून और शांति से बैठी है। धरती पर अनेक सभ्यताएं युद्धनत हैं। यूक्रेन रुस भिड़े हुए हैं। पाकिस्तान-भारत के दो दो हांथ हो चुके हैं। और इजराइल को जैसे हमास को नेस्तनाबूद करने से पूरी शांति न मिली हो वह अब ईरान पर हमलावर है। ईरान और इजराइल ठीक इसी क्षण अब तक के सबसे भीषण यलगार में जुट गए हैं। आखिर क्या यह प्रजाति ऐसे ही आपस में लड़ते झगड़ते मर मिटेगी? फिर वह धरती पर शाश्वत काल तक एकक्षत्र राज्य कैसे करेगी? क्या इस असीम ब्रह्मांड में कोई सभ्यता/यें ऐसी भी है या हैं जो मनुष्य की इन अविवेकभरी कारगुजारियों को देख रही है और ऊब कर फैसला ले बैठे कि है मूर्खों चलो बहुत हो गया तुम लोग धरती पर राज करने के काबिल नहीं हो, सिंहासन छोड़ो अब हम आते हैं। और फिर शेष जीवन क्या हमें उनकी चाकरी में ही बिताना पड़ेगा। दरअसल जैवीय विकास में अनेक व्यवहार प्रतिरुपों-भावनाओं, भाववृत्तियो का भी क्रमिक विकास होता गया। तमाम भावनात्मक व्यवहारों-क्षेत्र रक्षण, वात्सल्य, मातृत्व, घृणा-स्नेह-प्रेम-लगाव-घनिष्ठता, स्वजाति रक्षण (ऐल्ट्रूईज्म) के साथ आक्रामकता भी पराकाष्ठा प्राप्त कर गई है। तमाम पशु पक्षी तो इन जैवीय वृत्तियों का शमन बस अपनी बोली भाषा में डांट डपट कर या अपने अंग प्रत्यंग के जरिये लड़ भिड़ कर कर लेते हैं। मगर मनुष्य तो इनके बहुत आगे बढ़ चुका है। खुद के अंग प्रत्यंग तक ही नहीं वह तो दूर सूदूर तक की लड़ाई अपने मिसाईलों, ड्रोन और न्यूक्लियर हथियारों से निपटा रहा है। वह धरती का सबसे खतरनाक प्राणी बन चुका है। उसने इतने उन्नत अस्त्र और शस्त्र बना लिए हैं कि अब उसके स्वअस्तित्व पर भी बन आई हैं। विनाश की टिक टिक सूई अब आखिरी पड़ाव पर पहुंचने ही वाली है। मगर कौन चेत रहा है। सबसे दुर्बुद्धिवाले ये राजनेता हैं जिन्हें न तो विचारकों और वैज्ञानिकों की परवाह है और न इस धरती की शांति की। वे दिन रात प्रलय के निकट मानव प्रजाति को अपने कुकृत्यों से पहुंचाते जा रहे हैं। भारत को अतिरिक्त सावधान रहना है। चीन चुप है। मोदी मौन हैं। शायद इन्हीं से वैश्विक शांति बहाली की कुछ उम्मीद शायद बची है।

# चर्चा में फ्लैप्स


सचिदानंद सिंह
मुंबई

अहमदाबाद दुर्घटना के संभावित कारणों में 'फ्लैप' की भूमिका चर्चा में रही है। इसीलिए जानते हैं कुछ विस्तार मेंहवाई जहाज क्षैतिज (हॉरिज़ॉन्टल) दिशा में चलता है किन्तु ऊपर उठ जाता है। इसे समझने के लिए उस पर काम करते तीन बलों को पहले देखना होगा। पहला है थ्रस्ट-क्षैतिज दिशा में लगता बल, जो यान को आगे की ओर धकेलता है। दूसरा है ड्रैग -क्षैतिज दिशा में लगता बल जो हवा के अवरोध से पैदा होता है और यान के आगे बढ़ने की गति को कम करता है। तीसरा है लिफ़्ट-नाम से स्पष्ट है यह थ्रस्ट या ड्रैग के परपेंडिकुलर दिशा में काम करता है और यान को ऊपर उठाता है।

थ्रस्ट का स्रोत इंजन है। ड्रैग और लिफ़्ट यान की आकृति पर निर्भर करते हैं। यान को डिज़ाइन करने वाले उसे ऐसा शेप देते हैं जिससे ड्रैग कम से कम हो और लिफ़्ट अधिक से अधिक मिले। स्कूल की भौतिकी में हमने बरनौली साहब का नाम सुना होगा। फ्लूइड (यानी द्रव या गैस) में चलते किसी पदार्थ के लिए डेनियल बरनौली ने एक सिद्धांत दिया है। फ्लूइड की गति और दबाव में व्युत्क्रमानुपाती संबंध है यानी गति यदि अधिक रहेगी तो दबाव कम रहेगा। यान के डैने ऐसे बनाए जाते हैं कि ऊपर की तरफ उनकी लंबाई अधिक हो और नीचे की तरफ कम। बहती हवा समझिये कि परतों (लेयर्स) में बहती है। इन परतों की प्रवृत्ति एक साथ रहने की होती है। जब यान आगे बढ़ता है तो हवा की एक परत विंग्स के नीचे हो जाती है और एक परत विंग के ऊपर से जाती है। विंग के ऊपर वाली परत को अधिक दूरी तय करनी पड़ती है, नीचे वाली परत की अपेक्षा। चूंकि उनकी प्रवृत्ति एक साथ रहने की है इसलिए ऊपर वाली परत अधिक तेजी से बहती है। बरनौली साहब के सिद्धांत के अनुसार ऊपर हवा का दबाव कम हो जाएगा नीचे की अपेक्षा और दबाव के इस फर्क से यान को लिफ़्ट मिलता है। अब फ्लैप्स। फ्लैप्स डैने के पीछे के एक अंग हैं जो जरूरत पड़ने पर बाहर निकाले जा सकते हैं और जरूरत नहीं रहने पर अंदर किए जा सकते है। फ्लैप्स के बाहर निकालने पर प्रभावी ढंग से डैने अधिक चौड़े हो जाते हैं, हवा की ऊपर वाली परत को अधिक दूरी तय करनी पड़ती है जिससे उसकी गति अधिक तेज होती है जिसके चलते दबाव अधिक कम होता है और यान को अधिक लिफ़्ट मिलता है। उड़ने के फौरन बाद फ्लैप्स बाहर निकाल दिए जाते हैं, यान के ऊपर उठने प्रयास में उनसे मिलता अतिरिक्त लिफ़्ट काम आता है। यान के नीचे जमीन पर उतरते समय भी फ्लैप्स बाहर निकाले जाते हैं जिससे कम रफ़्तार में भी यान को लिफ्ट मिलता रहे अन्यथा यान अधिक रफ़्तार में रनवे को छूएगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा।)

# चलती मोटरसाइकिल पर स्टंट करना महंगा पड़ा युगल को, पुलिस ने लगाया भारी जुर्माना

नोएडा,एजेंसी

- यमुना एक्सप्रेस-वे पर किया स्टंट वीडियो हुआ वायरल




**अमृत विचार :** यमुना एक्सप्रेस-वे पर चलती मोटरसाइकिल पर एक युगल को स्टंट करना महंगा पड़ गया । स्टंट का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने 53,500 रुपये का चालान किया। पुलिस उपायुक्त यातायात लखन सिंह यादव ने बताया कि रविवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें एक युगल चलती मोटरसाइकिल पर स्टंट करता हुआ नजर आया।

वीडियो में देखा जा सकता है कि युवक मोटरसाइकिल चला रहा है जबकि युवती आगे से युवक से लिपटी हुई है। पुलिस का कहना है कि इस युगल ने न सिर्फ यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाईं, बल्कि अपनी और दूसरों की जान को भी खतरे में डाला। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि पुलिस ने मोटरसाइकिल मालिक के खिलाफ कड़ा कदम उठाते हुए कुल 53,500 रुपये का चालान किया।

एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि डाबरा गांव में कार से स्टंट कर रील बनाना युवक को महंगा पड़ गया। सोशल मीडिया पर सोमवार को वायरल वीडियो के आधार पर ट्रैफिक पुलिस ने कार का 58,500 का चालान किया। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि स्कॉर्पियो तेज रफ्तार से चल रही है और उसका बायां दरवाजा खुला है। एक युवक दरवाजे पर पैर रखकर खड़ा है। वहीं, दूसरा युवक मोबाइल से वीडियो रिकॉर्ड कर रहा है।

### पर्यटन के अंतिम दिन दुधवा की सोठियाना रेंज क्षेत्र में दिखा विलुप्तप्राय श्रेणी फूल

# दुधवा में 115 साल बाद दिखा आर्किड का दुर्लभ फूल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** बाघों और एक सींघ वाले गैंडों के साथ ही अन्य वन्यजीवों और अपनी जैव विविधता से परिपूर्ण दुधवा नेशनल पार्क के सोठियाना वन रेंज में रविवार को दुर्लभ आर्किड फूल देखा गया है। दुधवा प्रशासन का कहना है कि यह फूल करीब 115 साल बाद दिखाई पड़ा है। इसे विलुप्तप्राय श्रेणी में रखा गया था। दुधवा में अंतिम बार 1909 में इसे देखा गया था। इसके बाद यह फूल 2017 में बांग्लादेश में पाया गया था।

दुधवा नेशनल पार्क में जंगली जीवों के अलावा और भी बहुत कुछ है। यहां रंग-बिरंगी 500 से अधिक प्रकार की विभिन्न प्रजाति की तितलियां पर्टटकों का मनमोह लेती हैं। यहां जंगल में खिलने वाले रंग बिरंगे फूल भी पर्यटकों को लुभाने में रंग बिरंगे खुशबूदार फूल भी पीछे नहीं है।

पर्यटन सत्र-2024-25 के समापन पर रविवार को दुधवा नेशनल पार्क में एक सुखद और अभूतपूर्व खबर सामने आई है। जैव विविधता पार्क में पूरी तरह खिले आर्किड की जीवंत छटा से जगमगा रहा है। यह फूल सोठियाना और दक्षिण सोनारीपुर रेंज क्षेत्र में दिखाई दिया है। लुप्तप्राय प्रजातियों सहित ऑर्किड की 25000 से अधिक प्रजातियां पाई जाती हैं। इनमें से करीब 1300 प्रजातियां भारत में हैं। यह 132 से अधिक देसी फलों, औषधीय पौधों, बांस की 72 प्रजातियों, बेंत की 12 प्रजातियों, क्षेत्र में उगाए जाने वाले चावल की 200 से अधिक किस्मों के साथ एक चावल बीज बैंक और पार्क के तालाब में विभिन्न स्थानीय मछली प्रजातियों का संरक्षण भी करता है। दुधवा टाइगर रिजर्व के लिए यह एक शुभ संकेत है। मुख्य तौर पर यह पौधा पहाड़ी क्षेत्रों में पाया जाता है। उत्तराखंड, सिक्किम, दार्जलिंग या गुवाहटी के पहाड़ियों पर यह पौधा मिलता है। दुधवा में वन विभाग अब इस क्षेत्र में आर्किड की विस्तृत खोज और अध्ययन की योजना बना रहा है।


दुधवा में खिला दुर्लभ फूल आर्किड।

**आर्किड क्या है?** आर्किड पौधों का एक कुल है, जिसके सदस्यों के पुष्प अत्यंत सुंदर और सुगंधयुक्त होते हैं. आर्किडों ही पुष्प जगत में बड़ी प्रतिष्ठा है. क्योंकि इनके रंग रूप में विलक्षण और विचित्रता है, ऑर्किड बहुवर्षी बूटों का विशाल समुदाय है, जो प्रायः भूमि पर अथवा दूसरे पेड़ों पर उगते हैं, यह कुकुरमुत्ते के समान मृतभोजी जीवन बिताते हैं, मृतभोजी औंर्किडों में पर्णहरिम (क्लोरोफ़िल) नहीं होता. जो ऑर्किड वृक्षों पर होते हैं, उनमें बरोहियां (वायवीय जड़ें) होती हैं. जिनकी बाहरी पर्त में जलशोषक तंतु होते हैं।

### पीलीभीत में भी पाया गया था आर्किड

आर्किड का पौधा पीलीभीत जिले में भी पाया गया था। अब यह दुधवा में भी पाया गया है। ये फूल एशियाई और पश्चिमी दोनों संस्कृतियों में एकता, सुंदरता और प्रेम का प्रतीक माने जाते हैं। इनकी खासियत इनका आकार, रूप, रंग और बनावट है, जो किसी अन्य पुष्प से मेल नहीं खाते। इस फूल को आप किसी भी स्थान पर आसानी से उगा सकते हैं, फिर चाहे वह ट्रॉपिकल तापमान वाली जगह हो या आपके घर का बगीचा ही क्यों न हो।

# शिक्षकों को जिले के अंदर सामान्य स्थानांतरण का मौका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- यह तबादले ज्यादा शिक्षक वाले स्कूलों से कम शिक्षक वाले स्कूलों में ही होंगे

**अमृत विचार:** एक लंबे अर्से के बाद राज्य के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को जिले के अंदर सामान्य स्थानांतरण का मौका मिलने वाला है। यह नौबत वर्ष 2017 के बाद आयी है। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि 20 से 23 जून तक यू-डायस पोर्टल पर उपलब्ध छात्र संख्या के आधार पर कम व अधिक शिक्षक वाले विद्यालयों की सूची ऑनलाइन की जाएगी।

इस क्रम में 24 से 26 जून तक शिक्षक ऑनलाइन आवेदन करेंगे। 27 जून तक ऑनलाइन आवेदन की छायाप्रति बीएसए कार्यालय में जमा किया जाएगा। 28 जून को बीएसए द्वारा ऑनलाइन सत्यापन व डाटा लॉक करने की कवायद की जाएगी। परिषद सचिव के मुताबिक, तीस जून को तबादला सूची जारी की जाएगी। दरअसल, शिक्षक-छात्र अनुपात के अनुसार यह तबादले ज्यादा शिक्षक वाले स्कूलों से कम शिक्षक वाले स्कूलों में ही होंगे। बेसिक शिक्षा परिषद ने इस बाबत सोमवार को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

परिषद के अनुसार जिले के अंदर स्वेच्छा से तबादला व समायोजन अधिक शिक्षक वाले विद्यालय से आवश्यकता वाले स्कूलों में ही किया जाएगा। शिक्षक व शिक्षिका की आवश्यकता वाले किसी भी विद्यालय से तबादला व समायोजन नहीं किया जाएगा। शिक्षकों से लिए गए विकल्प के आधार पर यह तबादले किए जाएंगे। इससे पहले ज्यादा शिक्षक वाले व कम शिक्षक वाले स्कूलों की लिस्ट जारी की जाएगी।

बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि इसके आधार पर शिक्षक अधिकतम 10 विद्यालयों का विकल्प देंगे। उन्हें कम से कम एक विद्यालय का विकल्प देना अनिवार्य होगा। ऐसा न किए जाने पर उनका आवेदन निरस्त माना जाएगा। ट्रांसफर उस सीमा तक होंगे, जहां तक छात्र-शिक्षक अनुपात प्रभावित न हो। तबादलों के लिए डीएम की अध्यक्षता वाली चार सदस्यीय कमेटी होगी।

# रोजा में बेटे को खिलाकर मां ने भी खाया जहरीला पदार्थ

### पति के तानों से परेशान थी महिला, दोनों की हालत गंभीर

संवाददाता, रोजा/शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** बरनई गांव में पारिवारिक कलह को लेकर एक महिला ने पहले आठ वर्षीय बेटे को जहरीला पदार्थ खिलाया और फिर स्वयं खा लिया। हालत बिगड़ने पर दोनों मां-बेटे को राजकीय मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जहां दोनों का इलाज चल रहा है। डाक्टर मेराज आलम ने दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई है।

रोजा थाना क्षेत्र के गांव बरनई निवासी सूरज और उसका बड़ा बेटा सिद्धांत घर पर नहीं थे। उसकी पत्नी पूजा (30) व बेटा (8) आयुष घर पर थे। बच्चों की तबीयत आए दिन खराब रहती थी। पूजा बच्चों की दवा के लिए पति सूरज से पैसे मांगती तो वह ताने मारा करता था। बताते हैं कि रविवार की शाम उसने पति से पैसे मांगे तो उसने देने से मना कर दिया। उसका पति घर से बाहर चला गया। पूजा ने गुस्से में आकर पहले छोटे बेटे आयुष को जहरीला पदार्थ खिला दिया और बाद में स्वयं भी जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद पूजा और उसके बेटे की तबीयत खराब हो गई।


अस्पताल में भर्ती महिला बेटे के साथ।

- दवा कराने को पैसे नहीं देता था गुस्से में उठाया कदम

दोनों उल्टी करने लगे। खबर सुनकर गांव वाले घर पर आए और उसके पति को फोन किया। गांव वाले मां-बेटे को तुरंत मेडिकल कालेज लेकर आए। डाक्टर ने इलाज किया। दोनों की हालत में सुधार होने लगा। मेडिकल कालेज के डाक्टर डा. मेराज आलम ने सूरज को बताया कि दोनों ने मामूली सा जहरीला पदार्थ खाया था। जहरीले पदार्थ की मात्रा ज्यादा नहीं थी। दोनों की हालत ठीक है, वह खतरे से बाहर हैं।

### पति के ताने सुन गुस्से में खा लिया जहर

पूजा ने बताया कि पति से दवा आदि के लिए पैसे मांगती थी। पति ताना मारते हुए कहता थाकि गांव में किसी और के बच्चे बीमार नहीं रहते है, सिर्फ तेरे बच्चे बीमार रहते हैं। जब देखो तब खर्चा मांगती है। उसने बताया कि पति के ताने से परेशान हो चुकी थी। उसने गुस्से में आकर अपने आप और बेटे को जहरीला पदार्थ खिला दिया था। उसका मायका लखीमपुर के निघासन में है। पति खेती करता है। उसने कहा कि किसी से कोई शिकायत नहीं है।

## पीतल फैक्ट्री में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**मुरादाबाद,अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रभात मार्केट में सोमवार सुबह एक पीतल फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें और काले धुएं का गुबार पूरे इलाके में फैल गया, जिससे क्षेत्रवासियों में अफरा-तफरी मच गई।

मंगला हैंडीक्राफ्ट नामक इस फैक्ट्री के मालिक राकेश कुमार हैं। फैक्ट्री घनी आबादी के बीच स्थित है। आग लगने की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। वहीं आसपास अफरा तफरी मच गई। अग्निशमन विभाग के लगभग 10 फायर फाइटर्स ने तत्काल आग बुझाने का कार्य शुरू किया। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने की वजह माना जा रहा है। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए समय रहते आग को फैलने से रोक लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। फायर अधिकारियों के अनुसार कुछ ही देर में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। हालांकि आग से फैक्ट्री को कितना नुकसान हुआ है, इसका आकलन अभी नहीं हुआ है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में संकरी गलियां और बिजली की जर्जर लाइनें इस तरह की घटनाओं को बढ़ावा देती हैं।

# महोबा में कार और बाइक में सीधी भिड़ंत, 5 लोगों की मौत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- हादसे में चार लोग गंभीर घायल एक को झांसी रेफर किया गया

**अमृत विचार।** श्रीनगर-बेलाताल मार्ग पर ननौरा के पास सोमवार दोपहर बाइक और कार की सीधी भिड़ंत में पांच लोगों की मौत हो गई। टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर खाईं में पलट गई। हादसे में कार सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें एक की हालत चिंताजनक देखते हुए झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। हादसे सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, एसडीएम सदर जितेंद्र कुमार और चरखारी सीओ पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और जायजा लेने के साथ घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया।

कुलपहाड़ कोतवाली क्षेत्र के मुढारी गांव निवासी अजय कुमार (19) पुत्र सुनील कुमार, भरत (35) पुत्र आशादीन और संजू (18) पुत्र राकेश तीनों चचेरे भाई थे, जो सोमवार की दोपहर बाइक से ननौरा गांव अपनी रिश्तेदारी में जा रहे थे। ननौरा गांव से कुछ दूर पहले ही तेज रफ्तार ईको कार से बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई, जिसमें तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद कार अनियंत्रित होकर खाईं में पलट गई। खाईं में कार पलटने से महोबा के बजरिया निवासी कार चालक रामपाल (32) और बगरौन गांव निवासी विनोद (27) पुत्र भगवानदास की मौत हो गई, जबकि कार में सवार बगरौन गांव के उदयभान कुशवाहा (32), उसकी पुत्री खुशी (4), भतीजा ऋषि (11) और भांजा अंकित (10) गंभीर रूप से घायल हो गए। कार सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई।

हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। लोग खाईं में पलटी कार में फंसे लोगों को बाहर निकालने में जुट गए। हादसे सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, एसडीएम सदर जितेंद्र कुमार और चरखारी सीओ पुलिस के साथ पहुंचे और सभी घायलों को फौरन जिला अस्पताल पहुंचाया। अपर पुलिस अधीक्षक ने जिला अस्पताल में डॉक्टरों से बातचीत कर बेहतर इलाज पर जोर दिया।

चरखारी सीओ के मुताबिक घायलों में खुशी की हालत चिंताजनक देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

## किशोर ने कुदाल से हमला कर अपने पिता की हत्या की

**मुजफ्फरनगर,एजेंसी:** जिले के भोरा कलां थाना क्षेत्र के गढ़ी गांव में एक किसान की उसके नाबालिग बेटे ने कथित तौर पर कुदाल से हमला करके हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, 16 वर्षीय नाबालिग बेटे का उसके पिता प्रदीप (50) से उसकी शराब पीने की लत को लेकर विवाद हुआ था। पुलिस ने बताया कि इसके बाद किशोर ने रविवार को कुदाल से प्रहार करके अपने पिता की हत्या कर दी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) संजय कुमार ने संवाददाताओं को बताया कि आरोपी नाबालिग बेटे (16) पर मामला दर्ज किया गया है और सोमवार को उसे हिरासत में ले लिया गया। कुमार ने बताया कि उसे किशोर न्यायालय में पेश किया जाएगा। पूछताछ के दौरान लड़के की तस्दीक पर अपराध में इस्तेमाल की गई कुदाल को गन्ने के खेत से बरामद कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने अपने पिता प्रदीप की हत्या करने की बात कबूल की है। पुलिस ने कहा कि जब पीड़ित कथित तौर पर शराब पीकर खेत में काम कर रहा था, तभी उसके बेटे ने यह कदम उठाया।

# नवंबर में पूर्ण होगा श्रीराम मंदिर का 800 मीटर लंबा परकोटा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम मंदिर सहित परकोटा के अन्य देवालयों में प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होने के बाद नवंबर तक परकोटा तैयार हो जाएगा। इसके बाद ही श्रद्धालुओं को दर्शन पूजन के लिए इसमें प्रवेश मिलेगा। यहां छह अन्य मंदिरों में भगवान गणेश, हनुमान जी, सूर्यदेव, माता भगवती, मां अन्नपूर्णा और भगवान शिव का मंदिर स्थापित किया गया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने सोमवार को इसकी तस्वीर जारी की।

मंदिर की भव्यता को और चार चांद लगाने के लिए अद्भुत और अलौकिक कलाकृतियों के नक्काशीदार पत्थरों से 800 मीटर की परिधि में परकोटा का निर्माण किया जा रहा है। जिसका लगभग 80 प्रतिशत कार्य भी पूरा हो चुका है। द्वितीय चरण में प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होने के बाद परकोटा के कार्यों को पूर्ण करने के लिए निर्माण गति तेज कर दी गयी है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट परकोटे के निर्माण को गति देते हुए बीते दिनों हुए निर्माण समिति की बैठक में ट्रस्ट के महामंत्री चम्पतराय और निर्माण समिति अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र के साथ ही कार्यदायी संस्था एलएन्डटी लगातार इस ओर ध्यान दे रही है कि नवंबर तक संपूर्ण परिसर भक्तों के लिये खोल दिया जाए। ट्रसट ने भक्तों से अभी कुछ महीने और धैर्य रखने की अपील की है।



श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने जानकारी साझा की है कि मंदिर के चारों ओर परकोटा (प्राचीर) का नवीनतम वर्तमान दृश्य इसकी चौड़ाई 14 फीट आयातकार है। जिसमें पिंक सैंड स्टोन से परकोटे का निर्माण किया जा रहा है। सुंदर कलाकृतियों से परिपूर्ण यह परकोटा भक्तों के आकर्षण का केंद्र बनेगा। वहीं इस चौदह फिट परकोटे में भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़ी लीलाओं के भी दर्शन होंगे, जो वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों के लिए सुखद संदेश भी देगा।

## मां, सौतेले पिता ने 5 साल के बच्चे को गला घोंटकर मार डाला

**जौनपुर,एजेंसी:** जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र में 5 साल के एक बच्चे की उसकी मां और सौतेले पिता ने कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक पूछताछ के दौरान कथित तौर पर अपराध कबूल करने के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनका बच्चा इलियास संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाया गया।

इलियास के सगे पिता अजीज ने अपनी पूर्व पत्नी रेशमा और उसके दूसरे पति अतीक पर बच्चे की हत्या का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) आतिश कुमार सिंह ने बताया कि रेशमा की पहली शादी प्रतापगढ़ जिले के चितईपुर निवासी अजीज से हुई थी लेकिन वैवाहिक कलह के कारण दोनों का तलाक हो गया, जिसके बाद रेशमा ने जगदीशपुर के अतीक से शादी कर ली। सिंह का कहना है कि दंपती(रेशमा और अतीक) गोधना में किराये के मकान में रह रहे थे। सोमवार सुबह रेशमा कथित तौर पर इलियास के शव को अपने मायके बरवा ले गई।

# फर्जी रिपोर्ट दर्ज कराने पर युवती को सात साल की सजा, 2.1 लाख का जुर्माना

### युवती ने दो लोगों पर सामुहिक दुष्कर्म का लगाया था आरोप

विधि संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार :** सामुहिक दुराचार का झूठा मुकदमा दर्ज कराने के आरोप में एससी-एसटी एक्ट की विशेष अदालत ने रेखा देवी को दोषी करार दिया है। विशेष जज विवेकानन्द शरण त्रिपाठी ने रेखा देवी को सात वर्ष की सश्रम कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर दो लाख एक हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने कहा है कि जुर्माने की आधी धनराशि का आधा-आधा झूठा मुकदमा दर्ज कराने के चलते जेल में बंद रहे दोनों व्यक्तियों को दी जाएगी।

अभियोजन के मुताबिक 29 जून 2021 को रेखा ने बाराबंकी के जैदपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें दो व्यक्तियों पर दुराचार का आरोप लगाया था। बाद में घटनास्थल लखनऊ के बीकेटी थानांतर्गत पाए जाने पर नौ मई 2022 को विवेचना थाना बीकेटी ट्रांसफर हो गई। साथ ही इसमें एससी-एसटी एक्ट की बढ़ोतरी भी हुई। विवेचना के दौरान घटनास्थल का निरीक्षण, गवाहों के बयान व वैज्ञानिक साक्ष्य आदि से आरोपों की पुष्टि नहीं हुई। पुलिस ने आरोपों को झूठा पाया। लिहाजा इस मामले में अंतिम रिपोर्ट दाखिल कर दी गई। विवेचक ने इसके साथ ही फर्जी रिपोर्ट दर्ज कराने पर रेखा के खिलाफ अदालत में परिवाद दाखिल कर दिया।

### बदला लेने और मुआवजा की लालच में दर्ज कराए जा रहे हैं फर्जी मुकदमे: लखनऊ कोर्ट

विशेष जज ने अपने फैसले में टिप्पणी करते हुए कहा है कि निर्भया कांड के बाद यह प्रावधान किया गया कि सामान्य छेड़छाड़ से लेकर दुष्कर्म तक के मामलों की तुरंत रिपोर्ट दर्ज होगी। इसी के साथ पीड़िताओं को आर्थिक सहायता देने का भी प्रावधान किया गया लेकिन इसका नकारात्मक पहलू यह सामने आया है। अब तेजी से फर्जी दुराचार व गैंगरेप के मामलों की रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है। इसी तरह एससी-एसटी एक्ट में भी ऐसे ही मिलते जुलते प्रावधान किए गए हैं। जिसमें एफआईआर दर्ज कराने से लेकर आरोप पत्र प्रेषित करने और मुकदमे के विचारण की समाप्ति तक पीड़ित को विभिन्न चरणों में एक लाख से लेकर आठ लाख 25 हजार रुपये तक देने का प्रावधान है। एफआईआर दर्ज कराने के इस कठोर प्रावधान और पीड़ित बनकर प्रतिकर की धनराशि हड़पने की लालच ने अपराध व अपराधियों का एक नया वर्ग कानून व्यवस्थाओं से जुड़ी संस्थाओं जैसे पुलिस व अदालत के सामने पैदा कर दिया है, जो अपने दुश्मनों से बदला लेने के लिए कुछ महिलाओं द्वारा इसी प्रवृति के वकीलों से सांठ गांठ करके बलात्कार, गैंगरेप, एससी-एसटी एक्ट के झूठे मुकदमे लिखाए जाते हैं और अपना बदला पूरा करने के साथ-साथ प्रतिकर की धनराशि को आपस में बांट लेते हैं। यह मामला भी गैंगरेप की झूठी सूचना देने व फर्जी एससी-एसटी एक्ट की घटना में एफआईआर दर्ज कराने के मामले को उजागर करता है।

## हर जिले में दिव्यांगजन को मिलेगा पुनर्वास केंद्रों से सहारा

**लखनऊ, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में दिव्यांगजनों को बेहतर जीवन जीने का अवसर देने के साथ उन्हें आत्मसम्मान के साथ समाज की मुख्यधारा में शामिल किए जाने की तैयारी है। इस क्रम में राज्य सरकार प्रदेश के सभी 18 मंडल मुख्यालयों पर दिव्यांग पुनर्वास केंद्रों की स्थापना प्राथमिकता के आधार पर करने जा रही है। इसी कड़ी में प्रदेश में स्थापित 38 जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्रों (डीडीआरसी) को मजबूत करने के लिए राज्य के वित्तीय संसाधनों का उपयोग करने का प्रस्ताव तैयार कर लिया है।

दरअसल, वर्तमान में प्रदेश के 38 डीडीआरसी में से केवल 5-6 केंद्रों को ही भारत सरकार से अनुदान प्राप्त हो रहा है। वहीं, एक केंद्र, जो अम्बेडकर नगर में स्थित है, एनटीपीसी द्वारा अपने संसाधनों से संचालित किया जा रहा है। इन केंद्रों को लेकर विभाग ने सुझाव दिया है कि इनका संचालन राज्य सरकार के संसाधनों से किया जाए। इस प्रस्ताव को लागू करने के लिए लगभग 12 करोड़ रुपये का वार्षिक बजट प्रस्तावित किया गया है।

### केदारनाथ पैदल मार्ग भी हो गया सुचारू, आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था की गई

# केदारनाथ धाम को आज से शुरू होगी हेली सेवा

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। श्रद्धालुओं द्वारा चारों धामों केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के नियमित दर्शन किए जा रहे है। वहीं, रुद्रप्रयाग में रविवार को हेली हादसे में सात लोगों की मौत के बाद स्थगित की गई हेली सेवाओं के मामले में शासन ने आज मंगलवार से केदारधाम के लिए हेली सेवा पुनः संचालित करने की जानकारी दी है।

प्रशासन के अनुसार, बरसात के मौसम के दृष्टिगत यात्रा मार्गों पर संवेदनशील स्थलों पर आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था की गई है। पैदल यात्रा मार्गों पर भी श्रद्धालुओं की सुविधा की दृष्टि से हर संभव प्रयास किए गए हैं। वहीं, रविवार को जंगलचट्टी के निकट निरंतर भारी वर्षा के कारण गधेरे में अचानक मलबा एवं पत्थरों के आने से केदारनाथ धाम को जाने वाला पैदल मार्ग आंशिक रूप से बाधित हो गया था। सुरक्षा दृष्टि से यात्रा को अस्थायी रूप से स्थगित किया गया था।


जंगलचट्टी के पास रविवार को मलबा आने के बाद केदारधाम पैदल मार्ग अस्थायी रूप से बंद किया गया था, जो सोमवार को साफ किया गया। पैदल मार्ग पर यात्रा सुचारू है।

प्रशासन द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों के माध्यम से देर शाम में कार्यदायी संस्थाओं के स्तर से पैदल यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर आये मलबा पत्थर इत्यादि को हटाने एवं मार्ग को सुचारू करने का कार्य तत्परता से किया गया। सोमवार सुबह मौसम के अनुकूल होने पर जनपद में केदारनाथ धाम यात्रा सुचारू करने हेतु मार्ग पूर्ण रूप से साफ कर दिया गया है तथा केदारनाथ धाम की यात्रा पुनः सामान्य रूप से संचालित हो रही है। वहीं, मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोनिका ने सोमवार को अवगत कराया है कि आज मंगलवार से केदारनाथ धाम के लिए हेली सेवाएं पुनः संचालित की जाएंगी।

## नैनीसैनी से जल्द उड़ान भरेंगे 72 सीटर विमान

**पिथौरागढ़,अमृत विचार :** जिले के नैनीसैनी एयरपोर्ट से जल्द ही 72 सीटर विमान उड़ान भरेंगे। करीब 1000 करोड़ से नैनी सैनी एयरपोर्ट का विस्तारीकरण होगा। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया द्वारा एयरपोर्ट के विस्तारीकरण को लेकर किए गए सर्वे के अनुसार जिला प्रशासन ने एयरपोर्ट के विस्तारीकरण का प्रस्ताव शासन को भेज दिया है।

जिलाधिकारी पिथौरागढ़ विनोद गोस्वामी ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के तहत सीमांत जनपद में पर्यटन विकास और नागरिक उड्डयन सेवाओं के विस्तार के लिए नैनी सैनी एयरपोर्ट से 72 सीटर विमान के संचालन की योजना बनाई जा रही है, जिसे देखते हुए एयरपोर्ट के विस्तारीकरण का प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है।

# हेली दुर्घटना: हाईकोर्ट का सरकार को सख्त कदम उठाने का आदेश

विधि संवाददाता, नैनीताल

- सीएससी ने बताया-श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर प्रदेश शासन गंभीर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने चारधाम यात्रा मार्ग पर लगातार हो रही हेलीकाप्टर दुर्घटना का सोमवार को संज्ञान लेते हुए सरकार को कड़े कदम उठाने का मौखिक आदेश दिया है।

हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने सोमवार को अदालती कार्यवाही शुरू होने से पहले इस मामले का संज्ञान लिया। खंडपीठ ने मुख्य स्थायी अधिवक्ता (सीएससी) चंद्रशेखर रावत से इस मामले में संबंध में सवाल पूछा। अदालत ने यह भी कहा कि चारधाम क्षेत्र में मौसम खराब है, ऐसे में हेली सेवाओं का संचालन क्यों किया जा रहा है? सीएससी ने अवगत कराया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर प्रदेश सरकार गंभीर है।



सरकार ने सख्त कदम उठाते हुए हेली सेवाओं के संचालन पर रोक लगा दी है। सरकार की ओर से नयी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) लागू करने की बात कही गयी है। नागर उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) की गाइड लाइन पर हेली सेवाओं का संचालन किया जाता है। खंडपीठ ने सरकार को इस मामले में सख्त कदम उठाने को कहा है। अदालत ने हालांकि, इस मामले में कोई आदेश पारित नहीं किया है। गौरतलब है कि उत्तराखंड में इन दिनों चारधाम यात्रा जारी है। इस सीजन में चारधाम यात्रा के दौरान पांच हेली दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इनमें कई लोगों की जान जा चुकी है। रविवार को भी केदारनाथ यात्रा मार्ग पर हेलीकॉप्टर क्रैश होने से पायलट समेत सात लोगों की मौत हो गयी थी।

## एक नजर

### खरीफ में अनुकूल रहेगा मौसम, उत्पादन बढ़ाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को उनके कार्यालय सभागार में खरीफ मौसम में कृषि उत्पादन संबंधी एक बैठक की गई। इस दौरान कृषि उत्पादन आयुक्त ने इस बात पर जोर दिया कि खरीफ मौसम में अनुकूल मौसम रहने की संभावना है, जिसका लाभ उठाते हुए पिछले वर्ष की तुलना में अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों को व्यापक तैयारी करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कृषि उत्पादन में वृद्धि करके प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद में योगदान दिया जाए, ताकि मुख्यमंत्री के 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिल सके।

### 31 जुलाई तक चलेगी मक्का की खरीद

**अमृत विचार लखनऊ :** न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर राज्य सरकार किसानों से पहली बार सीधे मक्का की खरीद कर रही है। 15 जून से शुरू हुई यह खरीद 31 जुलाई तक चलेगी। क्रय केंद्रों पर सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक खरीद की जाएगी। मक्का की खरीद 2225 रुपये प्रति क्विंटल की दर से होगी। दरअसल, पिछले दिनों औरैया पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मक्का उत्पादक किसानों से बात की थी और उन्हें आश्वस्त किया था कि सरकार नियमित रूप से उनकी खुशहाली का मार्ग प्रशस्त करेगी। फिलहाल सरकारी मक्का की खरीद हरदोई, उन्नाव, कानपुर नगर, औरैया, कन्नौज, इटावा, फर्रुखाबाद, बहराइच, बलिया, गोंडा,अयोध्या, बदायूं, बुलंदशहर, अलीगढ़, एटा, कासगंज, फिरोजाबाद, हाथरस, मैनपुरी, संभल, रामपुर, व मीरजापुर में की जा रही है।

### पेयजल संबंधी 90 फीसदी शिकायतें निस्तारित

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार ने पेयजल आपूर्ति से जुड़ी जन शिकायतों के निस्तारण में उपलब्धि दर्ज कर रहा है। जल गुणवत्ता, पाइपलाइन लीक, अनियमित जल आपूर्ति और रोड कटिंग जैसी शिकायतों में 90 फीसदी शिकायतों का त्वरित समाधान किया है। इस पहल से अब तक 38 हजार से अधिक नागरिकों को समाधान मिल चुका है। विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि अनियमित जल आपूर्ति की 10 हजार से अधिक समस्याओं का निस्तारण कर योगी सरकार ने मानक स्थापित किया है। रोड कटिंग की चार हजार से अधिक शिकायतों का समाधान किया गया, जबकि जल गुणवत्ता की 400 से अधिक शिकायतें दूर की गईं। इसके अलावा इलाकों में पेयजल पाइप लाइनों में लीकेज की शिकायतों में 4,500 से अधिक पाइप लाइन रिसाव की समस्याओं को शीघ्र हल किया। उन्होंने बताया कि इसके अलावा विभिन्न प्रकार की 18 हजार से अधिक शिकायतों को निस्तारित किया गया है।

## धर्म परिवर्तन के आरोप में पादरी और उसका शिष्य गिरफ्तार

गाजियाबाद,एजेंसी

जिले के क्रासिंग रिपब्लिक थानाक्षेत्र में पुलिस ने एक पादरी और उसके शिष्य को कमजोर वर्ग के लोगों को आर्थिक मदद की आड़ में ईसाई धर्म में परिवर्तित करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। वेव सिटी की सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) प्रियाश्री पाल ने बताया कि प्रबल गुप्ता की शिकायत के आधार पर रविवार को गिरफ़्तारी की गईं।

प्रबल गुप्ता का आरोप है कि पादरी विनोद अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (एससी/एसटी) के लोगों को आर्थिक मदद का लालच देकर उनका धर्म परिवर्तन कराता है। विनोद मूल रूप से केरल का रहने वाला है और फिलहाल साहिबाबाद में रह रहा है।

एसीपी ने बताया कि पादरी हर रविवार को क्रॉसिंग रिपब्लिक इलाके की राहुल विहार कॉलोनी में प्रेम चंद जाटव के घर पर प्रार्थना सभा आयोजित करता था और जाटव ने खुद कुछ साल पहले बपतिस्मा लिया था। अधिकारी ने बताया कि जाटव ने कथित तौर पर सभाओं में मदद की और गरीब पृष्ठभूमि के लोगों को सत्रों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया, जहां पादरी ने उन्हें ईसाई धर्म में परिवर्तित करने के लिए प्रेरित किया।

## चंदौली में कोचिंग संचालक ने नाबालिग छात्रा से किया दुष्कर्म

**चंदौली,एजेंसी:** चंदौली के साहबगंज थाना क्षेत्र में एक कोचिंग संचालक ने 10 वर्षीया छात्रा के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया। पुलिस का कहना है कि इस संबंध में बलात्कार पीड़िता की मां ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। छात्रा की मां ने आरोप लगाया कि जब लड़की घर लौटी तो उसने परिवार के सदस्यों को घटना के बारे में बताया जिसके बाद उसके पिता और चाची सेंटर पहुंचे, जहां आरोपी के पिता ने कथित तौर पर उनकी (छात्रा के पिता एवं चाची की) पिटाई की। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया गया है।

## नियामक आयोग कार्यालय पर मूक प्रदर्शन

- बिजली निजीकरण के आरएफपी डॉक्यूमेंट को नामंजूर करने की मांग
- सभी जिलों व परियोजनाओं पर विरोध प्रदर्शन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



राज्य विद्युत नियामक आयोग के कार्यालय पर प्रदर्शन करते बिजली विभाग के कर्मचारी।

**अमृत विचार:** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के आह्वान पर सोमवार को बिजली कर्मियों ने राज्य विद्युत नियामक आयोग के कार्यालय पर मूक प्रदर्शन किया और निजीकरण के विरोध में ज्ञापन देकर सलाहकार कंपनी के निजीकरण संबंधी 'आरएफपी डॉक्यूमेंट' को नामंजूर करने की मांग की। इसके साथ ही, बिजली कर्मियों ने प्रदेश के सभी जिलों व परियोजनाओं पर विरोध प्रदर्शन किया।

बिजली कर्मी शाम चार बजे सैकड़ों की संख्या में नियामक आयोग कार्यालय के मुख्य द्वार पर पहुंचे। बिजली कर्मियों ने निजीकरण के विरोध में तख्तियां लेकर मूक प्रदर्शन किया। नियामक आयोग के सचिव ने मुख्य द्वार पर पहुंचकर संघर्ष समिति का ज्ञापन लिया। ज्ञापन के जरिए संघर्ष समिति ने निजीकरण पर नियामक आयोग के जरिये सुनवाई पर अपनी आपत्ति और विरोध दर्ज किया।

संघर्ष समिति ने आयोग के अध्यक्ष के नाम दिए गए ज्ञापन में मांग की कि पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन की ओर से पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के लिए दिए गए आरएफपी डॉक्यूमेंट को मंजूरी न दी जाय और निजीकरण की प्रक्रिया पर रोक लगाए। आयोग के अध्यक्ष से यह भी मांग की गई कि निजीकरण के मामले में संयुक्त संघर्ष समिति को भी नियामक आयोग के सामने अपना पक्ष रखने के लिए समय दिया जाए।

संघर्ष समिति की ओर से दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि आयोग में वर्तमान में कोई सदस्य विधि नहीं है। इस तरह आयोग का तकनीकी दृष्टि से कोरम ही पूरा नहीं है।

# किसान परिवार से कोई आपदा ग्रस्त हुआ तो सरकार साथ

### 11690 आश्रित परिवारों को जारी किए गए 561.86 करोड़ रुपये

- योगी ने अंबेडकर नगर में 194 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत 11690 आश्रित परिवारों के लिए 561.86 करोड़ रुपये जारी किए। सोमवार को अंबेडकर नगर में मुख्यमंत्री मौजूद रहे, जबकि प्रदेश की सभी 350 तहसीलों में मंत्री-जनप्रतिनिधियों ने किसानों के आश्रितों को सहायता उपलब्ध कराई। मुख्यमंत्री ने इस वर्ष अब तक आपदा के शिकार हुए किसानों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यूपी सरकार किसानों के हितों के संरक्षण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ तैयार है।

मुख्यमंत्री कृषक बीमा दुर्घटना योजना से इस वर्ष में 11690 परिवारों को धनराशि दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस व्यवस्था से पहले केवल किसान आता था, बटाईदार और किसान के परिवार के सदस्य नहीं आते थे, लेकिन हमारी सरकार ने कहा कि किसान, बटाईदार, कृषि श्रमिक व किसान के परिवार का कोई व्यक्ति अग्निकांड, आंधी-तूफान, आकाशीय बिजली, बाढ़ समेत किसी भी आपदा का शिकार होता है तो सरकार मुख्यमंत्री कृषक बीमा दुर्घटना योजना के अंतर्गत पांच लाख रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत सोमवार को अंबेडकर नगर के 431 लोगों को सहायता राशि उपलब्ध कराई। इसमें 408 लोगों को पांच लाख रुपये, 10 लोगों को ढाई लाख, एक किसान परिवार को 1.25 लाख व 12 लाभार्थियों को एक-एक लाख रुपये की सहायता राशि दी गई। कुल राशि 20 करोड़, 78 लाख, 25 हजार रुपये (लगभग 21 करोड़) है।

धनराशि डीबीटी के माध्यम से खाते में भेजी गई। मुख्यमंत्री ने गीता देवी, अकिला खातून, सितारा देवी, शांति देवी, रेखा शुक्ला, शालू, ज्योति, वंदना भारती, रुक्मिणी, सिंधू वर्मा, संगीता, शशिकला, कुसुम, अनीता, सबीना को पांच-पांच लाख रुपये चेक दिया गया। इसी तरह की सहायता धनराशि अंबेडकरनगर, कुशीनगर, कानपुर देहात, मैनपुरी, जौनपुर, इटावा, हरदोई, लखीमपुर खीरी, सोनभद्र, संतकबीर नगर जिलों के किसान परिवारों को भी सौंपी गई।

### अकबरपुर बस स्टैंड का श्रवणधाम नामकरण

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अंबेडकर नगर के कटेहरी में आयोजित एक समारोह में जिले के विकास के लिए 1,184 करोड़ रु. की 194 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों की मांग पर विचार करते हुए कहा कि अकबरपुर बस स्टैंड का नामकरण ''श्रवणधाम बस स्टैंड'' होना चाहिए।



### गीडा को मिलेगी 1551 करोड की परियोजनाओं की सौगात

**अमृत विचार, लखनऊ :** औद्योगिक नक्शे पर तेजी से उभर रहे गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) क्षेत्र में 1551 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं लोकार्पण और शिलान्यास के लिए तैयार हैं। मुख्यमंत्री योगी के हाथों शीघ्र ही इन विकास परियोजनाओं की सौगात मिलने की उम्मीद है। लोकार्पण और शिलान्यास की इन परियोजनाओं में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के समीप 760 करोड़ रुपये के निवेश के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट भी शामिल हैं। इसके साथ ही लिंक एक्सप्रेसवे के किनारे प्लास्टिक पार्क में ही केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एवं तकनीक संस्थान (सीपेट) का स्किल ट्रेनिंग सेंटर और सीएफसी कामन फसिलिटी सेंटर) का शिलान्यास भी प्रस्तावित है। इतना ही नहीं, केंद्र सरकार के रसायन एवं पेट्रो-केमिकल्स विभाग ने प्लास्टिक के विश्व व्यापार में भारत की साझेदारी को बढ़ाने एवं क्लस्टर विकास के माध्यम से प्लास्टिक पार्क योजना विकसित की है। इस योजना के तहत देश भर में 10 प्लास्टिक पार्कों को केंद्र सरकार द्वारा मंजूरी दी गई है। इसी योजना के तहत उत्तर प्रदेश का पहला प्लास्टिक पार्क गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के किनारे अधिग्रहित ग्राम नरकटहा की 88 एकड़ भूमि पर बसाया जा रहा है।

## बिजली सस्ती होगी तो प्रदेश में उद्योग लगेंगे: अखिलेश यादव



**अमृत विचार, लखनऊः** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि अगर बिजली सस्ती नहीं होगी तो प्रदेश में उद्योग नहीं लगेंगे, कारोबार नहीं होगा । उप्र. में आज जिन पावर प्लांटो से बिजली का उत्पादन हो रहा है वह पावर प्लांट सपा सरकार में लगाये गये थे। अभी हाल में जिन पावर प्लांटों का उद्घाटन हुआ उनका शिलान्यास सपा सरकार में हुआ था। भाजपा सरकार ने बिजली विभाग की तरह स्वास्थ्य विभाग को भी बर्बाद कर दिया है। सपा प्रमुख, पार्टी मुख्यालय में सोमवार को समाजवादी अल्पसंख्यक सभा की राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यकारिणी और पदाधिकारियों की बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महंगाई रोकने में विफल है। सोना एक लाख रूपए से पार चला गया है। गरीब व्यक्ति अपनी बेटी की शादी कैसे करेगा। इस महंगाई में शादी-विवाह में गरीब बेटी को कुछ भी देने की स्थिति में नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में हुए हादसे में श्रद्धालुओं की मौत के आंकड़े को लेकर पूरी सरकार ने झूठ बोला। मृतकों के परिजनों को मुआवजा न देना पड़े इसलिए मरने वालों की संख्या सिर्फ 37 बतायी । अब जब एक प्रतिष्ठित समाचार संस्था ने पूरा आंकड़ा और सच्चाई सामने ला दिया है तो सरकार कहीं भी मुंह दिखाने लायक नहीं बची है।

## जिलों की सीएचसी में भी तैनात किए जाएंगे जूनियर रेजीडेंट

- काउंसिलिंग में प्रतिभाग करेंगे नीट 2019 बैच के 2582 एमबीबीएस डॉक्टर

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के मेडिकल कॉलेज ही नहीं, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर भी जूनियर रेजीडेंट्स की तैनाती होगी। नीट 2019 बैच के एमबीबीएस उत्तीर्ण, डॉक्टर बन चुके अभ्यर्थियों को अनिवार्य सेवा बांड के तहत राज्य के 48 मेडिकल कॉलेज व 40 जिलों की विभिन्न सीएचसी की कुल 2797 पदों पर तैनात किया जाएगा। इसके लिए सोमवार 16 जून से काउंसिलिंग के लिए पंजीकरण शुरू हो चुका है। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने इन अस्पतालों सीट मैट्रिक्स जारी कर दी है।

चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि सरकारी मेडिकल कॉलेजों से एमबीबीएस उत्तीर्ण करने वाले 2019 बैच के डॉक्टरों को अनिवार्य सेवा बांड के तहत दो साल के लिए जूनियर रेजीडेंट, डिमांड्ट्रेटर व ट्यूटर के पद पर नियुक्त किया जाएगा। डॉक्टरों को मनपसंद कॉलेज एलॉट करने के लिए कांउसिलिंग प्रक्रिया जारी है। आरक्षण नियमो का अनुपालन करते हुए प्रदेश के चिकित्सा विश्वविद्यालय, चिकित्सा आयुर्विज्ञान संस्थान समेत 48 मेडिकल कॉलेजों के साथ ही 40 अन्य जिलों में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की रिक्त सीटों की मैट्रिक्स घोषित कर दी गयी है। प्रदेश में सीटे 2797 हैं, जबकि 2019 बैच के 2537 और 2018 बैच के 45, कुल 2582 एमबीबीएस डॉक्टर हैं, कांउसिलिंग के माध्यम से सभी को कॉलेजों में नियुक्ति प्रदान कर दी जाएगी।

## ग्रेड वन के 670 डॉक्टरों को ग्रेड टू में प्रोन्नति

- वर्ष वार रिक्त पदों के सापेक्ष प्रोन्नति की तीन सूचियां जारी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग में अनुरोध पर होने वाले तबादलों की आश लगाए डॉक्टरों की उम्मीदों पर पानी फिर गया, लेकिन वर्षो बाद विभाग में ग्रेड वन के पहली बार प्रोन्नति पाने वाले डॉक्टरों में हर्ष का माहौल है, ग्रेड वन के 670 डॉक्टरों को ग्रेड टू में प्रोन्नति मिल गई। वहीं तमाम डॉक्टरों का वर्षों से प्रोन्नति का इंतजार जारी है।

स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा अनुभाग आठ से प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा के अनुमोदन उपरांत ग्रेड टू में प्रोन्नति पाने वाले डॉक्टरों की तीन सूची जारी हुई हैं। पहल सूची वर्ष 2021-22 में रिक्त पदों के सापेक्ष जारी पहली सूची में 562 डॉक्टरों को शामिल किया गया है, जबकि वर्ष2022-23 में 43 डॉक्टर शामिल हैं, इनमें नौ डॉक्टर दिव्यांग हैं। प्रोन्नति पाए वर्ष 2023-24 के रिक्त पदों के सापेक्ष 65 डॉक्टरों की तीसरी सूची जारी की गयी है। प्रांतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग उप्र. के प्रांतीय सचिव डॉ.अमित सिंह का कहना है कि ग्रेड वन में 3620 पद के सापेक्ष करीब 6949 डॉक्टर सेवारत हैं, साल 2012 से प्रोन्नति नहीं मिली है, जिसकी वजह से ग्रेड वन में प्रोन्नति की आस लगाए हजारों डॉक्टर हैं, मात्र 670 डॉक्टरों को प्रोन्नति से विभाग का ढांचा नहीं सुधरेगा, प्रोन्नति सभी को देनी चाहिए।

### स्वास्थ्य केन्द्रों के एमओसीएच 119 डॉक्टर स्थानान्तरित

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित होने वाले 119 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रभारियों (एमओसीएच) को आयुर्वेद निदेशक के निर्देश पर स्थानान्तरित कर नए केन्द्रों में तैनात कर दिया गया है। इनमें मात्र 23 डॉक्टरों के स्थानान्तरण अनुरोध पर किए गए हैं। आयुर्वेद निदेशक मानवेन्द्र सिंह ने स्थानान्तरित एमओसीएच की सूची जारी करते हुए सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि स्थानान्तरण के तहत डॉक्टरों को तत्काल प्रभाव से बिना प्रतिस्थानी की प्रतीक्षा के चिकित्साधिकारियों को अवमुक्त करें ताकि अगले एक सप्ताह के अंदर नए तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण कर लें। निदेशक ने बताया कि स्थानान्तरण में डॉक्टरों के गृह जनपद को ध्यान में रखा गया है, अगर मंडल में तैनाती की निर्धारित अवधि पूरी हो चुकी है तो समीप के मंडल में समीप के जिलों में डॉक्टरों को स्थानान्तरित किया गया है ताकि डॉक्टरों को अधिकतम सुविधा मिल सके।

### आयुर्वेद में 81 फार्मासिस्ट स्थानान्तरित

आयुर्वेद विभाग में निदेशक मानवेन्द्र सिंह ने अनुरोध पर 81 फार्मासिस्टों को मनपंसद जिलों में स्थानान्तरित किया गया है। स्थानान्तरित फार्मासिस्टों को जिलों के साथ ही नयी तैनाती के अस्पताल भी निर्धारित किए गए हैं। उन्हें एक सप्ताह के अंदर नए पद पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

## धर्म दर्शन

### ब्रह्मांडीय आलिंगन शिव और शक्ति


शिवानंद मिश्रा
वरिष्ठ लेखक

समय की पहली सांस लेने से पहले आदिम अंधकार में, केवल शून्यता थी, जो अनंत संभावनाओं से भरी हुई थी। इस पवित्र शून्यता के भीतर, चेतना पहली बार विचार के रूप में नहीं, बल्कि शुद्ध जागरूकता के रूप में उभरी, जिसने पहली बार खुद को छुआ। यह वह क्षण था जब शिव ने शून्यता के दर्पण में अपने प्रतिबिंब को पहचाना, और उस पहचान से, शक्ति अस्तित्व में आई।

वह उनसे अलग नहीं, बल्कि उनकी अपनी शक्ति के रूप में प्रकट हुई, वह गुप्त अग्नि जो हमेशा उनकी शांति के भीतर जलती रहती थी। अपनी जागृति के उस पहले क्षण में, वह उनका सामना करने के लिए मुड़ी, और उनकी आंखें अव्यक्त क्षमता के रसातल में मिलीं। यह देखना नहीं था, बल्कि इतनी पूर्ण पहचान थी कि इसने अलगाव की धारणा को हमेशा के लिए चकनाचूर कर दिया।

उनका पहला स्पर्श स्वयं इच्छा का जन्म था, अधूरे प्राणियों की कच्ची इच्छा नहीं, बल्कि प्रतीत होने वाले विभाजन के परमानंद के माध्यम से खुद को जानने की एक की ब्रह्मांडीय लालसा। जब शक्ति की उंगलियों ने पहली बार शिव के रूप की ज्यामिति का पता लगाया, तो वह चेतना की वास्तुकला का मानचित्रण कर रही थी। जब शिव के हाथों ने शक्ति के दिव्य शरीर को पाया, तो वह उन गुप्त मार्गों की खोज कर रहे थे जिनके माध्यम से निराकार आकार बन जाता है।

उनके पवित्र मिलन में, हर कोमल स्पर्श अंतरिक्ष समय के ताने-बाने पर मंत्र लिखता है। उसकी सांस हवा बन जाती है जो सभी दुनियाओं में चलती है। उसका दिल की धड़कन ग्रहों के नृत्य और आकाशगंगाओं के फूलने को नियंत्रित करने वाली लय स्थापित करती है, वह खुद को वेदी के रूप में पेश कर रही है जिस पर पूरी सृष्टि समर्पित है। उनके सबसे अंतरंग क्षणों में, वह शुद्ध ऊर्जा में विलीन हो जाती है, सुनहरी रोशनी तरल आग की तरह उसकी चेतना के माध्यम से प्रवाहित होती है। वह अनंत स्थान बन जाता है जिसमें उसका रचनात्मक विस्फोट होता है, उसके ब्रह्मांडीय बनने का शाश्वत साक्षी। वे एक साथ ज्ञाता और ज्ञात, प्रेमी और प्रिय, साधक और खोजे जाने वाले होते हैं।

उनके सबसे गहरे मिलन के क्षण में, सारा अस्तित्व रुक जाता है। सांस अंदर और बाहर के बीच रुक जाती है। दिल धड़कनों के बीच आराम करता है। उस पवित्र विराम में, पूरा ब्रह्मांड अपने स्वयं के स्रोत को पहचानता है और उस शुद्ध जागरूकता में वापस विलीन हो जाता है जिससे वह उत्पन्न हुआ था, केवल अगले ही पल उनके निरंतर आलिंगन से पुनर्जन्म लेने के लिए।


## वर्ग पहेली- 4

**बाएं से दाएं**

1. 1. तेज़ दौड़ने वाला 2. फुरतीला।
3. 1. कमल, पद्म, कुईं 2. कनकचंपा, कनिआरी 3. सारस 4. (पुराण) कुश द्वीप में स्थित एक पर्वत।
6. 1. रास्ता भूलना 2. भ्रम में पड़ना 3. व्यर्थ में इधर-उधर घूमते फिरना, मारे-मारे फिरना 4. बहकना, गुमराह होना।
7. न्योछावर करना, उत्सर्ग करना।
8. 1. नीति संबंधी, नीति का 2. नीति के अनुसार होने वाला (आचरण या व्यवहार)।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. बचकाना, शिशुओं के समान 2. शिशुओं को होने वाला
3. 1. किसी पदार्थ या चीज़ में नीचे की तरफ़ से कुछ निकालने के लिए ऊपर की परत को हटाना, खुरचना 2. किसी कठोर सतह पर कुछ उत्कीर्ण करना, खरोंचना, उकेरना, उभारना 3. लकड़ी
4. परिवर्तन, बदलाव, क्रांति।
5. 1. जलबेंत 2. एक प्राचीन माप (परिमाण)।




### वर्ग पहेली -3 का हल




## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 जून, मंगलवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, षष्ठी-14 .46 तक तत्पश्चात सप्तमी।


मेष

आज आपके आसपास का वातावरण अत्यन्त सकारात्मक रहेगा। सामाजिक कार्यों में आप बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। बच्चों के लिए कुछ उपहार ले सकते हैं। शेयर मार्केट और अन्य माध्यमों पर निवेश करना लाभकारी होगा। परिजनों की कुछ चिंता हो सकती है।


वृष

आज कारोबार में आ रही परेशानियों का हल हो जायेगा। अपनी जीवनशैली में परिवर्तन ला सकते हैं। किसी के प्रति मन में ईर्ष्या भाव न आने दें। विरोधी आपके आगे नतमस्तक रहेंगे। आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा।


मिथुन

आज कार्यक्षेत्र में सहकर्मी आपसे खुश नहीं है। पूजा-पाठ में आपकी विशेष रुचि रहेगी। पिता के स्वास्थ्य की कुछ चिंता हो सकती है। विद्यार्थियों को शिक्षा में बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। पति-पत्नी के रिश्तों के मध्य का तनाव कम होगा।


कर्क

आज पुराने अनुभवों का आज लाभ उठा सकते हैं। इसके कारण आपके अधिकारी आपसे नाराज हो सकते हैं। बातचीत के दौरान शब्दों की मर्यादा का ध्यान रखें। खानपान में असन्तुलन के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है। हाथ-पैरों में शिथिलता रहेगी।


सिंह

आज दांपत्य संबंध में मजबूती आयेगी। कारोबार में विस्तार करने के मौके मिलेंगे। रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। पारिवारिक वातावरण थोड़ा भावुक रहेगा। कानूनी मामलों में आप विजयी हो सकते हैं।


कन्या

आज कार्यक्षेत्र में आपके काम की प्रशंसा होगी। दूसरों के मामलों में प्रतिक्रिया न दें। व्यवसाय में पार्टनर्स के साथ तालमेल की कमी हो सकती है। बेवजह के खर्चों पर अंकुश लगाएं। आपके कार्य समय पर पूर्ण नहीं होंगे। फिर भी आप काफी समझदारी से परिस्थितियों को संभाल लेंगे।


तुला


आज कार्यक्षेत्र में पदोन्नति होने के योग बन रहे हैं। मित्रों के साथ आपके रिश्ते और मजबूत होंगे। बच्चों की गलतियों को अनदेखा न करें। पेटदर्द की शिकायत हो सकती है। प्रेम संबंधों में तनाव की आशंका है। लोग आपके कार्यों में गलतियां निकाल सकते हैं।


वृश्चिक

आज दिन की शुरुआत थोड़ी सुस्त रहेगी। घुटनों में दर्द उभर सकता है। कार्यक्षेत्र में बार-बार रणनीति बदलना आपके लिए घातक हो सकता है। जब तक आपके काम पूरे न हों तब तक उससे पीछे न हटें। विधिक मामले आपके पक्ष में रहेंगे।


धनु

आज कार्यक्षेत्र को लेकर महत्वपूर्ण मीटिंग में सम्मिलित हो सकते हैं। दांपत्य संबंधों में प्रेम और समर्पण भाव बढ़ेगा। परिजनों के साथ किसी मनोरञ्जक यात्रा पर जाने की योजना बना सकते हैं। यात्राओं के लिए दिन बहुत शुभ है। दूरस्थ क्षेत्रों की यात्रा का विचार बनेगा।


मकर

आज धन की स्थिति कमजोर रहने वाली है। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। प्रेमी जन से किसी कारणवश झगड़ा हो सकता है। विद्यार्थी पढ़ाई में कुछ लापरवाही कर सकते हैं। अजनबियों से अधिक संबंध न रखें। शत्रु आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकते हैं।



कुंभ

आज कार्यक्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। व्यवसाय में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को बड़े अनुबंध मिलने की संभावना बन रही है। करियर को लेकर उलझनें दूर होंगी। सहकर्मियों के साथ मित्रवत संबंध मजबूत होंगे।


मीन

आज आपके व्यवहार से सहकर्मी परेशान हो सकते हैं। शत्रु आपको नुकसान पहुंचाने का प्रयास करेंगे। विदेशी कंपनियों में जॉब कर रहे लोगों को उच्च पद मिल सकता है। पैरदर्द और मांसपेशियों में खिंचाव की समस्या हो सकती है।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर। **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-शतभिषा 18 जून 01 .01 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

## सुडोकू -11

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | 3 | | 4 | |
| | | 6 | | 9 | | | | 8 |
| 7 | | | 5 | | | | | |
| | | | 4 | | 7 | | 3 | 9 |
| | | 4 | | | | 6 | | |
| | 5 | | | | 1 | | | |
| | 3 | 9 | | | | | | 5 |
| | | | | 4 | | 2 | | |
| | | | 8 | | | | | 1 |

### सुडोकू - 10 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 6 | 1 | 2 | 7 | 9 |
| 6 | 9 | 4 | 5 | 7 | 2 | 1 | 3 | 8 |
| 7 | 6 | 9 | 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 |
| 8 | 5 | 3 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 6 |
| 4 | 1 | 2 | 7 | 3 | 6 | 8 | 9 | 5 |
| 5 | 7 | 1 | 6 | 4 | 3 | 9 | 8 | 2 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 8 | 2 | 5 | 7 | 3 | 6 | 1 |

# 14 माह के निचले स्तर पर थोक महंगाई

## खाद्य वस्तुओं, विनिर्मित उत्पादों और ईंधन की कीमतों में नरमी से 0.39% पर आई

नई दिल्ली, एजेंसी



खाद्य वस्तुओं, विनिर्मित उत्पादों और ईंधन की कीमतों में नरमी के बीच मई में थोक मुद्रास्फीति (डब्ल्यूपीआई) घटकर 14 महीने के निचले स्तर 0.39% आ गई। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक स्तर पर तनाव के कारण कीमतें बढ़ सकती हैं। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल में 0.85% और मई 2024 में 2.74% रही थी।

उद्योग मंत्रालय ने कहा, मुख्य तौर पर खाद्य उत्पादों, बिजली, अन्य विनिर्माण, रसायनों व रासायनिक उत्पादों, अन्य परिवहन उपकरणों और गैर-खाद्य वस्तुओं के विनिर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही। थोक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की कीमतों में मई में 1.56% की गिरावट देखी गई, जबकि अप्रैल में इनमें 0.86% की गिरावट आई थी। सब्जियों के दाम में भारी गिरावट आई। सब्जियां मई में 21.62% सस्ती हुईं जबकि अप्रैल में इनकी कीमतें 18.26% घटी थीं। विनिर्मित उत्पादों में मुद्रास्फीति 2.04% रही, जबकि अप्रैल में यह 2.62% थी। ईंधन और बिजली में भी मई में मुद्रास्फीति 2.27% रही जबकि अप्रैल में यह 2.18% थी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मौद्रिक नीति तैयार करते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति पर गौर करता है। खुदरा मुद्रास्फीति मई में घटकर छह वर्ष के निचले स्तर 2.82% पर आ गई, जिसका मुख्य कारण खाद्य कीमतों में नरमी रही। पिछले सप्ताह जारी आंकड़ों में यह जानकारी मिली। आरबीआई ने मुद्रास्फीति में नरमी के बीच इस महीने नीतिगत ब्याज दर में 0.50% की भारी कटौती कर इसे 5.50% कर दिया था।

रेटिंग एजेंसी इक्रा के वरिष्ठ अर्थशास्त्री राहुल अग्रवाल ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के शीघ्र आगमन के बावजूद इसकी प्रगति जून में ही रुक गई, जो 15 जून तक के सामान्य स्तर से 31% कम रही। मानसून का अस्थायी एवं स्थानिक वितरण फसल के पूर्वानुमान व परिणामस्वरूप खाद्य मुद्रास्फीति के लिए महत्वपूर्ण बना हुआ हैं। इज़राइल और ईरान के बीच तनाव बढ़ने के बाद कच्चे तेल की कीमतों में काफी तेजी है। उद्योग मंडल पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने कहा कि थोक मुद्रास्फीति में गिरावट से कारोबारी धारणा को बढ़ावा मिलेगा क्योंकि इससे उत्पादन की लागत कम होगी।

### निर्यात घटकर 38.73 तो व्यापार घाटा 21.88 अरब डॉलर

**नई दिल्ली।** देश का निर्यात मई में 2 .17 प्रतिशत घटकर 38 .73 अरब डॉलर रह गया। वहीं व्यापार घाटा इस दौरान 21 .88 अरब डॉलर रहा। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी मिली। मई में आयात सालाना आधार पर 1 .7 प्रतिशत घटकर 60 .61 अरब डॉलर रह गया। आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-मई 2025-26 के दौरान निर्यात बढ़कर 77 .19 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात बढ़कर 125 .52 अरब डॉलर रहा।

# खुदरा निवेश : आर्थिक आत्मनिर्भरता

खुदरा निवेश (रिटेल इंवेस्टमेंट) वह प्रक्रिया है जिसमें आमजन – जैसे नौकरीपेशा, व्यापारी, गृहिणी या छात्र– अपनी बचत को शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड, बॉण्ड, बीमा या अन्य वित्तीय साधनों में निवेश करते हैं। यह छोटे पैमाने पर होने वाला निवेश है, लेकिन इसका असर व्यापक होता है क्योंकि यह पूंजी बाजार की स्थिरता और तरलता बढ़ाता है। खुदरा निवेशकों की भागीदारी हाल के वर्षों में डिजिटल प्लेटफॉर्म्स और जागरूकता अभियानों से बढ़ी है। इसमें निवेश करने से व्यक्ति न केवल अपनी भविष्य की जरूरतों के लिए बचत करता है, बल्कि धन वृद्धि के अवसर भी प्राप्त करता है। हालांकि, इसके साथ जोखिम भी जुड़े होते हैं, इसलिए निवेश करने से पहले सही जानकारी और कानूनी प्रावधानों को समझना आवश्यक होता है। खुदरा निवेश, यदि विवेकपूर्ण ढंग से किया जाए, तो आर्थिक सुरक्षा का एक मजबूत माध्यम बन सकता है।



### खुदरा निवेश के लाभ

- पूंजी में वृद्धि का अवसर, मुद्रास्फीति के खिलाफ बचाव, कर लाभ (धारा 80सी व अन्य प्रावधानों के अंतर्गत), भविष्य के लक्ष्यों (जैसे रिटायरमेंट, शिक्षा) के लिए पूंजी निर्माण, आंशिक निवेश की सुविधा (कम राशि से शुरुआत)

### संभावित जोखिम

- शेयर बाजार में अस्थिरता से पूंजी हानि, गलत जानकारी या सलाह के कारण नुकसान, धोखाधड़ी व साइबर फ्रॉड का खतरा, बिना विविधीकरण के निवेश से जोखिम बढ़ता है

### कैसे करें खुदरा निवेश

- **शेयर बाजार :** स्टॉक्स या इक्विटी में निवेश करने के लिए डीमैट खाता और ट्रेडिंग खाता खोलना होता है।
- **म्यूचुअल फंड :** एसआईपी (सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) के जरिए नियमित निवेश।
- **बॉण्ड व सरकारी प्रतिभूतियां :** सुरक्षित और निश्चित रिटर्न के विकल्प।
- **बीमा व पीएफ :** सुरक्षा और बचत का मिश्रण।
- **डिजिटल प्लेटफॉर्म :** मोबाइल ऐप्स और पोर्टल के माध्यम से आसान निवेश सुविधा।

### कानूनी और नियामकीय पक्ष

- भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) खुदरा निवेश की निगरानी करता है। निवेशकों के हितों की सुरक्षा के लिए केवाईसी, डीमैट, पैन अनिवार्य। म्यूचुअल फंड्स व अन्य स्कीम्स सेबी से पंजीकृत होती हैं। शिकायतों के निपटारे के लिए सेबी, स्कोर्स प्लेटफॉर्म उपलब्ध।

### संयम और योजना जरूरी

- खुदरा निवेश में संयम, जानकारी और योजना जरूरी है। उचित मार्गदर्शन से यह आम व्यक्ति के लिए आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम बन सकता है।

# मजबूत संकेतों से सेंसेक्स 678 अंक उछला

मुंबई, एजेंसी



- निफ्टी में भी दर्ज की गई 228 अंक की बढ़त

मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) एवं पेट्रोलियम शेयरों में खरीदारी और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आने से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी लौट आई। मानक सूचकांक सेंसेक्स में करीब 678 अंक और निफ्टी में 228 अंक की बढ़त दर्ज की गई।

शेयर बाजारों में दो दिन के बाद तेजी लौट आई। ईरान-इजराइल संघर्ष से दो सत्रों में सेंसेक्स 1,396.54 अंक और निफ्टी 422.8 अंक गिर गया था। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से अल्ट्राटेक सीमेंट, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), एशियन पेंट्स, टाटा स्टील और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ, टाटा मोटर्स, अडाणी पोर्ट्स और सन फार्मा के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ईरान-इजराइल संघर्ष से भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के बावजूद भारतीय बाजार दिग्गज शेयरों के दम पर बढ़त लेने में सफल रहे। निवेशकों ने उतार-चढ़ाव भरे समय में दीर्घकालिक बुनियादी पहलुओं पर अपनी स्थिति बरकरार रखी। बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.93 जबकि स्मालकैप 0.38% चढ़ गया। सर्वाधिक 1.50% की बढ़त आईटी खंड में दर्ज की गई जबकि प्रौद्योगिकी खंड में 1.35 और तेल एवं गैस खंड में 1.22% की तेजी रही।

# एसबीआई ने ब्याज दरों में 0.5% की कटौती की

नई दिल्ली, एजेंसी


- आरबीआई के नीतिगत दर में कटौती के बाद लिया निर्णय

देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने ब्याज दरों में 0.5% की कटौती की है, जिससे मौजूदा तथा नए उधारकर्ताओं दोनों के लिए ऋण सस्ता हो गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नीतिगत दर में 0.5% की कटौती के बाद एसबीआई ने निर्णय लिया है।

एसबीआई की रेपो आधारित ब्याज दर (आरएलएलआर) में 0.5% की कटौती के साथ यह अब 7.75% हो गई है। बाह्य मानक आधारित ब्याज दर (ईबीएलआर) में भी 0.5% की कटौती की गई और यह 8.65 से अब 8.15% हो गई है। एसबीआई की वेबसाइट पर दी गई अद्यतन दर की जानकारी के अनुसार, संशोधित दरें 15 जून 2025 से लागू हो गई। बैंक के इस कदम से रेपो आधारित ब्याज से जुड़े कर्ज सस्ते होंगे। इससे आवास, वाहन, व्यक्तिगत कर्ज लेने वाले नये और मौजूदा खुदरा ग्राहकों के अलावा सूक्ष्म, लघु एवं मझोले मध्यम उद्यम (एमएसएमई) कर्जदारों को लाभ होगा।

# कंपनियों के राजस्व में स्थिर वृद्धि की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी



- रेटिंग एजेंसी इक्रा ने कहा- क्रमिक सुधार के बाद अप्रैल-जून तिमाही में कंपनियों का परिचालन लाभ मार्जिन 18.2 से 18.5 प्रतिशत पर रहने का अनुमान

मजबूत घरेलू मांग के दम पर भारतीय उद्योग जगत की राजस्व वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में स्थिर रहने की उम्मीद है। मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव का मांग पर असर रहने की आशंका है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सोमवार को एक रिपोर्ट में यह संभावना जताई।

इक्रा ने कहा कि पिछली कुछ तिमाहियों में क्रमिक सुधार के बाद अप्रैल-जून 2025 की तिमाही में भारतीय कंपनियों का परिचालन लाभ मार्जिन (ओपीएम) 18.2 से 18.5 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है। पिछले कुछ महीनों में रेपो दर में हुई कुल 1% की कटौती से ब्याज लागत में कमी आने से भारतीय उद्योगों के लिए ब्याज कवरेज अनुपात में सुधार होगा। इक्रा में वरिष्ठ उपाध्यक्ष किंजल शाह ने कहा, हमें उम्मीद है कि निजी पूंजीगत व्यय सोच-समझकर ही किया जाएगा। इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर और वाहन खंड में इलेक्ट्रिक वाहनों जैसे खास क्षेत्रों में निवेश में वृद्धि जारी रहेगी। रेल और रक्षा क्षेत्रों से जुड़ी कंपनियों को भी जून तिमाही में अपने बड़े ऑर्डर से राजस्व और आय होगी। घरेलू मांग से वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में स्थिर राजस्व वृद्धि दर्ज करने की उम्मीद है।

## राष्ट्रीय

### एक नजर

#### चिकित्सकों की निगरानी में सोनिया, हालत स्थिर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी (78 वर्षीय) की हालत स्थिर है, जिन्हें पेट संबंधी समस्या के चलते रविवार शाम को सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल से जारी बयान के अनुसार, सर गंगा राम अस्पताल के प्रमुख डॉ. अजय स्वरूप ने कहा, उन्हें पेट से संबंधित समस्या के लिए सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के तहत सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी हालत स्थिर हैं और डॉक्टर उनके स्वास्थ्य पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।

#### बम की धमकी पर निजी स्कूल की ली गई तलाशी

**जयपुर।** एक निजी स्कूल में बम की धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों ने शिक्षण संस्थान के परिसर की जांच पड़ताल की। सिटी पैलेस स्कूल की ईमेल आईडी पर स्कूल में बम रखे होने की धमकी मिली। प्रबंधन ने पुलिस को सूचित किया। बम निरोधक दस्ते व अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने जांच पड़ताल शुरू की। हालांकि तलाशी में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। इस स्कूल की संस्थापक दीया कुमारी राजस्थान की उपमुख्यमंत्री हैं।

#### संजय भंडारी से जुड़े मामले में वाड्रा को नया समन

**नई दिल्ली।** ईडी ने ब्रिटेन में रह रहे हथियार सलाहकार संजय भंडारी से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा को नया समन जारी किया है। सूत्रों ने बताया कि वाड्रा को इस मामले में बयान दर्ज कराने के लिए 17 जून को संघीय जांच एजेंसी के समक्ष पेश होने को कहा गया है। मामले की जांच धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की जा रही है।

# आप जैसे लोगों के कारण भारतीय पासपोर्ट का घटा मान : सुप्रीम कोर्ट

- डंकी रूट या अवैध तरीके से विदेश भेजने वाले एजेंटों से नाराज

नई दिल्ली, एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट ने एक व्यक्ति को 'डंकी रूट' या अवैध तरीके से अमेरिका भेजने का वादा कर उसके साथ कथित तौर पर धोखाधड़ी करने के आरोपी को अग्रिम जमानत देने से सोमवार को इन्कार कर दिया। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि ऐसे लोग भारतीय पासपोर्ट की छवि खराब करते हैं।

न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने कहा कि आप जैसे लोगों के कारण भारतीय पासपोर्ट का मान घटता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि कुछ लोगों के ऐसे कृत्यों से भारतीय पासपोर्ट की प्रतिष्ठा खराब हुई है। 'डंकी रूट' का इस्तेमाल आमतौर पर अमेरिका या ब्रिटेन जैसे देशों में प्रवेश करने के लिए किया जाता है। इस प्रक्रिया में मानव तस्करों का उपयोग करना और कानूनी आव्रजन प्रक्रियाओं को दरकिनार करने के लिए विभिन्न देशों से होकर गुजरना शामिल है, जहां अक्सर कठोर और खतरनाक परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। मामले के तथ्यों का हवाला देते हुए पीठ ने कहा कि आरोपी ने न केवल व्यक्ति को धोखा दिया, बल्कि उसे अमानवीय परिस्थितियों में अमेरिका की सीमा से लगे कई देशों की यात्रा भी कराई, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वह अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश कर जाए। पीठ ने आरोपों को बहुत गंभीर करार दिया और हरियाणा के रहने वाले ओम प्रकाश की अग्रिम जमानत याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। यह याचिका पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ दायर की गई थी, जिसमें उसे मामले में राहत देने से इन्कार कर दिया गया था।

प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि प्रकाश मुख्य आरोपी का सहयोगी था, जो एक एजेंट के रूप में काम कर रहा था और उसने शिकायतकर्ता को आश्वासन दिया था कि वह 43 लाख रुपये का भुगतान करने पर उसे वैध माध्यम से अमेरिका भेज देगा। मुख्य आरोपी ने शिकायतकर्ता को सितंबर 2024 में दुबई भेजा, और वहां से विभिन्न देशों, फिर पनामा के जंगलों और फिर मैक्सिको भेजा। एक फरवरी, 2025 को मुख्य आरोपी के एजेंट ने उसे अमेरिकी सीमा पार करवा दिया। शिकायतकर्ता को अमेरिकी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जेल में डाल दिया और 16 फरवरी, 2025 को भारत भेज दिया। उच्च न्यायालय ने अग्रिम जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि शिकायतकर्ता के पिता ने गवाही दी कि याचिकाकर्ता ने उनसे 22 लाख रुपये की ठगी की है।

### रजिस्ट्री और कार्यालय शनिवार को खुले रहेंगे


**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को फैसला किया कि 14 जुलाई से हर शनिवार उसकी रजिस्ट्री और कार्यालय खुले रहेंगे। परंपरा के अनुसार, शीर्ष अदालत की पीठें शनिवार को अदालतें नहीं लगाती हैं। सोलह जून को जारी शीर्ष अदालत के नोटिस में कहा गया है कि न्यायालय की रजिस्ट्री और कार्यालय 14 जुलाई 2025 से सभी शनिवार को सुबह 10 बजे से अपराह्न एक बजे तक खुले रहेंगे। शीर्ष अदालत ने संविधान के अनुच्छेद 145 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग किया है और उच्चतम न्यायालय के 2013 के नियमों में संशोधन किया है।

### न्यायालय ने केंद्र एवं वायुसेना को महिला अधिकारी को सेवा मुक्त करने से रोका

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार और भारतीय वायुसेना को निर्देश दिया कि वे उस महिला अधिकारी को सेवा से मुक्त न करें, जिसे स्थायी कमीशन देने से इन्कार कर दिया गया था। न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और मनमोहन की पीठ ने शीर्ष अदालत के 22 मई के आदेश का हवाला दिया, जिसमें विंग कमांडर निकिता पांडे की याचिका पर केंद्र और भारतीय वायुसेना को इसी प्रकार के निर्देश दिए गए थे और कहा था कि यही निर्देश विंग कमांडर कविता भाटी के मामले में भी लागू होंगे। पक्षकारों के अधिकारों या अधिकारी के पक्ष में समानता के प्रति पूर्वाग्रह के बिना, पीठ ने कहा कि विंग कमांडर कविता भाटी को कार्यमुक्त नहीं किया जाना चाहिए तथा अगली सुनवाई तक उन्हें सेवा में बने रहने की अनुमति दी जानी चाहिए। शॉर्ट सर्विस कमीशन अधिकारी भाटी ने दावा किया कि उन्हें गलत तरीके से स्थायी कमीशन देने से मना कर दिया गया। शीर्ष अदालत ने मामले की सुनवाई 6 अगस्त को नियमित पीठ के समक्ष निर्धारित की है, जब भारतीय वायुसेना से संबंधित मामलों पर सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट ने 22 मई को केंद्र और भारतीय वायुसेना को पांडे को सेवा मुक्त करने से रोक दिया था, जो ऑपरेशन बालाकोट और ऑपरेशन सिंदूर का हिस्सा थीं, लेकिन उन्हें स्थायी कमीशन देने से इन्कार कर दिया गया था।

# आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बना भारत: शाह

नई दिल्ली, एजेंसी



सम्मेलन को संबोधित करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि भारत एनडीएमए और एनडीआरएफ सहित अन्य एजेंसियों के उत्कृष्ट कार्यों से आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बना है। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राहत आयुक्तों और आपदा मोचन बलों के सम्मेलन में शाह ने कहा कि 10 साल पहले आपदा से निपटने वाले संगठनों का दृष्टिकोण हताहतों की संख्या कम रखने का था और 10 साल बाद, संख्या शून्य रखने का लक्ष्य है।

उन्होंने कहा कि जब भी भारत की आपदा प्रतिक्रिया का इतिहास लिखा जाएगा, मोदी सरकार के पिछले 10 साल परिवर्तनकारी दशक के रूप में दर्ज किए जाएंगे। इन 10 वर्षों में हमने क्षमता, दक्षता, गति और सटीकता - चारों क्षेत्रों में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। गृह मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने नीति, विषय संरचना, अनुसंधान कार्य, जनता तक विभिन्न अभ्यासों का प्रसार, कई अनुप्रयोगों का विकास और समग्र समन्वय तथा नीति-संबंधी कार्य प्रभावी ढंग से किए हैं।

उन्होंने कहा, 10 वर्षों में एनडीएमए, एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल) और सीडीआरआई (आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना गठबंधन) ने भारत को आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में वैश्विक नेता बनने के लिए मजबूती से स्थापित किया है। दो वर्षों में राहत और आपदा प्रबंधन से जुड़ी एजेंसियों की कार्यशालाओं और बैठकों को एक साथ लाकर समग्र सरकारी दृष्टिकोण के साथ विचारों का मंच बनाने का काम किया गया है। जब सभी आपदा राहत दलों के प्रमुख एक ही मंच पर चर्चा करते हैं, तो कई कमियां दूर हो जाती हैं और देश को भी आपदा से निपटने के लिए तैयार रहने में लाभ होता है।

## अमरनाथ यात्रा : सुरक्षा व्यवस्था की हुई समीक्षा

**श्रीनगर।** आगामी अमरनाथ यात्रा के लिए सोमवार को शादीपोरा ट्रांजिट कैंप में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। हजारों तीर्थयात्री बालटाल मार्ग पर पवित्र गुफा मंदिर की यात्रा के दौरान शादीपोरा ट्रांजिट कैंप में रुकते हैं। अमरनाथ यात्रा की तैयारी के लिए उत्तर कश्मीर रेंज के डीआईजी मकसूद-उल-जमान (आईपीएस) द्वारा शादीपोरा ट्रांजिट कैंप में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। दौरे के वक्त डीआईजी के साथ बांदीपोरा के एसएसपी हरमीत सिंह और सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

## लापरवाही पर टोका तो रैपिडो चालक ने महिला को मारा थप्पड़

बेंगलुरु, एजेंसी

बेंगलुरु में रैपिडो कंपनी से जुड़े बाइक चालक ने लापरवाही से वाहन चलाने को लेकर हुई तू-तू मैं-मैं के बाद महिला यात्री को थप्पड़ मार दिया और यह घटना कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार को जयनगर में हुई। घटना के वक्त महिला उस आभूषण की दुकान पर जा रही थी जहां की वह कर्मचारी है। कथित तौर पर लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने के कारण महिला बीच में ही उतर गई और इसके बाद दोनों के बीच तीखी बहस हुई। महिला ने किराया देने और हेलमेट लौटाने से भी इन्कार कर दिया।

संपर्क करने पर रैपिडो ने इस मामले पर टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया और कहा कि यह पुलिस का मामला है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें महिला को बाइक चालक थप्पड़ मारता हुआ दिखाई दे रहा है।

## मनरेगा खत्म करने की कोशिश में केंद्र : खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के आवंटन में कटौती करके इसे खत्म करने की कवायद में जुटी है, जो संविधान के खिलाफ अपराध है। उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार ने अब वर्ष के पहले 6 महीनों के लिए मनरेगा खर्च की सीमा 60 प्रतिशत तय कर दी है।

खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, मोदी सरकार गरीबों की जीवन-रेखा मनरेगा को तड़पा-तड़पा कर ख़त्म करने की कवायद में जुटी है। उन्होंने सवाल किया, क्या ऐसा मोदी सरकार केवल इसलिए कर रही है, क्योंकि वो गरीबों की जेब से 25,000 करोड़ रुपये छीनना चाहती है, जो हर साल अंत तक, मांग ज्यादा होने पर उसे अगले वित्तीय वर्ष में ख़र्च करने पड़ते हैं?

# बांग्ला भाषी भारतीयों को भाजपा बता रही बांग्लादेशी : ममता

कोलकाता, एजेंसी



- विस में प्रश्नकाल के दौरान बनर्जी ने भाजपा पर दमनात्मक कार्रवाई का लगाया आरोप

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को भाजपा पर आरोप लगाया कि वह बांग्ला भाषियों को निशाना बना रही है और यहां तक कि वैध दस्तावेज धारकों को भी बांग्लादेशी प्रवासी बता रही है। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान उस समय हंगामा शुरू हो गया, जब मुख्यमंत्री ने भाजपा-शासित राज्यों में बांग्ला भाषी लोगों के खिलाफ पार्टी द्वारा दमनात्मक कार्रवाई करने का आरोप लगाया।

बनर्जी ने कहा, आपको शर्म आनी चाहिए कि आप वास्तविक भारतीय नागरिकों को सिर्फ उनकी भाषा के आधार पर बांग्लादेशी बता रहे हैं। बांग्ला के साथ गुजराती, मराठी और हिंदी में बोलने में भी गर्व महसूस होना चाहिए। अगर आप मुझसे पूछें तो मैं इन सभी भाषाओं में बोल सकती हूं। उन्होंने कहा, एक ओर आप भारतीयों को बांग्लादेशी बता रहे हैं, दूसरी ओर आप इन लोगों को, जिनके पास मतदाता पहचान पत्र, पैन और आधार कार्ड हैं, अपने राज्यों में आजीविका कमाने के अधिकार से वंचित कर रहे हैं।

# सत्ता की मदहोशी से बचें, मंत्री की कुर्सी सेवा की चौकी

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को दी नसीहत

नर्मदापुरम (मप्र), एजेंसी



सांसदों और विधायकों को संबोधित करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को भाजपा की मध्यप्रदेश इकाई के नेताओं और कार्यकर्ताओं को सत्ता की मदहोशी से बचने की नसीहत देते हुए कहा कि उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि वे मूल रूप से जनसेवक हैं और मंत्री की कुर्सी 'सेवा की चौकी' है।

सिंह मध्यप्रदेश के दर्शनीय पर्यटन स्थल पचमढ़ी में आयोजित भाजपा के तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को इस आयोजन का उद्घाटन किया था। बैठक की जानकारी देने पहुंचे प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा से जब यह पूछा गया कि क्या राजनाथ सिंह ने नेताओं और कार्यकर्ताओं को 'सत्ता की मदहोशी' से बचने की सलाह देते हुए यह कहा है कि मंत्री की कुर्सी 'सेवा की चौकी' है। इसके जवाब में शर्मा ने कहा, आपने बिल्कुल ठीक कहा है। यही भाजपा की विशेषता है। भाजपा लगातार कैसे आगे बढ़ रही है, उसके पीछे इसकी बड़ी भूमिका है। सत्ता में आने के बाद भी हम एक कार्यकर्ता की भूमिका में रहते हैं। उन्होंने कहा, राजनाथ सिंह ने कहा कि वह आज भी वही कार्यकर्ता हैं। यही हमें आगे बढ़ाता है और कार्य करने की प्रेरणा देता है। शर्मा ने कहा कि इन मुद्दों पर भाजपा की एक विशिष्ट कार्यपद्धति है, इसलिए भाजपा लगातार आगे बढ़ रही है।

राजनाथ सिंह का यह बयान ऐसे समय आया है, भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में राज्य सरकार के मंत्री विजय शाह सहित कुछ अन्य नेताओं ने आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। कर्नल सोफिया 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर भारत के पक्ष को मीडिया के माध्यम से देश-दुनिया के सामने रखने वाली टीम का हिस्सा थीं। अपने संबोधन में राजनाथ सिंह ने विचार और मूल्यों की राजनीति पर जोर दिया और कहा कि आज भी भाजपा का कार्यकर्ता चुनाव हार सकता है, लेकिन विचार से नहीं हटता।

# लीड्स में जडेजा के साथ कुलदीप को खिलाना चाहिए : हरभजन

## इंग्लैंड में पहला टेस्ट 20 से, तीन तेज और दो स्पिनरों को खिलाने पर दिया जोर


कुलदीप यादव

नई दिल्ली, एजेंसी

दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए भारत की एकादश में रविंद्र जडेजा के साथ शामिल करने का समर्थन किया है। सीरीज का पहला मैच 20 जून को लीड्स में शुरू होगा। पारंपरिक रूप से लीड्स की पिच से स्पिनरों की तुलना में तेज गेंदबाजों को अधिक मदद मिलती है।

हरभजन ने सोमवार को 'पीटीआई वीडियोज' से कहा भारत को कुलदीप यादव को खिलाने पर विचार करना चाहिए। बेशक जडेजा उनके साथ गेंदबाजी करेंगे। इसलिए तीन तेज गेंदबाजों के साथ दो स्पिनर इस मैच के लिए एकदम सही जोड़ी होंगे। हरभजन ने बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप को किसी भी तरह की परिस्थितियों में संभावित मैच विजेता करार दिया। उन्होंने कहा देखते हैं कि क्या परिस्थितियां बदलती हैं और स्पिनरों को मदद मिलती है। लेकिन अगर ऐसा नहीं भी होता है तो भी मुझे लगता है कि ये दो सक्षम गेंदबाज हैं जो किसी भी पिच पर विकेट ले सकते हैं।


रवींद जडेजा।


हरभजन सिंह।

अपने अनुभव के आधार पर हरभजन ने 2002 में हेडिंग्ले में दो स्पिनरों को मैदान में उतारने के भारत के साहसिक फैसले को याद किया जब उन्होंने और अनिल कुंबले ने मिलकर 11 विकेट चटकाए थे। हरभजन ने कहा उस समय यह एक बहुत ही अनोखा फैसला था। पिच पर काफी घास थी लेकिन प्रबंधन ने फैसला किया कि हम दो स्पिनरों और दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरेंगे और संजय बांगड़ भी गेंदबाजी करेंगे। उन्होंने कहा हमने पांच सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों को चुना जो विकेट ले सकते थे। अंत में यही मायने रखता है। आपको उन गेंदबाजों का समर्थन करना चाहिए जो किसी भी परिस्थिति या किसी भी तरह की पिच पर विकेट ले सकते हैं।

शारदुल ठाकुर ने भारत की दो टीम के बीच हुए अभ्यास मैच में शतक बनाया और विकेट लिए तथा हरभजन का मानना है कि टीम में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के स्थान के लिए उनका पलड़ा नितीश रेड्डी पर भारी है। हरभजन ने कहा भारत को एक ऐसे गेंदबाज की जरूरत है जो थोड़ी बल्लेबाजी भी कर सके। भारत के पास नंबर सात तक बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ी हैं और नंबर आठ पर आपको यह देखना होगा कि कौन गेंदबाजी कर सकता है और आपके लिए विकेट ले सकता है तथा थोड़ी बल्लेबाजी भी कर सकता है। उन्होंने कहा मेरे हिसाब से यहीं पर शारदुल नितीश रेड्डी पर भारी पड़ेंगे। नितीश एक बेहतरीन बल्लेबाज हैं जो गेंदबाजी भी कर सकते हैं। लेकिन हमने उन्हें आईपीएल में ज्यादा गेंदबाजी करते नहीं देखा है। इस पूर्व स्पिनर ने कहा गंभीर भी हैं। वह काबिल कोच हैं। और मुझे यकीन है कि वह सही फैसला करेंगे। हरभजन ने सरफराज खान को टेस्ट टीम से बाहर किए जाने पर भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा यह दुर्भाग्यपूर्ण है... मैं उनका नाम टीम में नहीं देखकर थोड़ा हैरान हूं। मुझे यकीन है कि वह मजबूती से वापसी करेंगे। उनमें वापसी करने की इच्छाशक्ति है। मैं बस इतना कह सकता हूं कि निराश मत होना, आपको आज नहीं तो कल आपका हक मिलेगा... करुण नायर को देखिए। हरभजन ने कहा उन्होंने (नायर ने) इंग्लैंड के खिलाफ 300 रन बनाए और फिर उन्हें ज्यादा मौके नहीं मिले। अब वह टीम के साथ इंग्लैंड में वापस आ गए हैं।

## पूर्व क्रिकेटर बोले-भारत देगा कड़ी चुनौती


इंग्लैंड में अभ्यास मैच के दौरान भारतीय टीम। ● एजेंसी

**नई दिल्ली, एजेंसी :** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज **मैथ्यू हेडन** का मानना है कि अगर भारत लीड्स और मैनचेस्टर में मैच जीतने में सफल रहता है तो उसके पास इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट शृंखला जीतने का शानदार मौका होगा। वहीं दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज **डेल स्टेन** ने पांच मैच की सीरीज में मेजबान टीम को 3-2 से जीत का दावेदार बताया। भारत और इंग्लैंड पांच मैचों की शृंखला के साथ अपने नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत करेंगे। इस शृंखला का पहला मैच शुक्रवार से लीड्स में खेला जाएगा। मैनचेस्टर 23 जुलाई से चौथे टेस्ट की मेजबानी करेगा। हेडन ने जियो हॉटस्टार पर कहा मुझे नहीं लगता कि इंग्लैंड के गेंदबाज इतने अच्छे हैं। उसके कई गेंदबाज चोटिल हैं, और कई खिलाड़ी संन्यास ले चुके हैं। उसके लिए यही बड़ी चुनौती होगी। उन्होंने कहा उत्तरी इंग्लैंड में होने वाले टेस्ट मैच काफी महत्वपूर्ण होंगे। भारत अगर इन मैच में जीत हासिल कर लेता है तो वह सीरीज अपने नाम कर सकता है। भारत के इंग्लैंड के पिछले दौरे के बाद से मेजबान टीम के दो सबसे अनुभवी गेंदबाजों जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। यही नहीं इंग्लैंड के कुछ प्रमुख तेज गेंदबाज चोटिल हैं। तेज गेंदबाज मार्क वुड चोट के कारण कम से कम पहले तीन टेस्ट मैचों से बाहर हो गए हैं। उनके साथी तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भी शुरुआती मैच में नहीं खेल पाएंगे और गस एटकिंसन हैमस्ट्रिंग में खिंचाव से उबर रहे हैं। इस बीच भारत नए कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में मैदान पर उतरेगा। इस तरह से भारत रोहित शर्मा, विराट कोहली और आर अश्विन जैसे दिग्गजों के संन्यास के बाद एक नए युग की शुरुआत करेगा। स्टेन ने भारत को हारा हुआ नहीं माना, लेकिन इंग्लैंड को जीत का दावेदार बताया। उन्होंने कहा भारतीय टीम काफी युवा है। यह कहा जा सकता है कि इंग्लैंड शृंखला जीतने जा रहा है, लेकिन यह बिना संघर्ष के नहीं होने वाला है। मुझे लगता है कि एक या दो टेस्ट ऐसे होंगे जिन्हें भारत अपने नाम कर सकता है। दक्षिण अफ्रीका के इस क्रिकेटर ने कहा सभी मैच करीबी होंगे। लेकिन हर मैच का नतीजा निकलेगा।

## एक नजर


अमेरिका के ओकमोंट में ओकमोंट कंट्री क्लब में अमेरिकी ओपन गोल्फ टूर्नामेंट जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते हुए जेजे स्पाउन। ● एजेंसी

### जूनियर क्रिकेट में आयु निर्धारण के लिए अतिरिक्त अस्थि परीक्षण होगा

**नई दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक महत्वपूर्ण कदम के तहत जूनियर स्तर पर खिलाड़ियों का अतिरिक्त अस्थि परीक्षण (बोन टेस्ट) कराने का फैसला किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी खिलाड़ी अतिरिक्त सत्र खेलने से वंचित न रहे। मौजूदा मानदंडों के अनुसार खिलाड़ी टीडब्ल्यू3 विधि (अस्थि की उम्र का आकलन करने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला परीक्षण) के माध्यम से आयु निर्धारण के लिए अस्थि परीक्षण से गुजरता है। इसमें उसके उम्र का आकलन अस्थि परीक्षण की उम्र में एक जोड़कर किया जाता है। नियम में बदलाव के साथ हालांकि अंडर 16 लड़कों की श्रेणी में किसी क्रिकेटर को अगले सत्र में उसी आयु वर्ग में खेलने की अपनी पात्रता निर्धारित करने के लिए दूसरे अस्थि परीक्षण से गुजरना होगा।

### एफईआई ने भुगतान नहीं करने के कारण घुड़सवारी प्रतियोगिताएं रद्द की

**नई दिल्ली :** भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) द्वारा वैश्विक संचालन संस्था एफईआई को बकाया राशि का भुगतान नहीं किए जाने के कारण कम से कम 24 घरेलू और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट रद्द कर दिए गए हैं। यह घटना घुड़सवारों और देश में घुड़सवारी खेल के विकास को नुकसान पहुंचा सकती है। पता चला है कि ईएफआई को जनवरी से मार्च 2025 के बीच आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए एफईआई अधिकारियों को पारिश्रमिक और संबद्ध शुल्क के रूप में लगभग 27 लाख रुपये का भुगतान करना था। हालांकि गुटों में अंदरूनी लड़ाई के कारण महासंघ का खाता फ्रीज हो गया है जिसके कारण बकाया राशि का भुगतान नहीं हो पा रहा है और एफईआई को कैलेंडर से इन प्रतियोगिताओं को हटाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

### पैंथर्स ने अश्विन की टीम के खिलाफ गेंद से छेड़छाड़ के आरोप लगाए

**चेन्नई :** तमिलनाडु प्रीमियर लीग (टीएनपीएल) में आर अश्विन की अगुआई वाली डिंडीगुल ड्रैगन्स के खिलाफ सीचम मदुरै पैंथर्स ने गेंद से छेड़छाड़ के आरोप लगाए हैं। आयोजकों ने 'मैच खत्म होने के बाद और अटकलबाजी की तरह लग रहे' आरोपों के लिए सबूत पेश करने का निर्देश दिया है। पैंथर्स ने ड्रैगन्स पर 14 जून को सलेम में हुए मैच के दौरान 'केमिकल (रसायन) लगे तौलिये का इस्तेमाल' करके गेंद से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। यह समझा जाता है कि इन तौलियों को राज्य क्रिकेट संघ ने गेंद के गीला होने पर उसे पोंछने के लिए मुहैया कराया था। गेंद को सुखाने का काम मैदानी अंपायरों की मौजूदगी में किया गया।

# मेरे लिए साल 2022 अंधकारमय था

● **भारतीय बल्लेबाज करुण नायर का अश्विन को दिए इंटरव्यू में उभरा दर्द**

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारतीय बल्लेबाज करुण नायर के लिए बीते कुछ समय से घरेलू क्रिकेट में बड़े स्कोर का सिलसिला उनके करियर की सबसे बड़ी चुनौती से जुड़ा हुआ है लेकिन इस दायें हाथ के बल्लेबाज ने 'साल '2022' के अंत को अपने करियर का सबसे मुश्किल और अंधकारमय समय करार दिया।

नायर का आठ साल बाद भारतीय टेस्ट टीम में वापसी का सफर उनके जज्बे और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। पूर्व दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को दिये साक्षात्कार में इस 33 साल के बल्लेबाज ने कहा मेरे साथ जिस तरह की घटनाएं घटी उस संबंध में मैं कहूंगा कि 2022 का अंत काफी अंधकारमय था। मेरे लिए बहुत भावनात्मक दौर था। मुझे लगता है कि मेरे लिए यह सबसे कठिन समय था। 2018 से भी अधिक कठिन, सबसे मुश्किल दौर। टेस्ट क्रिकेट में वीरेंद्र सहवाग के अलावा भारत के एकमात्र तिहरे शतक लगाने वाले नायर अब शानदार वापसी की दहलीज पर हैं। इस बात की प्रबल संभावना है कि वह शुक्रवार को लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए भारत की एकादश का हिस्सा होंगे। नायर पहले से अधिक मजबूत बनकर उभरे हैं, लेकिन वह उस समय में वापस नहीं जाना चाहेंगे जब वह अक्सर इस बात पर हैरान होते थे कि 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट पदार्पण के बाद यादगार तिहरा शतक लगाने के बावजूद उन्हें कुछ मैचों के बाद ही टीम से बाहर क्यों कर दिया गया था। उन्होंने कहा, '' नहीं। मैं ईमानदारी से कहूं तो उस जगह पर नहीं रहना चाहता जहां मैं कुछ साल पहले था।'' उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि इस समय कम से कम मैं बहुत आभारी हूं। मैं शिकायत करने के उस दौर से आगे निकल चुका हूँ। मैं अपना जीवन जी रहा हूं और वही कर रहा हूं जो मुझे पसंद है। नायर ने कहा मैं उन सभी का बहुत आभारी हूँ जो कम से कम पिछले दो-तीन वर्षों में मेरी यात्रा का हिस्सा रहे हैं। मैंने चीजों को महत्व देना सीख लिया है। मैंने हर पल को महत्व देना सीख लिया है। नायर के लिए टेस्ट क्रिकेट में शानदार आगाज के बाद बिना किसी स्पष्टीकरण के भारतीय टीम बाहर होना हैरान करने वाला था। उन्होंने कहा ईमानदारी से कहूं तो मैं समझ नहीं पाया कि क्या हो रहा था। चेन्नई में 300 रन बनाने के बाद, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज थी और फिर टीम को 2017 में श्रीलंका के खिलाफ खेलना था।


करुण नायर। ● एजेंसी

### गौतम गंभीर मंगलवार को टीम से जुड़ेंगे



**नई दिल्ली :** परिवार में आपात स्थिति के कारण पिछले सप्ताह स्वदेश लौटने वाले भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट शृंखला से पहले मंगलवार को भारतीय दल से जुड़ेंगे। गंभीर की मां को दिल का दौरा पड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था। बीसीसीआई के एक सूत्र ने 'पीटीआई' से कहा उनकी मां की स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। गौतम (गंभीर) कल यहां से रवाना होने के बाद टीम से जुड़ेंगे। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने बेकेनहैम में भारत और भारत ए के बीच बंद स्टेडियम में खेले गए मैच में हिस्सा नहीं लिया था। उनकी अनुपस्थिति में सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने टीम की तैयारियों पर नजर रखी थी।

# मैंने वाशिंगटन सुंदर से प्रेरणा ली : साई सुदर्शन

बेकेनहैम (ब्रिटेन), एजेंसी



वाशिंगटन सुंदर का बहुत कम समय में आयु वर्ग से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट तक का शानदार सफर उनके युवा साथी बी साई सुदर्शन के लिए प्रेरणास्रोत रहा है। सुदर्शन 20 जून को लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण कर सकते हैं।

वाशिंगटन 2016 में जूनियर विश्व कप में भारत अंडर-19 के लिए विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेल रहे थे और इसके डेढ़ साल के अंदर उन्होंने 18 वर्ष के खिलाड़ी के रूप में भारत के लिए अपना पहला वनडे खेला। जब वह 20 वर्ष के थे तब 2021 में उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया तथा आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की जीत में अहम भूमिका निभाई। वाशिंगटन से दो साल जूनियर साई सुदर्शन ने बताया कि किस तरह से उनके इस सीनियर साथी के सफर ने उन्हें भारतीय टीम में शामिल होने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। साई सुदर्शन ने इंट्रा-स्क्वाड (टीम के बीच आपस में मैच) अभ्यास मैच के दौरान बीसीसीआई टीवी से कहा मैंने उनके साथ (जूनियर स्तर पर) कुछ मैच खेले हैं। इसलिए, यह हमेशा विशेष होता है।

# कोहली और मेरे बीच वर्चस्व की जंग चली, सचिन के साथ नहीं : एंडरसन

लंदन, एजेंसी



इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने अपने 21 साल के करियर के दौरान भारतीय दिग्गजों सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली के खिलाफ अपनी जंग का आनंद लिया लेकिन उन्हें कोहली को गेंदबाजी करना थोड़ा मुश्किल लगा। एंडरसन ने 2003 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था और पिछले सत्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहते हुए अपने शानदार करियर का अंत किया।

लंकाशर के इस खिलाड़ी को तेंदुलकर और कोहली दोनों के खिलाफ सफलता मिली। उन्होंने इन दोनों भारतीय सुपरस्टार को क्रमशः नौ और सात बार आउट किया। एंडरसन ने 'टॉकस्पोर्ट' से कहा कोहली के खिलाफ मुझे शुरुआत में कुछ सफलता मिली थी, जब वह पहली बार इंग्लैंड आए थे (2014 में)। मैंने इसका काफी फायदा उठाया, ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद उनकी कमजोरी थी, इसका काफी फायदा उठाया और फिर अगली बार जब मैं उनके खिलाफ खेला (2018 में) तो उन्होंने स्पष्ट रूप से उस पर काम किया और यह एक अलग खिलाड़ी को गेंदबाजी करने जैसा था।

हालांकि यह ध्यान देने योग्य है कि तेंदुलकर और कोहली अपने करियर के अलग-अलग चरण में थे जब उन्हें एंडरसन की चुनौती का सामना करना पड़ा जो 42 साल की उम्र में भी काउंटी क्रिकेट खेल रहे हैं।

# महिला वनडे विश्व कप का कार्यक्रम घोषित

● **भारत-पाकिस्तान की भिड़ंत पांच अक्तूबर को होगी**

दुबई , एजेंसी

आईसीसी ने भारत और श्रीलंका की मेजबानी में इस साल होने वाले महिला वनडे विश्व कप का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। इस वैश्विक टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत पांच अक्तूबर को कोलंबो के आर प्रेमादासा स्टेडियम में होगी।

हाइब्रिड मॉडल के तहत कोलंबो को तटस्थ स्थल रखा गया है। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत 30 सितंबर को बंगलूरू में श्रीलंका के खिलाफ होने वाले मैच से करेगी और इसके बाद उसका अगला मैच पाकिस्तान से होगा।

### भारत का कार्यक्रम



**30 सितंबर :** भारत बनाम श्रीलंका, बेंगलुरु।
**पांच अक्टूबर :** भारत बनाम पाकिस्तान, कोलंबो।
**नौ अक्टूबर :** भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका, विशाखापत्तनम।
**12 अक्टूबर :** भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया, विशाखापत्तनम।
**19 अक्टूबर :** भारत बनाम इंग्लैंड, इंदौर।
**23 अक्टूबर :** भारत बनाम न्यूजीलैंड, गुवाहाटी।
**26 अक्टूबर :** भारत बनाम बांग्लादेश, बेंगलुरु।

**पांच शहरों में होंगे मुकाबले :** यह वैश्विक टूर्नामेंट 30 सितंबर से शुरू होगा जिसका फाइनल मुकाबला दो नवंबर को खेला जाएगा। इसके मुकाबले भारत और श्रीलंका के पांच शहरों में होंगे जिसमें बेंगलुरु का एम चिन्नास्वामी, गुवाहाटी का एसीए स्टेडियम, इंदौर का होल्कर स्टेडियम, विशाखापत्तनम का एसीए-वीडीसीए स्टेडियम और कोलंबो का आर प्रेमादासा स्टेडियम शामिल है।

**आठ टीमें लेंगी भाग :** विश्व कप में आठ टीमें हिस्सा लेंगी जिसमें भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, बांग्लादेश और पाकिस्तान शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया इस टूर्नामेंट में गत चैंपियन के तौर पर उतरेगी। उसने 2022 में न्यूजीलैंड में खेले गए पिछले विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड को हराया था। ऑस्ट्रेलिया सात बार खिताब जीत चुकी है और वह टूर्नामेंट इतिहास की सबसे सफल टीम है। भारत पहले इसका इकलौता मेजबान था पर टूर्नामेंट के मैच अब बेंगलुरु, गुवाहाटी, इंदौर, विशाखापत्तनम और कोलंबो में खेले जाएंगे। कोलंबो को इसलिए जोड़ा गया है क्योंकि पाकिस्तान भारत नहीं आएगा।

# भारतीय निशानेबाजों ने किया शानदार प्रदर्शन

● **भारत ने म्यूनिख विश्व कप में दो स्वर्ण और दो कांस्य पदक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया**

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) के वार्षिक कैलेंडर में सबसे प्रतिष्ठित और चुनौतीपूर्ण टूर्नामेंटों में से एक म्यूनिख विश्व कप में अपने प्रदर्शन में सुधार कर दो स्वर्ण और दो कांस्य पदक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। पिछले चार विश्व कप में यह तीसरा मौका है जब भारत ने तालिका में तीसरा स्थान हासिल किया है।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के महासचिव के. सुल्तान सिंह ने कहा हमारे निशानेबाजों ने एक बार फिर से म्यूनिख विश्व कप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस आयोजन से पहले कहा जा रहा था कि भारत के लिए यह टूर्नामेंट चुनौतीपूर्ण होगा। इसमें बड़ी संख्या में खिलाड़ी भाग ले रहे थे जबकि हमारे कुछ सर्वश्रेष्ठ निशानेबाज इसमें नहीं खेल रहे थे। हमारे निशानेबाजों ने हालांकि यह साबित कर दिया कि भारतीय निशानेबाजी में विकल्प पहले से कहीं अधिक है। आर्या बोसरे और अर्जुन बबूता की मिश्रित जोड़ी ने ओलंपिक चैंपियन और विश्व रिकॉर्डधारी चीन की एस जीएल आई और वांग जी फी की जोड़ी को 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में हराकर बड़ा उलटफेर किया।

दो बार की ओलंपियन इलावेनिल वलारिवान (महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल) और ओलंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक सिफ्त कौर सामरा (महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन) ने भी म्यूनिख में कांस्य पदक जीतने वाले अपने प्रदर्शन से विश्व स्तरीय निशानेबाजों के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की। वलारिवान ने कांस्य पदक जीतने से पहले 635.9 के स्कोर के साथ नया क्वालीफिकेशन राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाया, जबकि सुरुचि ने महिला एयर पिस्टल में मनु भाकर के 588 के क्वालीफिकेशन राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की। प्रतियोगिता की 10 स्पर्धाओं में भी भारतीय खिलाड़ी सात के फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे। चीन चार स्वर्ण सहित सात पदकों के साथ तालिका में शीर्ष पर रहा। नार्वे दो स्वर्ण और एक रजत के साथ दूसरे स्थान पर रहा। व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट समूह सहित कुल 11 देशों ने म्यूनिख में पदक जीते।

### म्यूनिख विश्व कप


सुरुचि सिंह। ● एजेंसी

### हरियाणा की सुरुचि सिंह ने लगातार तीसरा स्वर्ण जीता

इस सत्र की शुरुआत से शानदार लय में चल रही पिस्टल निशानेबाज सुरुचि सिंह ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनावाया। हरियाणा की इस 19 साल की निशानेबाज ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में विश्व कप का अपना लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीता।

# एशियाई कप क्वालीफायर के लिए टीम घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी


चोटों के कारण तीन फारवर्ड खिलाड़ियों को खोने के बाद भारतीय सीनियर महिला फुटबाल टीम के मुख्य कोच क्रिस्पिन छेत्री ने सोमवार को एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया 2026 क्वालीफायर के लिए थाईलैंड जाने वाली 24 सदस्यीय टीम की घोषणा की। क्वालीफायर के लिए 23 खिलाड़ियों की अंतिम टीम की घोषणा पहले मैच से पूर्व की जाएगी।

भारतीय टीम को क्वालीफायर के ग्रुप बी में रखा गया है जहां उनका सामना मंगोलिया (23 जून), तिमोर लेस्ते (29 जून), इराक (दो जुलाई) और मेजबान थाईलैंड (पांच जुलाई) से होगा।

### टीम इस प्रकार है

**गोलकीपर :** एलंगबाम पंथोई चानू, मोइरांगथेम मोनालिशा देवी, पायल बसुदे। **डिफेंडर :** हेमाम सिल्की देवी, किरण पिस्दा, मार्टिना थोकचोम, नगंगबाम स्वीटी देवी, फंजौबाम निर्मला देवी, पूर्णिमा कुमारी, संजू, सोरोखैबम रंजना चानू। **मिडफील्डर :** अंजू तमांग, ग्रेस डांगमेई, कार्तिका अंगमुथु, नोंगमैथेम रतनबाला देवी, प्रियदर्शिनी सेलादुरई, संगीता बासफोर। **फारवर्ड :** लिंडा कोम सर्टो, मालविका पी, मनीषा कल्याण, मनीषा नाइक, प्यारी शाशा, रिम्पा हलदर और सौम्या गुगुलोथ।

## गेम चेंजर



डीआरडीओ और आईआईटी दिल्ली ने 1 किमी की सीमा में क्वांटम एंटैंगलमेंट आधारित फ्री स्पेस क्वांटम सुरक्षित संचार का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया। इसे क्वांटम साइबर सुरक्षा और सुरक्षित संचार में एक बड़ी सफलता बताया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस विकास को भविष्य के युद्ध में गेम चेंजर करार दिया। एजेंसी

# कई मुश्किलों में डाल सकती है एक रात की खराब नींद



जब भी आप अपने फोन पर स्क्रॉल करते हुए, ईमेल का जवाब देते हुए या सिर्फ एक और एपिसोड देखते हुए बहुत देर तक जागते रहते हैं, अगली सुबह, आप खुद को सुस्त और चिड़चिड़ा महसूस करते हैं। मीठी पेस्ट्री या चिकनाईपूर्ण नाश्ता अचानक आपको सामान्य दही और जामुन की तुलना में अधिक आकर्षक लगने लगता है। यह सिर्फ इच्छा के कारण नहीं होता बल्कि आपका मस्तिष्क जिसे ठीक से आराम नहीं मिला है, वह आपको त्वरित और हाई कैलोरी खाद्य जरूरतों की ओर प्रेरित करता है। एक शोध से पता चलता है कि अपर्याप्त नींद सिर्फ भूख के संकेतों को बाधित नहीं करती बल्कि आत्म-नियंत्रण को कमजोर करती है और ग्लूकोज चयापचय को खराब करती है जिससे वजन बढ़ने का खतरा बढ़ जाता है। ये परिवर्तन एक रात की खराब नींद के बाद भी हो सकते हैं। अगर ध्यान न दिया जाए तो समय के साथ ज्यादा नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### नींद की कमी से लाखों लोग प्रभावित

नींद की कमी लाखों लोगों को प्रभावित करती है। रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्रों के अनुसार अमेरिका के एक तिहाई से अधिक वयस्क नियमित रूप से रात में सात घंटे से कम नींद लेते हैं। लगभग तीन-चौथाई किशोर स्कूल जाने के दौरान 8-10 घंटे की नींद से वंचित रह जाते हैं जो उनके लिए जरूरी है। नर्सों जैसे आपातकालीन कर्मचारी और रात में काम करने वाले भी इसी असुरक्षा से गुजरते हैं। ये पैटर्न शरीर की आंतरिक घड़ी को बाधित करते हैं और बढ़ती लालसा, खराब खाने की आदतों और मोटापे और चयापचय रोग के बढ़ते जोखिम से जुड़े होते हैं। हालांकि कुछ रातों की लगातार और उच्च गुणवत्ता वाली नींद भी प्रमुख प्रणालियों को पुनर्संतुलित कर सकती है।

### भूख के हार्मोन होते हैं बाधित

शरीर दो प्रमुख हार्मोनों से भूख को नियंत्रित करता है। घ्रेलिन जो मुख्य रूप से पेट में उत्पन्न होता है और संकेत देता है कि आप भूखे हैं, लेप्टिन जो वसा कोशिकाओं में उत्पन्न होता है और मस्तिष्क को बताता है कि आपका पेट भर गया है। एक रात की प्रतिबंधित नींद से ही घ्रेलिन का स्राव बढ़ जाता है और लेप्टिन कम हो जाता है। इससे अधिक भूख लगती है और खाने के बाद संतुष्टि कम हो जाती है।

### नींद आपका मेटाबोलिक रीसेट बटन

ऐसी संस्कृति जो भागदौड़ और देर रात तक जागने को बढ़ावा देती है, उसमें नींद को वैकल्पिक माना जाता है लेकिन आपका शरीर इसे इस तरह नहीं देखता है। नींद सक्रिय और आवश्यक मरम्मत है। यह तब होता है जब आपका मस्तिष्क भूख और इनाम संकेतों को पुन: व्यवस्थित करता है, आपके हार्मोन रीसेट हो जाते हैं और आपका चयापचय स्थिर हो जाता है। इसका आपके शरीर और मानसिक स्वास्थ्य पर व्यापक प्रभाव पड़ता है।

### इतने दुष्प्रभाव

- अध्ययनों से पता चलता है कि सिर्फ एक रात की नींद की कमी से प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स की गतिविधि कम हो जाती है जो निर्णय लेने और आवेग नियंत्रण के लिए जिम्मेदार है।
- आपका मस्तिष्क जंक फूड के प्रति ज्यादा लालायित हो जाता है और इसका विरोध करने में कम सक्षम हो जाता है। उच्च कैलोरी वाले खाद्य पदार्थों की जरूरत महसूस होने लगती है।
- चयापचय धीमा हो जाता है, जिससे वसा भंडारण बढ़ जाता है। ब्लड शुगर नियंत्रण के लिए नींद भी महत्वपूर्ण है। आंशिक नींद इंसुलिन संवेदनशीलता को 25% तक कम कर सकती है।

## एक नजर

### कांगो में भारी बारिश से 29 लोगों की मौत

**किंशासा।** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य की राजधानी किंशासा में भारी बारिश के कारण कम से कम 29 लोगों की मौत हो गई है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि शुष्क मौसम में असामान्य बारिश के कारण भारी नुकसान हुआ, सड़कें जलमग्न हो गईं, बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा और बड़े पैमाने पर बिजली और पानी की आपूर्ति बाधित हुई। गवर्नर डैनियल बुम्बा ने कहा कि लोगों को निकालने और अस्थायी पुनर्वास के प्रयास जारी हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों से आपदा जागरूकता बढ़ाने और निवारक उपाय करने का भी आग्रह किया।

### ब्राजील: गर्म हवा का गुब्बारा फटने से महिला की मौत

**साओ पाउलो।** दक्षिण-पूर्वी ब्राजील के साओ पाउलो में पर्यटकों को ले जा रहा एक गर्म हवा का गुब्बारा (हॉट एयर बैलून) के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 26 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। सैन्य पुलिस ने बताया कि जब गुब्बारा इपेरो के पास कैपेला डू ऑल्टो शहर के ग्रामीण इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुआ तब उसमें लगभग 35 लोग सवार थे। समाचार चैनल ग्लोबोन्यूज़ ने बताया कि गुब्बारे के पास पर्यटन उद्देश्यों के लिए उड़ाने का लाइसेंस नहीं था। दुर्घटना के बाद पायलट को गिरफ्तार कर लिया गया।

### बलूचिस्तान में विस्फोट के बाद महत्वपूर्ण रेलमार्ग बंद

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में सोमवार को बम विस्फोट होने से एक रेलवे कर्मचारी घायल हो गया और सबसे महत्वपूर्ण रेलमार्गों में एक पर यातायात स्थगित करना पड़ा। एक अधिकारी ने बताया कि उत्तर पश्चिम प्रांत में माच और आब-ए-गम क्षेत्र को जोड़ने वाले रेलमार्ग को निशाना बनाकर यह विस्फोट किया गया जिससे यातायात बाधित हो गया। पाकिस्तान रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह विस्फोट राष्ट्रीय परिवहन ढांचे को नुकसान पहुंचाने के मकसद से की गयी आतंकवादी हरकत जान पड़ती है।

### कोच्चि हवाई अड्डे के पास ड्रोन-ग्लाइडर पर पाबंदी

**कोच्चि।** अधिकारियों ने गंभीर सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए सोमवार को कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पांच किलोमीटर के दायरे में ड्रोन, लेजर बीम और अन्य हवाई उपकरणों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया। यह आदेश एर्नाकुलम के डीएम एनएसके उमेश ने हवाई अड्डे के निदेशक और ग्रामीण पुलिस प्रमुख की रिपोर्ट के बाद लिया गया है, जिन्होंने रनवे और संपर्क मार्गों के पास अनधिकृत उड़ान गतिविधि को चिह्नित किया था।

# खामेनेई परिवार के साथ बंकर में छिपे

## ईरान ने कहा- पश्चिम एशिया को खतरे में डाल दिया है इजरायल को अमेरिका के समर्थन ने

**तेहरान, एजेंसी**

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई अपने परिवार के साथ तेहरान के पूर्वोत्तर भाग में स्थित लाविजान में एक बंकर में भूमिगत हो गए है। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार खामेनेई के पुत्र मुज्तबा भी उनके साथ हैं। इस बीच ईरानी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि इजरायल को अमेरिका के समर्थन ने पश्चिम एशिया को खतरे में डाल दिया है।

खामेनेई के साथ उनके दूसरे पुत्र मसूद और मुस्तफा नहीं हैं। खामेनेई के भूमिगत होने की सूचना इजरायल की ओर से किए गए हवाई हमले के जवाब में ईरान की ऑपरेशन ट्रू फेज 1 और ट्रू फेज 2 की सैन्य कार्रवाई के बाद आई है। इस अभियान के तहत ईरान ने इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर मिसाइल हमले किए थे। इससे पहले इजरायल ने रविवार को 'ऑपरेशन राइजिंग लायन' के तहत 2,300 किलोमीटर दूर स्थित मशहद शहर को निशाना बनाया था। यह हमला ईरानी नेता को यह चेतावनी देने के लिए किया गया था कि वह कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं।

इस बीच ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघई ने कहा है कि इजरायल के लिए अमेरिका के समर्थन ने पश्चिम एशिया और दुनिया की सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है। बाघई ने कहा, जिस समय इजरायल ने आक्रमण किया, उस समय हम एक कूटनीतिक प्रक्रिया में लगे हुए थे। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा कृत्य है, जिसकी अमेरिकी सहयोग के बिना कल्पना भी नहीं की जा सकती है। इसने कूटनीतिक और बातचीत की प्रक्रिया को निरर्थक बना दिया है।

उन्होंने कहा कि ईरान को उम्मीद है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद इजरायल के खिलाफ 'बाध्यकारी' प्रस्तावों को अपनाएगा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आग्रह किया है कि पहले कदम के रूप में इजरायल के हवाई हमलों को आक्रमण की संज्ञा दी जाए।



इजरायल के तेल अवीव में ईरान के मिसाइल हमले के बाद उठता धुएं का गुबार।

### ईरान के सरकारी टीवी स्टूडियो पर इजरायल का हमला, लाइव बुलेटिन छोड़कर भागी एंकर

**तेल अवीव।** ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी ने सोमवार को बताया कि इजरायली हमले के बाद सरकारी टेलीविजन ने सीधा प्रसारण रोक दिया। प्रसारण के दौरान ईरानी सरकारी टेलीविजन की एंकर ने कहा, मातृभूमि के खिलाफ आक्रमकता की आवाजों के आने के बाद स्टूडियो धूल से भर गया था। अचानक एक विस्फोट हुआ, जिससे उनके पीछे की स्क्रीन कट गई। वह कैमरे पर लाइव बुलेटिन छोड़कर दूर भागीं। इसके बाद पहले से रिकॉर्ड किए गए कार्यक्रमों का प्रसारण होने लगा। एक घंटे पहले इजरायल ने ईरान की राजधानी के उस क्षेत्र को खाली करने की चेतावनी जारी की थी जहां टीवी स्टूडियो स्थित हैं।

### इजरायल ने अमेरिकी दावे को किया खारिज

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी अधिकारियों के उस दावे को खारिज किया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि इजरायल ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई को मारना चाहता था लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप ने उसे ऐसा करने से रोक दिया। हालांकि नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल के हमलों ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लंबे समय के लिए पीछे धकेल दिया है। इजरायल का उद्देश्य ईरान सरकार को गिराना नहीं है लेकिन हमलों के परिणामस्वरूप ऐसा होता है तो उन्हें हैरानी नहीं होगी।

### ईरान के मुख्य परमाणुस्थल में रेडियोधर्मी, रासायनिक प्रदूषण की चेतावनी

**वियना।** अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख ने सोमवार को कहा कि इजराइली हमलों के बाद नतांज स्थित ईरान के मुख्य परमाणु संवर्धन संयंत्र में रेडियोधर्मी और रासायनिक दोनों तरह के प्रदूषण की आशंका है, हालांकि परिसर के बाहर विकिरण का स्तर फिलहाल सामान्य है। आईएईए के महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रॉसी ने कहा कि अगर यूरेनियम सांस के साथ शरीर के अंदर जाए तो विकिरण एक बड़ा खतरा बन सकता है। उन्होंने कहा कि उचित सुरक्षात्मक उपायों, जैसे कि परमाणु संयंत्रों के अंदर श्वसन सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करके जोखिम से प्रभावी ढंग से निपटा जा सकता है। ग्रॉसी ने कहा, नतांज स्थल के बाहर रेडियोधर्मिता का स्तर अपरिवर्तित और सामान्य स्तर पर बना हुआ है, जो दर्शाता है कि इस घटना से आबादी या पर्यावरण पर कोई बाहरी रेडियोधर्मी प्रभाव नहीं पड़ा है।

# तकनीकी समस्या के बाद एअर इंडिया का विमान हांगकांग लौटा

**मुंबई, एजेंसी**

एअर इंडिया के एक बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान के दिल्ली के लिए उड़ान भरने के एक घंटे के भीतर उसमें तकनीकी समस्या का संदेह होने के बाद सोमवार को उसे हांगकांग लौटना पड़ा। एयरलाइन के मुताबिक उड़ान संख्या एआई 315 हांगकांग में सुरक्षित तरीके से उतरी और सभी यात्री भी उसमें से उतर चुके हैं। विमान का निरीक्षण किया जा रहा है।

उड़ान हांगकांग से स्थानीय समयानुसार दोपहर 12.16 बजे रवाना हुई और इसे भारतीय समयानुसार दोपहर 12.20 बजे दिल्ली में उतरना था। यह उड़ान लगभग 3.5 घंटे की देरी से रवाना हुई थी। एअर इंडिया ने कहा, सोलह जून 2025 को हांगकांग से दिल्ली के लिए प्रस्थान करने वाली उड़ान संख्या एआई315 तकनीकी समस्या के कारण उड़ान भरने के कुछ समय बाद हांगकांग लौट गई। विमान हांगकांग में सुरक्षित रूप से उतरा और एहतियात के तौर पर इसकी जांच की जा रही है। यात्रियों को जल्द से जल्द उनके गंतव्य दिल्ली तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की योजना बनाई गई है।

हवाई अड्डा प्राधिकरण हांगकांग के प्रवक्ता ने कहा, एअर इंडिया की हांगकांग से नई दिल्ली के लिए उड़ान, एआई315, हांगकांग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लौट गई। उसने सोमवार अपराह्न एक बजे 'लोकल स्टैंडबाई' का अनुरोध किया। विमान अपराह्न 1.15 बजे सुरक्षित रूप से उतरा। हवाई अड्डे का परिचालन प्रभावित नहीं हुआ।

### बम की धमकी पर फ्रैंकफर्ट लौटा विमान

**लंदन/हैदराबाद।** हैदराबाद आ रहे लुफ्थांसा विमान को बम की धमकी मिलने के बाद फ्रैंकफर्ट हवाई अड्डे पर लौटना पड़ा। हालांकि उसने फिर उड़ान भरी है, सोमवार रात इसके हैदराबाद में उतरने का कार्यक्रम है। विमानन कंपनी लुफ्थांसा ने कहा, विमान के रात 11:18 बजे उतरने की उम्मीद है। रविवार को वापस लौटी उड़ान हैदराबाद आ रही थी। बम की धमकी के कारण इसे वापस जाना पड़ा तथा यात्रियों के लिए रात भर ठहरने की व्यवस्था की गई।

# गाजा में खाद्य वितरण केंद्रों के निकट गोलीबारी, 38 मरे



इजरायली गोलाबारी से तबाह हुई इमारतों को देखते फलस्तीनी।

**गाजा पट्टी, एजेंसी**

गाजा के क्षेत्र के दक्षिणी हिस्से में खाद्य वितरण केंद्रों के पास हुई गोलीबारी में 38 फलस्तीनी मारे गए। यह घटना उस वक्त हुई जब हजारों फलस्तीनी लोग खाद्य वितरण केंद्रों तक पहुंचने के लिए इजराइली सैन्य-नियंत्रित क्षेत्रों से गुजर रहे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि इजराइली सैनिकों ने भीड़ को नियंत्रित करने के प्रयास में गोलियां चलाईं। खाद्य वितरण केंद्रों के आसपास इजराइल सेना की यह अब तक की सबसे भीषण गोलीबारी है। गोलीबारी में हुई मौतों पर इजराइली सेना ने फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की है। सेना ने पूर्व में भी कहा था कि सैनिकों ने अपने ठिकानों की ओर आने वाले संदिग्धों पर चेतावनी के तौर पर गोलियां चलाईं।

# अपहरण के केस में तमिलनाडु के एडीजीपी गिरफ्तार

**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट ने अपहरण के एक मामले में एडीजीपी रैंक के एक अधिकारी को गिरफ्तार करने का सोमवार को मौखिक निर्देश दिया तमिलनाडु पुलिस कुछ ही मिनटों बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

न्यायमूर्ति पी. वेलमुरुगन ने यह निर्देश विधायक एम. जगनमूर्ति की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया, जिन्हें गिरफ्तारी की आशंका थी। वह किल्वैथिनंकुप्पम सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। एडीजीपी एचएम जयराम को अदालत से बाहर आते ही गिरफ्तार कर लिया गया। सोमवार को जब मामला सुनवायी के लिए आया, तो न्यायाधीश ने पुथिया भारतम काची के नेता मूर्ति और एडीजीपी जयराम को दोपहर में अदालत में पेश होने के लिए समन किया। जयराम की कार अपहरण में इस्तेमाल होने का आरोप है।

# जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए साइप्रस से कनाडा रवाना हुए पीएम मोदी

- प्रधानमंत्री की पिछले एक दशक में कनाडा की पहली यात्रा

**निकोसिया, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साइप्रस की अपनी यात्रा संपन्न करने के बाद सोमवार को जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए कनाडा रवाना हो गए। इस दौरान उन्होंने साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ व्यापक वार्ता की और दोनों देशों के संबंधों को बढ़ावा देने के लिए कई मुद्दों पर चर्चा की।

मोदी तीन देशों साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया की चार दिवसीय यात्रा पर हैं। विदेश मंत्रालय ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री मोदी ने साइप्रस की यादगार यात्रा सम्पन्न की। मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने साइप्रस के राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस और लोगों को उनकी असाधारण गर्मजोशी और आतिथ्य के लिए धन्यवाद दिया। 'एक्स' पर पोस्ट में कहा गया है, 'जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए कनाडा के लिए रवाना।'

मोदी कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के निमंत्रण पर अपनी यात्रा के दूसरे चरण के तहत रात को कैलगरी पहुंचेंगे, जहां वह कनानास्किस में जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। यह मोदी की एक दशक में कनाडा की पहली यात्रा है। प्रधानमंत्री मोदी लगातार छठी बार जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए सम्मेलन में शामिल हो रहे हैं। रविवार को साइप्रस के राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस ने लार्नाका हवाई अड्डे पर मोदी का स्वागत किया।



कनाडा रवाना होने से पहले साइप्रस में प्रधानमंत्री मोदी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

# ट्रंप का निर्देश प्रदर्शनकारियों को पकड़कर वापस भेजें

**वाशिंगटन।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस और अन्य प्रमुख शहरों में आव्रजन नीति के खिलाफ बड़े पैमाने पर प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संघीय आव्रजन अधिकारियों को डेमोक्रेटिक पार्टी के शासन वाले राज्यों से निर्वासन को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन अधिकारियों से इतिहास के सबसे बड़े सामूहिक निर्वासन अभियान के बेहद महत्वपूर्ण लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरी क्षमता से काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य को हासिल करने के लिए अधिकारियों को लॉस एंजिलिस, शिकागो और न्यूयॉर्क जैसे बड़े शहरों में अवैध विदेशियों को हिरासत में लेने और उन्हें निर्वासित करने के प्रयासों में तेजी लाने को कहा।

# डीएनए मिलान से 119 मृतकों की पहचान

- दो दिन में डीएनए मिलान की प्रक्रिया पूरी होने की उम्मीद
- राजकीय सम्मान के साथ हुआ रूपाणी का अंतिम संस्कार

**अहमदाबाद, एजेंसी**

अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना के चार दिन बाद अब तक डीएनए मिलान से 119 मृतकों की पहचान कर ली गई है। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी समेत 64 लोगों के शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए। राजकोट में राजकीय सम्मान के साथ रूपाणी का अंतिम संस्कार किया गया।

एक अधिकारी ने उम्मीद जताई कि सभी मृतकों के डीएनए मिलान की प्रक्रिया मंगलवार शाम या बुधवार सुबह तक पूरी हो जाएगी। रूपाणी उन 242 लोगों में शामिल थे जो बृहस्पतिवार दोपहर लंदन जा रहे एअर इंडिया के उस विमान में सवार थे जो क्रैश हो गया था। पूर्व मुख्यमंत्री रुपाणी के पार्थिव शरीर को सिविल अस्पताल में उनकी पत्नी अंजलि रुपाणी को सौंप दिया गया। अब तक कुल 64 शव परिजनों के सुपुर्द किए जा चुके हैं।

रूपाणी के अंतिम संस्कार से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई नेताओं ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। भाजपा के दिवंगत नेता को उनके गृहनगर में अंतिम विदाई देने के लिए हजारों लोग एकत्रित हुए। रूपाणी का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ श्मशान घाट पर किया गया और उन्हें 21 तोपों की सलामी दी गई। रूपाणी का पार्थिव शरीर फूलों से सजे वाहन में हवाई अड्डे से उनके घर और फिर श्मशान घाट तक ले जाया गया। यह यात्रा कई किमी लंबी थी।



विजय रूपाणी को श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुचे गृहमंत्री अमित शाह।

**अहमदाबाद विमान हादसा** चार दिन से अहमदाबाद में डेरा डाले हुए हैं देश भर से आए हादसे में मारे गए लोगों के परिजन

# सदमे में डूबे परिजनों को और बेहाल कर रहा शवों के लिए इंतजार

## डीएनए जांच में देरी, हादसे वाले ही दिन सैंपल देने के बाद भी कई लोगों को नहीं मिले शव

**अहमदाबाद, एजेंसी**

अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान हादसे में अपनों को खोने के सदमे के बीच कई पीड़ितों के परिवारों को उनके शवों को लेने में काफी लंबा इंतजार करना पड़ रहा है और वे चार दिन से यहां डेरा डाले हुए हैं। इनमें वह लोग भी शामिल हैं जिन्होंने 12 जून को हादसे वाले दिन ही डीएनए जांच के लिए अपना नमूना दे दिया था ताकि उसका मिलान कर मृतक की शिनाख्त की जा सके।

इन लोगों को 72 घंटे का इंतजार करने के लिए कहा गया था और यह समयसीमा रविवार को बीत गई। विशेषज्ञों का कहना है कि इतनी बड़ी संख्या में डीएनए के नमूनों के मिलान में वक्त लग सकता है। चालक दल की सदस्य रोशनी सोंघारे की रिश्तेदार पूजा सुखदरे ने सोमवार को कहा, हम कल डीएनए संग्रह केंद्र गए थे, लेकिन हमें बताया गया कि हमारे नमूने का अभी मिलान नहीं किया गया है। सुखदरे, सोंघारे के पिता और भाई के साथ त्रासदी के बाद से यहां हैं। सोंघारे का परिवार महाराष्ट्र के ठाणे जिले के डोंबिवली में रहता है।

यही स्थिति चालक दल की सदस्य मैथिली पाटिल के रिश्तेदारों की भी है, जो नवी मुंबई के न्हावा के निवासी हैं और दुर्घटना के बाद 12 जून को यहां पहुंचे थे। गुजरात के कच्छ में राजमिस्त्री और बढ़ई का काम करने वाले 32 वर्षीय अनिल खिमानी के रिश्तेदार भी घटना के बाद से अहमदाबाद में डेरा डाले हुए हैं। खिमानी विमान में सवार थे। खिमानी का रिश्तेदार बताने वाले मनसुख ने बताया कि उनके पिता ने डीएनए मिलान के लिए नमूना 12 जून को दिया था।

आकाश पटानी (15) का परिवार भी उसके शव के लिए इंतजार कर रहा है। हादसे के समय वह बी जे मेडिकल कॉलेज के आवासीय परिसर में अपनी मां की चाय की दुकान के बगल में चारपाई पर आराम कर रहा था। दुर्घटना और उसके बाद लगी आग का प्रभाव इतना भयानक था कि पटानी को भागने का मौका ही नहीं मिला और उसकी जलने से मौत हो गई।



हादसे में मारी गई मुंबई की साइनिता चक्रवर्ती का शव सोमवार को घर लाया गया।

### उच्चस्तरीय समिति ने हादसे के कारणों पर विचार किया

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद विमान दुर्घटना की जांच के लिए केंद्र सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय बहु-विषयक समिति ने इस हादसे के लिए जिम्मेदार विभिन्न संभावित कारणों पर सोमवार को विचार-विमर्श किया। केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन की अध्यक्षता वाली समिति ने इस बारे में विभिन्न हितधारकों की राय सुनी और भविष्य में ऐसी दुर्घटना की पुनरावृत्ति रोकने के लिए किए जाने वाले उपायों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने बताया कि बैठक में जोर विमान दुर्घटना के संभावित कारणों का विश्लेषण करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए एसओपी तैयार करने पर था।